चन्द्र-संस्कृत-व्याकरणम्

नेमिचन्द्र शास्त्री

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

चन्द्र-संस्कृत-व्याकरणम्

Karma Healing Center
For "Yoking Together"
2007
Kathmandu, Nepal

नेमिचन्द्र शास्त्री

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलौर,
वाराणसी, पुणे, पटना

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रथम संस्करण : १९६८
पुनर्मुद्रण : दिल्ली, २००२

© मोतीलाल बनारसीदास

मोतीलाल बनारसीदास
४१ यू०ए० बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
८ महालक्ष्मी चैम्बर, २२ भुलाभाई देसाई रोड, मुम्बई ४०० ०२६
२३६ नाइंथ मेन III ब्लाक, जयनगर, बंगलौर ५६० ०११
सनाज प्लाजा, १३०२ बाजीराव रोड, पुणे ४११ ००२
१२० रायपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, चेन्नई ६०० ००४
८ केमेक स्ट्रीट, कोलकाता ७०० ०१७
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
चौक, वाराणसी २२१ ००१

मूल्य : रु० ९५

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड, दिल्ली ११० ००७
द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस,
ए-४५ नारायणा, फेज-१, नई दिल्ली ११० ०२८ द्वारा मुद्रित

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

विषयानुक्रमणी

अध्याय	विषय	पृष्ठ
प्रथम—	वर्णविचार और संज्ञाप्रकरण	१–८
द्वितीय—	सन्धिविचार	९–२८
	णत्वविधान	२८–३०
	षत्वविधान	३०–३२
तृतीय —	सुबन्तप्रकरण या शब्दरूप	३३–७५
चतुर्थ—	स्त्रीप्रत्यय	७६–८९
	अव्ययप्रकरण	८९–९५
पञ्चम—	कारकविचार	९६–१११
	समासप्रकरण	११२–१२८
षष्ठ –	तद्धित प्रत्यय	१२९–१५२
सप्तम—	क्रियाविचार	१५३-१५८
	भ्वादि प्रकरण	१५९–१९५
	अदादि ,,	१९५–२०८
	जुहोत्यादि ,,	२०८–२१४
	दिवादि ,,	२१४–२१९
	स्वादि ,,	२१९–२२४
	तुदादि ,,	२२४–२३४
	रुधादि ,,	२३४–२४१

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अध्याय	विषय	पृष्ठ
	क्र्यादि प्रकरण	२४१–२४६
	चुरादि ,,	२४६–२५०
	अवशिष्ट लकारों के रूप	२५०–२७३
अष्टम—	प्रत्ययान्त धातु प्रकरण	२७४–२९१
नवम—	कृदन्त प्रकरण	२९२–३०३

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

चन्द्र-संस्कृत-व्याकरणम्

प्रथमोऽध्यायः

वर्णविचार और संज्ञाप्रकरण

व्याकरण—"व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दाः अनेन"—जिसके द्वारा शब्दों की व्युत्पत्ति बतलायी जाय, वह व्याकरण-शास्त्र है। वि और आ उपसर्ग पूर्वक 'कृञ्' धातु से ल्युट् प्रत्यय करने पर व्याकरण शब्द बनता है; जिसका अर्थ है, वह शास्त्र, जिसके द्वारा शब्द बनाये जायें। इसी कारण व्याकरण को शब्द-शास्त्र भी कहते हैं। पाणिनि ने व्याकरण का उद्देश्य भाषा का विश्लेषण करना माना है। इनके मत से इसके चार तत्त्व हैं—नाम, आख्यात—धातु, उपसर्ग और निपात—अव्यय। संक्षेप में उन नियमों के समूह को व्याकरण कहा जाता है, जिनके द्वारा शब्दों के टुकड़े-टुकड़े कर उनका निरीक्षण किया जाता है।

वर्णविचार—व्याकरण का वह अंश है, जिसमें वर्णों के स्वरूप, आकार, भेद-प्रभेद, उच्चारण स्थान और उनके संयोग से बने शब्द-विन्यासों के नियमों का प्रतिपादन होता है।

वर्ण—भाषा की मूल ध्वनियों और उन ध्वनियों के प्रतीक स्वरूप लिखित चिह्नों को वर्ण कहते हैं।

अक्षर—स्वर और वे व्यञ्जन, जिनमें स्वर लगे हुए हैं; अक्षर कहलाते हैं; जैसे अ, आ, इ ई आदि स्वर तथा का, कि, की आदि स्वरान्तव्यञ्जन अक्षर हैं।

वर्ण और अक्षर में अन्तर—वर्ण और अक्षर में यह अन्तर है कि वर्ण मूल ध्वनियों के उच्चरित रूप और उनके लिखित चिह्नमात्र हैं तथा उनके खण्ड नहीं हो सकते हैं, पर अक्षरों में स्वर और व्यञ्जनों के भेद से खण्ड हो जाते हैं। जैसे—क=क्+अ, ख=ख्+अ, चा=च्+आ, नी=न्+ई इत्यादि अक्षर हैं। साधारणतः वर्ण और अक्षर का व्यवहार एक ही अर्थ में किया जाता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वर्ण-क्रम—संस्कृत में वर्णों का बोध कराने के लिए निम्नलिखित चौदह सूत्र प्रसिद्ध हैं:—(१) अइउण् (२) ऋलृक् (३) एओङ् (४) ऐऔच् (५) हयवरट् (६) लण् (७) ञमङणनम् (८) झभञ् (९) घढधष् (१०) जबगडदश् (११) खफछठथचटतव् (१२) कपय् (१३) शषसर् (१४) हल् ।

इन चतुर्दश सूत्रों के आदि और अन्त्य वर्णों के योग से प्रत्याहार बनते हैं। पाणिनि व्याकरण में प्रत्याहारों का ही उपयोग किया गया है। कुल ४२ प्रत्याहार हैं:—

१. अक्—अ इ उ ऋ लृ ।

२. अच्—अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ।

३. अण्—अ इ उ ।

४. अट्—अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ।

५. अण्—अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ।

६. अम्—अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न ।

७. अल्—अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह ।

८. अश्—अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ।

९. इक्—इ उ ऋ लृ ।

१०. इच्—इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ।

११. इण्—इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ ह य व र ल ।

१२. उक्—उ ऋ लृ ।

१३. एङ्—ए ओ ।

१४. एच्—ए ओ ऐ औ ।

१५. ऐच्—ऐ औ ।

१६. खय्—ख फ छ ठ थ च ट त क प ।

१७. खर्—ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ।

१८. ङम्—ङ ण न ।

१९. चय्—च ट त क प ।

२०. चर्—च ट त क प श ष स ।

२१. छव्—छ ठ थ च ट त ।

२२. जश्—ज ब ग ड द ।

२३. झय्—झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

२४. झर्—झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स।
२५. झल्—झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।
२६. झश्—झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द।
२७. झष्—झ भ घ ढ ध।
२८. बश्—ब ग ड द।
२९. भष्—भ घ ढ ध।
३०. मय्—म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प।
३१. यञ्—य व र ल ञ म ङ ण न झ भ।
३२. यण्—य व र ल।
३३. यम्—य व र ल ञ म ङ ण न।
३४. यय्—य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प।
३५. यर्—य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स।
३६. रल्—र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।
३७. वल्—व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।
३८ वश्—व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द।
३९. शर्—श ष स।
४०. शल्—श ष स ह।
४१. हल्—ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स ह।
४२. हश्—ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द।

उपर्युक्त वर्णमाला में वर्ण दो प्रकार के हैं—स्वर और व्यञ्जन।

स्वर—जिन वर्णों के उच्चारण में अन्य वर्णों की सहायता अपेक्षित नहीं होती, वे स्वर कहलाते हैं। स्वर तीन प्रकार के हैं-(१) ह्रस्व, (२) दीर्घ और (३) मिश्र-विकृत दीर्घ (सन्ध्यक्षर)।

व्यञ्जन—जिन वर्णों के उच्चारण करने में स्वर वर्णों की सहायता लेनी पड़ती है, वे व्यञ्जन कहलाते हैं। व्यञ्जन ३५ हैं।

ह्रस्व—अ इ उ ऋ ऌ (सादे)	स्वर
दीर्घ—आ ई ऊ ॠ (सादे)	
सन्ध्यक्षर—ए ऐ ओ औ-मिश्र—विकृत दीर्घ	

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कवर्ग—क ख ग घ ङ	व्यञ्जन
चवर्ग—च छ ज झ ञ	
टवर्ग—ट ठ ड ढ ण	
तवर्ग—त थ द ध न	
पवर्ग—प फ ब भ म	
अन्तःस्थ—य र ल व	
ऊष्म—श ष स ह	
अनुस्वार—ं	
विसर्ग—ः	
अर्धचन्द्र—ँ	

अनुस्वार और विसर्ग भी व्यञ्जन माने जाते हैं; यतः अनुस्वार म् और न् का ही रूपान्तर है और विसर्ग र् या स् का। अनुस्वार विसर्ग और अर्धचन्द्र सदैव, स्वरों के पीछे प्रयुक्त होते हैं, अतः इन्हें स्वर भी माना जाता है।

गुण की अपेक्षा स्वर के भेद—गुण की अपेक्षा स्वर के तीन भेद हैं—ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत। जिसमें एक मात्रा हो, वह ह्रस्व; दो मात्राएँ हों, वह दीर्घ और जिसमें तीन मात्राएँ हों, वह प्लुत कहा जाता है। व्यञ्जन में आधी मात्रा होती है।

उच्चारण की अपेक्षा स्वर के भेद—उच्चारण की विशेषता के कारण प्रत्येक स्वर के तीन भेद हैं—उदात्त, अनुदात्त और स्वरित।

उदात्त—तालु आदि स्थानों के ऊर्ध्व भाग से उच्चरित होने वाले वर्ण उदात्त कहलाते हैं।

अनुदात्त—तालु आदि स्थानों के अधो भाग से उच्चारित होने वाले वर्ण अनुदात्त कहे जाते हैं।

स्वरित—उदात्त और अनुदात्त ये दोनों धर्म जिसमें मिश्रित हों, वह स्वरित है।

स्वरों के भेद—इस प्रकार स्वरों के ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत भेदों में उदात्त, अनुदात्त और स्वरित भेदों के होने से प्रत्येक स्वर के नौ भेद होते हैं। इनमें से प्रत्येक स्वर के अनुनासिक और अननुनासिक भेद की अपेक्षा से अठारह भेद हैं,। पर दीर्घ न होने से ऌ के बारह भेद और ह्रस्व न होने से ए ओ ऐ औ के बारह भेद होते हैं।

वर्णों के उच्चारण स्थान—

कण्ठ्यः—"अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः"–अ आ क ख ग घ ङ ह और विसर्ग का उच्चारण स्थान कण्ठ है; अतः ये वर्ण कण्ठ्य कहलाते हैं।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

तालव्य—"इचुयशानां तालु"—इ ई च छ ज झ ञ य और श का उच्चारण स्थान तालु है; अतः ये तालव्य वर्ण कहलाते हैं।

मूर्धन्य—"ऋटुरषाणां मूर्द्धा" ऋ ॠ ट ठ ड ढ ण र और ष का उच्चारणस्थान मूर्द्धा है; अतः ये मूर्धन्य कहे जाते हैं।

दन्त्य—"लृतुलसानां दन्ताः" लृ त थ द ध न ल और स का उच्चारण स्थान दन्त है, अतः ये वर्ण दन्त्य कहलाते हैं।

ओष्ठ्य—"उपूपध्मानीयनामोष्ठौ"—उ ऊ प फ ब भ म और उपध्मानीय ओष्ठ से बोले जाते हैं, अतः ये ओष्ठ्य वर्ण हैं। पवर्ग के पश्चात् आनेवाले विसर्ग को उपध्मानीय कहते हैं।

अनुनासिक—"ञ म ङ ण नानां नासिका च"—ञ म ङ ण और न का उच्चारण स्थान नासिका है, अतः ये वर्ण अनुनासिक कहलाते हैं।

कण्ठ्य तालव्य—"एदैतोः कण्ठतालु"—ए और ऐ का कण्ठ एवं तालु उच्चारण स्थान है।

कण्ठ्य-ओष्ठ्य—"ओदौतोः कण्ठोष्ठम्"—ओ और औ का कण्ठ तथा ओष्ठ उच्चारण स्थान है।

दन्त्य-ओष्ठ्य—"वकारस्य दन्तोष्ठम्"—वकार का दन्त और ओष्ठ उच्चारण स्थान है।

जिह्वामूलीय—"जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्"—जिह्वामूलीय ᳵक ᳵख का उच्चारण स्थान जिह्वामूल है। क वर्ग के पश्चात् आनेवाले विसर्ग को जिह्वामूलीय कहते हैं।

नासिक—"नासिकाऽनुस्वारस्य"—अनुस्वार का उच्चारण-स्थान नासिका है।

विसर्ग जिस स्वरवर्ण के परे रहता है, उसी स्वर का उच्चारण स्थान विसर्ग का भी उच्चारण-स्थान होता है।

प्रयत्न—वर्णों की उच्चारण-रीति को प्रयत्न कहते हैं। इसके दो भेद हैं—आभ्यन्तर और बाह्य।

आभ्यन्तर प्रयत्न—वर्णोच्चारण के पूर्व हृदय में जो आयास होता है, उसे आभ्यन्तर प्रयत्न कहते हैं। यह पाँच प्रकार का होता है—१. स्पृष्ट २. ईषत्स्पृष्ट ३. ईषद्विवृत ४. विवृत ५. संवृत।

क से म पर्यन्त वर्णों का स्पृष्ट; य र ल व का ईषत्स्पृष्ट; श ष स ह का ईषद्विवृत और स्वरों का विवृत प्रयत्न होता है; ह्रस्व अकार का प्रयोगावस्था—परिनिष्ठित सिद्धरूप

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

में संवृत प्रयत्न होता है; किन्तु प्रक्रिया दशा—साधनावस्था में विवृत प्रयत्न ही रहता है।

बाह्य प्रयत्न—मुख से वर्ण निकलते समय जो आयास करना पड़ता है, उसे बाह्य प्रयत्न कहते हैं। इसके ११ भेद हैं—१. विवार २. संवार ३. श्वास ४. नाद ५. घोष ६. अघोष ७. अल्पप्राण ८. महाप्राण ९. उदात्त १०. अनुदात्त ११. स्वरित।

जिन वर्णों का उच्चारण करते समय कण्ठ का विकास हो, उनको विवार; जिनके उच्चारण में कण्ठ का विकास न हो, उन्हें संवार; जिनका उच्चारण करते समय श्वास चलता रहे, उनको श्वास; जिनका उच्चारण नाद से हो, उन्हें नाद; जिन वर्णों का उच्चारण करते समय गूँज हो, उन्हें घोष; जिनके उच्चारण में गूँज न हो, उन्हें अघोष; जिनके उच्चारण म प्राणवायु का अल्प उपयोग हो, उन्हें अल्प-प्राण एवं जिनके उच्चारण में प्राणवायु का अधिक उपयोग हो उन्हें महाप्राण कहते हैं।

विवार, श्वास और अघोष प्रयत्न—ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स।

संवार, नाद और घोष प्रयत्न—ह य व र ल ञ म ङ ण न झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द।

अल्प प्राण—क ग ङ च ज ञ ट ड ण त द न प ब म य र ल व।

महाप्राण—ख घ छ झ ठ ढ थ ध फ भ श ष स ह।

स्पर्श—क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण त थ द ध न प फ ब भ म।

अन्तःस्थ—य र ल व।

ऊष्म—श ष स ह।

अयोगवाह—(ं अनुस्वार और) : विसर्ग।

सवर्ण संज्ञा—जिस वर्ण का जिस वर्ण के साथ तालु आदि स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न एक हो, वह परस्पर सवर्ण संज्ञक होता है।

गुण संज्ञा—अ ए ओ की गुण संज्ञा होती है।

वृद्धि संज्ञा—आ ऐ औ की वृद्धि संज्ञा होती है।

टिसंज्ञा—किसी भी शब्द के अन्तिम स्वर से लेकर अन्त तक का अक्षर समूह 'टि' संज्ञक होता है।

उपधा संज्ञा—शब्द के अन्त्यवर्ण के पूर्व वर्ण की उपधा संज्ञा होती है।

प्रातिपदिकसंज्ञा—धातु और प्रत्यय के अतिरिक्त अर्थवान् शब्द की प्रातिपदिक संज्ञा होती है।

पद—सुप् और तिङ् से युक्त शब्द और धातु की पद संज्ञा होती है।

प्रगृह्यसंज्ञा—ईकारान्त, ऊकारान्त और एकारान्त द्विवचन पदों की प्रगृह्य संज्ञा होती है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

उपसर्ग—क्रिया के साथ योग होने से प्र, अप, अव, उप, आ, परा, नि, वि, परि, प्रति, अति, अधि, अपि, अभि, सु, अनु, उत्, सम्, निर्, और दुर् शब्दों की उपसर्ग संज्ञा होती है।

धातु संज्ञा—जिससे क्रिया का बोध हो, उसे धातु कहते हैं।

प्रकृति—संज्ञा, विशेषण और क्रियावाचक शब्दों के मूलरूप को प्रकृति कहते हैं। प्रकृति दो प्रकार की होती है–धातु और प्रातिपदिक।

प्रत्यय—धातु और प्रातिपदिक से परे लगाये जानेवाले शब्दांश को प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय पाँच प्रकार के होते हैं—१. विभक्ति २. कृत् ३. तद्धित् ४. स्त्री प्रत्यय और ५. धात्ववयव।

आदेश—प्रकृति और प्रत्यय के रूपपरिवर्तन को आदेश कहते हैं; जैसे 'स्था' धातु के स्थान में तिष्ठ और 'पा' धातु के स्थान में पिब आदेश होता है।

विभक्ति—संख्या तथा कारक का बोध करानेवाली विभक्ति कहलाती है। यथा—घटः, घटम्, घटाः।

वाक्य—कारक तथा क्रिया से युक्त पद वाक्य कहलाता है। यथा—रामः पठति, 'रामः' कारक है और 'पठति' क्रियापद।

सुबन्त—(सुप् + अन्तः) वह शब्द, जिसके अन्त में सु, औ, जस् आदि विभक्ति-चिह्न लगे हों; यथा—गज + सु=गजः, गज + औ=गजौ, गज + जस्=गजाः, गज + अम्=गजम् आदि।

तिङन्त—जिसके अन्त में तिङ्—तिप्, तस्, झि, सिप्, थस् आदि प्रत्यय लगे हों। यथा—हस् + तिप्=हसति; भू + तिप्=भवति, पठ् + तिप्=पठति; भू + झि (अन्ति)=भवन्ति।

संयोग—स्वरहीन होने पर व्यञ्जनों का परस्पर में जो संयोग होता है, वह संयोग कहलाता है।

संहिता—दो वर्णों के उच्चारण की निकटता को संहिता कहते हैं।

अनुशीलनी

१. संस्कृत वर्णमाला में कितने स्वर और व्यञ्जन हैं ?

२. वर्ण, स्वर, व्यञ्जन, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, अनुदात्त, पद, उपधा, धातु, प्रकृति, प्रत्यय और प्रातिपदिक की सोदाहरण परिभाषाएँ लिखिए।

३. स्पर्श, अन्तःस्थ, उष्म, कण्ठ्य, तालव्य, दन्त्य और अनुनासिक वर्णों को लिखिए।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

४. अनुस्वार और विसर्ग का उच्चारण स्थान क्या है ? इन दोनों में कितनी मात्राएँ होती हैं।

५. आभ्यन्तर और बाह्य प्रयत्न में क्या अन्तर है ? विवार, संवार, घोष, अल्पप्राण, और महाप्राण प्रयत्न की परिभाषाएँ लिखिए।

६. जिह्वामूलीय और उपध्मानीय में क्या अन्तर है ? ध्वनियोंका उच्चारण किन साधनों पर आश्रित है ?

७. त् , च् , ज् , य् , र् , प् , ठ् , आ, ऋ, ष् , ल् , व् , और ऐ का उच्चारण स्थान लिखिए।

८. घोष और अघोष वर्णों को लिखिए।

९. आभ्यन्तर प्रयत्न के कितने भेद हैं ? अल्पप्राण और महाप्राण में क्या अन्तर है ?

१०. टि, गुण, वृद्धि और पदसंज्ञाओं की परिभाषा लिखिए।

११. सम्प्रसारण स्वर और अन्य स्वरों में क्या अन्तर है ? वर्णोच्चारण में जिह्वाका क्या उपयोग है ? क्या जिह्वा के बिना उच्चारण सम्भव है ?

१२. प्रत्याहार कितने हैं, व्याकरणज्ञान के लिए इनकी क्या उपयोगिता है ?

१३. व्याकरण किसे कहते हैं ? ऊष्मवर्ण कितने हैं ? गुण की अपेक्षा स्वरोंके कितने भेद हैं ?

१४. अयोगवाह कौन-कौन हैं, चन्द्रबिन्दु का कहाँ प्रयोग किया जाता है ?

१५. क्या स्वर की सहायता के बिना व्यञ्जनों का उच्चारण सम्भव है ?

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

द्वितीयोऽध्यायः

सन्धि-विचार

सन्धि शब्द सम् + धा से बनता है। सम्—अच्छी तरह से, धा—मिलना अर्थात् जब किसी शब्द में दो वर्ण निकट आने पर मिल जाते हैं, तो उनके मेल से उत्पन्न होनेवाले विकार को 'सन्धि' कहते हैं।

संयोग और सन्धि में इतना भेद **है** कि जहाँ वर्ण अपने स्वरूप से विना किसी विकार के मिलते हैं, वहाँ वह संयोग कहलाता है और जहाँ विकृत होकर उनके स्थान में कोई आदेश होता है, वहाँ इस मेल को सन्धि कहते हैं। तात्पर्य यह है कि सन्धि दो वर्ण मिलकर तीसरा रूप धारण कर लेते हैं, पर संयोग में उनका केवल मेल होता है।

समास और सन्धि में यह अन्तर है कि समास में दो या अधिक विभक्तियों का त्याग कर मिलते हैं, पर सन्धि में विभक्तियों सहित पदों का संयोग होता है। संक्षेप में वर्णविकार सन्धि है और शब्द विकार समास।

सन्धि के भेद—सन्धि तीन प्रकार की होती है—(१) स्वर सन्धि (अच सन्धि), (२) व्यञ्जनसन्धि (हल् सन्धि) और (३) विसर्ग सन्धि।

स्वर-सन्धि

स्वर-सन्धि—दो अत्यन्त निकट स्वरों के मिलने से जो ध्वनि में विकार उत्पन्न होता है, उसे स्वर-सन्धि—अच् सन्धि कहते हैं। जैसे—ने + अनम्=नयनम्।

स्वर सन्धि के आठ भेद हैं—(१) दीर्घ (२) गुण (३) वृद्धि (४) यण् (५) अयादिचतुष्टय, (६) पररूप (७) पूर्वरूप (८) और प्रकृति भाव।

(१) दीर्घ सन्धि

ह्रस्व या दीर्घ अ इ उ और ऋ के बाद कोई समान स्वर रहे तो दोनों के स्थान में सवर्ण हो जाता है।

सूत्र—**अकः सवर्णे दीर्घः**—सवर्ण स्वर मिलकर दीर्घ होता है। यथा—

क—(i) अ + अ=आ—परम + अर्थः=परमार्थः; दैत्य + अरिः=दैत्यारिः; देव + अर्चनम्=देवार्चनम्; शश + अङ्कः=शशाङ्कः।

(ii) अ + आ=आ—कमल + आकरः=कमलाकरः; कुश + आसनम्=कुशासनम्।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(iii) आ + अ=आ—विद्या + अर्थी=विद्यार्थी; दया + अर्णवः=दयार्णवः; महा + अनुभावः=महानुभावः; महा + अनुभूतिः=महानुभूतिः ।

(iv) आ + आ=आ— विद्या + आलयः=विद्यालयः; दया + आनन्दः=दयानन्दः; महा + आशयः=महाशयः ।

ख—(i) इ + इ=ई—कवि + इन्द्रः=कवीन्द्रः; गिरि + इन्द्रः=गिरीन्द्रः; प्रति + इतिः= प्रतीतिः; इति + इव=इतीव ।

(ii) इ + ई=ई—गिरि + ईशः=गिरीशः; क्षिति + ईशः=क्षितीशः; हरि + ईशः= हरीशः ।

(iii) ई + इ=ई–मही + इन्द्र=महीन्द्रः; महती + इच्छा=महतीच्छा; नारी + इच्छा= नारीच्छा; नदी + इति=नदीति ।

(iv) ई + ई=ई—श्री + ईशः=श्रीशः; पृथ्वी + ईश्वरः=पृथ्वीश्वरः; नगरी + ईशः= नगरीशः ।

ग—(i) उ + उ=ऊ—विधु + उदयः=विधूदयः; सु + उक्तम्=सूक्तम्; भानु + उदयः=भानूदयः; मधु + उत्सवः=मधूत्सवः ।

(ii) उ + ऊ=ऊ—लघु + ऊर्मिः=लघूर्मिः ।

(iii) ऊ + उ=ऊ—वधू + उत्सवः=वधूत्सवः; वधू + उपरि=वधूपरि ।

(iv) ऊ + ऊ=ऊ—चमू + ऊर्जः=चमूर्जः; भू + ऊर्ध्वम्=भूर्ध्वम् ।

घ—(i) पितृ + ऋणम्=पितॄणम्; होतृ + ऋकारः=होतॄकारः ।

दीर्घसन्धि के अपवाद

शक + अन्धुः=शकन्धुः;　कर्क + अन्धुः=कर्कन्धुः ।
मार्त + अण्डः=मार्तण्डः;　सम + अर्थः=समर्थः ।
कुल + अटा=कुलटा;　सार + अङ्गः=सारङ्गः ।

(२) गुणसन्धि

"आद्गुणः"—अ अथवा आ के अनन्तर ह्रस्व या दीर्घ इ उ ऋ वर्ण रहें तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ और अर् हो जाते हैं । यथा—

क—(i) अ + इ=ए—देव + इन्द्रः=देवेन्द्रः; उप + इन्द्रः=उपेन्द्रः ।

(ii) अ + ई=ए—पर + ईशः=परेशः; गण + ईशः=गणेशः ।

(iii) आ + इ=ए—यथा + इच्छसि=यथेच्छसि; महा + इन्द्रः=महेन्द्रः ।

(iv) आ + ई=ए—रमा + ईशः=रमेशः; महा + ईश्वरः=महेश्वरः ।

ख—(i) अ + उ=ओ—जन्म + उत्सवः=जन्मोत्सवः; सूर्य + उदयः=सूर्योदयः ।

(ii) अ + ऊ=ओ—नव + ऊढा=नवोढा; एक + ऊनविंशति=एकोनविंशति ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(iii) आ + उ=ओ—गङ्गा + उदकम्=गङ्गोदकम्; मह्रा + उरस्कः=महोरस्कः ।

(iv) आ + ऊ=ओ—गङ्गा + ऊर्मिः=गङ्गोर्मिः; दया = ऊनः=दयोनः ।

ग—(i) अ + ऋ=अर्—ब्रह्म + ऋषिः=ब्रह्मर्षिः; देव + ऋषिः=देवर्षिः ।

(ii) अ+ॠ=अर्—उप + ॠकारीयति=उपर्कारीयति !

(iii) आ + ऋ=अर्—महा + ऋषिः=महर्षिः; महा + ऋद्धिः=महर्द्धिः ।

(iv) आ + ॠ=अर्—देवता + ॠकारः=देवतर्कारः ।

घ—(i) अ+ऌ=अल्—तव + ऌकारः=तवल्कारः ।

(ii) आ + ऌ=अल्—आ + ऌकारः=आल्कारः ।

गुणसन्धि के अपवाद

अक्ष + ऊहिनी=अक्षौहिणी ।

स्व + ईरः=स्वैरः; स्व + ईरिणी=स्वैरिणी; स्व + ईरी=स्वैरी ।

प्र + ऊहः=प्रौहः, प्र + ऊढः=प्रौढः; प्र + एषः=प्रैषः ।

सुख + ऋतः=सुखार्तः; प्र + ऋणम्=प्रार्णम्; दश + ऋणः=दशार्णः ।

वत्सतर + ऋणम्=वत्सतरार्णम् ; कम्बल + ऋणम्=कम्बलार्णम् ।

वसन + ऋणम्=वसनार्णम् ; ऋण + ऋणम्=ऋणार्णम् ।

प्र + ऋच्छति=प्रार्च्छति; उप + ऋच्छति=उपार्च्छति ।

प्र + ऋणोति=प्रार्णोति; प्र + ऋच्छन्=प्रार्च्छन् ।

मनस् + ईषा=मनीषा; हल + ईषा=हलीषा; लाङ्गल + ईषा=लाङ्गलीषा ।

(२) वृद्धिसन्धि

"वृद्धिरेचि"—अवर्ण से परे एच्—ए ऐ ओ औ हो तो पूर्व-पर के स्थान में वृद्धि एकादेश—ऐ औ, होता है । यथा—

क—(i) अ+ए=ऐ—कृष्ण+एकत्वम्=कृष्णैकत्वम्; एक + एकम्=एकैकम् ।

(ii) अ + ऐ=ऐ—देव + ऐश्वर्यम्=देवैश्वर्यम्; मत + ऐक्यम्=मतैक्यम् ।

(iii) आ + ए=ऐ—सदा + एव=सदैव; यथा + एव=यथैव ।

(iv) आ + ऐ=ऐ—महा + ऐश्वर्यम्=महैश्वर्यम्; महा + ऐरावतः=महैरावतः ।

ख—(i) अ+ओ=औ–दिव + ओकसः=दिवौकसः; तिल + ओदनम्=तिलौदनम् ।

(ii) अ+औ=औ—तव+औदार्यम्=तवौदार्यम्; रोग+औषधम्=रोगौषधम् ।

(iii) आ + ओ=औ—गङ्गा + ओघः=गङ्गौघः; महा + ओजः=महौजः ।

(iv) आ + औ=औ—विश्वपा + औ=विश्वपौ; महा + औषधम्=महौषधम् ।

(v) उप + एति=उपैति; उप + एधते=उपैधते; प्रष्ठ + ऊहः=प्रष्ठौहः ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वृद्धिसन्धि के अपवाद

स्थूल + ओतुः=स्थूलोतुः या स्थूलौतुः; बिम्ब + ओष्ठः=बिम्बोष्ठः या बिम्बौष्ठः ।

अद्य + एव=अद्येव, अवधारण अर्थ में अद्य + एव=अद्यैव ।

प्र + एजते=प्रेजते; उप + ओषति=उपोषति; प्र + एषयति=प्रेषयति ।

शिव + एहि=शिवेहि; शिवाय + ओन्नमः=शिवायोन्नमः ।

(४) यण् सन्धि

"इको यणचि" ह्रस्व या दीर्घ इ, उ, ऋ और ऌ के बाद यदि कोई असमान स्वर हो तो, इनके स्थान पर क्रमशः य्, व्, र् और ल् हो जाते हैं । यथा—

इ और ई के स्थान पर य्—

इ + अ=य—दधि + अयनम्=दध्ययनम्; यदि + अपि=यद्यपि ।

इ + आ=या—अभि+आगतः=अभ्यागतः; इति+आदिः=इत्यादिः ।

ई + अ=य—देवी + अर्थः=देव्यर्थः; देवी + अर्चा=देव्यर्चा ।

ई + आ=या—देवी + आगच्छति=देव्यागच्छति; नदी + आदिः=नद्यादिः ।

इ + उ=यु—अति + उत्तमः=अत्युत्तमः; प्रति + उपकारः=प्रत्युपकारः ।

इ + ऊ=यू—अति+ऊर्ध्वम्=अत्यूर्ध्वम्; प्रति+ऊहः=प्रत्यूहः ।

ई + उ=यु—सुधी + उपास्यः=सुध्युपास्यः; सुधी + उपासनम्=सुध्युपासनम् ।

ई + ऊ=यू—स्त्री + ऊढा=स्त्र्यूढा; सखी + ऊढः=सख्यूढः ।

इ + ऋ=यृ—कुमारी + ऋतुमती=कुमार्यृतुमती; देवी + ऋषभः=देव्यृषभः ।

इ + ए=ये—प्रति + एकार=प्रत्येकार ।

ई + ए=ये—कृती + एधते=कृत्येधते; गौरी + एवम्=गौर्येवम् ।

इ + ऐ=यै—अति + ऐश्वर्यम्=अत्यैश्वर्यम्; अति + ऐक्यम्=अत्यैक्यम् ।

ई + ऐ=यै—लक्ष्मी + ऐश्वर्यम्=लक्ष्म्यैश्वर्यम्; हस्ती + ऐरावतः=हस्त्यैरावतः ।

इ + ओ=यो—पचति + ओदनम्=पचत्योदनम्; दधि + ओदनम्=दध्योदनम् ।

ई + ओ=यो—सती + ओजः=सत्योजः; देवी + ओजः=देव्योजः ।

इ + औ=यौ—अपि + औदार्यम्=अप्यौदार्यम्; अति + औदास्यम्=अत्यौदास्यम् ।

ई + औ=यौ—प्रधी + औ=प्रध्यौ; सखी + औपम्यम्=सख्यौपम्यम् ।

उ + अ=व—अनु + अर्थम्=अन्वर्थम्; वस्तु + अत्र=वस्त्वत्र ।

ऊ + अ=व—वधू + अन्वेषणम्=वध्वन्वेषणम् ।

उ + आ=वा—सु + आगतः=स्वागतः; लघु + आचारः=लघ्वाचारः ।

ऊ + आ=वा—वधू + आगमनम्=वध्वागमनम् ।

उ + इ=वि—ऋतु + इक्=ऋत्विक्; लघु + इन्दुः=लघ्विन्दुः ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

ऊ + इ=वि—वधू + इच्छा=वध्विच्छा; तनू + इन्द्रः=तन्विन्द्रः ।
उ + ई=वी—अनु + ईक्षा=अन्वीक्षा; अधु + ईशः=अध्वीशः ।
ऊ + ई=वी—चमू + ईशः=चम्वीशः; वधू + ईक्षणम्=वध्वीक्षणम् ।
ऊ + ऋ=वृ—वधू + ऋणम्=वध्वृणम् ; वधू ऋतुः=वध्वृतुः ।
उ + ए=वे—अनु + एजनम्=अन्वेजनम् ; अनु + एषणम्=अन्वेषणम् ।
ऊ + ए=वे—वधू + एकत्वम्=वध्वेकत्वम् ; वधू + एका=वध्वेका ।
उ + ऐ=वै—वस्तु + ऐक्यम्=वस्त्वैक्यम् ; साधु + ऐक्यम्=साध्वैक्यम् ।
ऊ + ऐ=वै—वधू + ऐश्वर्यम्=वध्वैश्वर्यम् ; तनु + ऐश्वर्यम्=तन्वैश्वर्यम् ।
उ+ओ=वो—तनु+ओकः=तन्वोकः; साधु+ओकः=साध्वोकः ।
ऊ+ओ=वो=चमू+ओघः=चम्वोघः ।
उ+औ=वौ—अनु+औषधम्=अन्वौषधम् ; लघु+औदार्यम्=लघ्वौदार्यम् ।
ऊ+औ=वौ—पुनर्भू+औरसः=पुनर्भ्वौरसः ।
ऋ+अ=र—पितृ+अनुमतिः=पित्रनुमतिः; पितृ+अर्थम्=पित्रर्थम् ।
ऋ+आ=रा—मातृ+आज्ञा=मात्राज्ञा; मातृ+आकृतिः=मात्राकृतिः ।
ऋ+इ=रि—स्वसृ+इङ्गितम्=स्वस्रिङ्गितम् ; मातृ+इच्छा=मात्रिच्छा ।
ऋ+ई=री—दुहितृ+ईहा=दुहित्रीहा; पितृ+ईहितम्=पित्रीहितम् ।
ऋ+उ=रु—भर्तृ+उपदेशः=भर्त्रुपदेशः; पितृ+उदकम्=पित्रुदकम् ।
ऋ+ऊ=रू—भर्तृ+ऊढा=भर्त्रूढा; भ्रातृ+ऊनः=भ्रात्रूनः ।
ऋ+ए=रे—धातृ+एकत्वम्=धात्रेकत्वम् ।
ऋ+ऐ=रै—भ्रातृ+ऐश्वर्यम्=भ्रात्रैश्वर्यम् ; मातृ+ऐश्वर्यम्=मात्रैश्वर्यम् ।
ऋ+ओ=रो—जामातृ+ओकः=जामात्रोकः ।
ऋ+औ=रौ—पितृ+औदार्यम्=पित्रौदार्यम् ; मातृ+ओजसः=मात्रौजसः ।
लृ+आ=ला—लृ+आकृतिः=लाकृतिः ।

वैकल्पिक प्रयोग—

चक्री+अत्र=चक्रिअत्र; चक्र्यत्र ।
वापी+अश्वः=वाप्यश्वः (समास में ह्रस्व न होने से नित्य प्रयोग)
किमु+उक्तम्=किम्वुक्तम् ; किमु उक्तम् ।
ब्रह्म+ऋषिः=ब्रह्मऋषिः; ब्रह्मर्षिः ।
सप्त+ऋषीणाम्=सप्त ऋषीणाम् ; सप्तर्षीणाम् ।

(५) अयादि चतुष्टय सन्धि

"एचोऽयवायावः"—एच् प्रत्याहार—ए ऐ ओ औ के बाद अच्—स्वरवर्ण

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

हों तो एच् के स्थान में क्रमशः अय्, आय्, अव् और आव् हो जाते हैं । यथा--

ए+अ=अय्--चे+अनम्=चयनम् ; ने+अनम्=नयनम् ।

ऐ+अ=आय्--नै+अकः=नायकः ।

ओ+अ=अव्--यो+अनम्=यवनम् ।

औ+अ=आव्--पौ+अकः=पावकः

ए+आ=अया--रमे+आ=रमया ।

ऐ+आ=आया--रै+आम्=रायाम् ।

ओ+आ=अवा--गो+आम्=गवाम् ।

औ+आ=आवा--ग्लौ+आ=ग्लावा ।

ए+इ=अयि--शे+इतः=शयितः ।

ऐ+इ=आयि--वै+इति=वायिति ।

ओ+इ=अवि--पो+इत्रः=पवित्रः ।

औ+इ=आवि--अभौ+इ=अभावि ।

ए+उ = अयु--मृगे+उ=मृगयुः ।

ओ+उ=अवु--अजुहो+उः=अजुहवुः ।

औ+उ=आवु--द्वौ+उपमितौ=द्वावुपमितौ ।

ए+ए = अये--कपे+ए=कपये ।

ऐ+ऐ=आयै--कस्मै+ऐश्वर्यम्=कस्मायैश्वर्यम् ।

ओ+ऐ=अवै--पटो+ऐः=पटवैः ।

औ+ऐ=आवै--द्वौ+ऐतिहासिकौ=द्वावैतिहासिकौ ।

ए+ओ=अयो--विश्वे+ओः=विश्वयोः ।

ऐ+ओ=आयो--रै+ओः=रायोः ।

ओ + ओ = अवो--गो+ओः = गवोः ।

औ + ओ = आवो--नौ + औः = नावोः ।

ए + औ = अयौ--शे + औ = शयौ ।

ऐ + औ = आयौ--सखै + औ = सखायौ ।

ओ+औ = अवौ--गो+औ = गवौ ।

औ+औ = आवौ--नौ+औ = नावौ ।

हरे+इह = हरयिह, हर इह (विकल्प से यकार का लोप) ।

विष्णो+इह = विष्णविह, विष्ण इह (विकल्प से वकार का लोप) ।

सखे+आगच्छ = सखयागच्छ, सख आगच्छ ।

तौ+ईश्वरौ = ता ईश्वरौ, तावीश्वरौ ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

रवौ+अस्तङ्गते = रवा+अस्तङ्गते = रवावस्तङ्गते ।

विशेष प्रयोग—

गो+यम् = गव्यम् ; नौ+यम् = नाव्यम् ।

गो+यूतिः = गव्यूतिः; अन्यत्र गो यूतिः (बैलों का एक जोड़ा) ।

गो+अग्रम् = गवाग्रम् , गोऽग्रम् , गो अग्रम् ।

गो+ईशः = गवेशः, गो+अक्षः = गवाक्षः ।

गो+इन्द्रः = गवेन्द्रः

(६) पूर्वरूप सन्धि

"एङः पदान्तादति"—पद के अन्त में स्थित ए और ओ के बाद अ रहे तो अकार का पूर्वरूप होता है । यथा—

हरे+अव = हरेऽव; सखे+अर्पय = सखेऽर्पय; मुने+अत्र = मुनेऽत्र ।

प्रभो+अत्र = प्रभोऽत्र; विष्णो+अव = विष्णोऽव; गुरो+अत्र = गुरोऽत्र ।

७—पररूप सन्धि

"एङि पररूपम्"—उपसर्ग के बाद एकारादि और ओकारादि धातुओं का कोई रूप हो तो उपसर्ग का अन्तिम अकार धातु के ए और ओ में मिल जाता है । यथा—

प्र+एजते = प्रेजते; उप+ओषति = उपोषति ।

इह+एव = इहेव; आ + ओम् = ओम् ।

(८) प्रकृति भाव

"ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्"–ईकारान्त, ऊकारान्त और एकारान्त कोई पद द्विवचन में हो तो उसके बाद किसी स्वर के रहनेपर प्रकृतिभाव हो जाता है । यथा—

हरी + एतौ=हरी एतौ; कवी + आगच्छतः = कवी आगच्छतः ।

विष्णू + इमौ=विष्णू इमौ; गङ्गे + अमू=गङ्गे अमू ।

पचेते + इमौ=पचेते इमौ; विद्ये + इमे = विद्ये इमे ।

माले + इमे=माले इमे; मुनी + एतौ = मुनी एतौ ।

अमी+ईशाः=अमी ईशाः; रामकृष्णावमू+आसाते=रामकृष्णावमू आसाते ।

अमी+अश्वाः=अमी अश्वाः; अमू+अर्भकौ=अमू अर्भकौ ।

अहो+ईशाः=अहो ईशाः; अहो+आश्चर्यम्=अहो आश्चर्यम् ।

इ+इन्द्रः=इ इन्द्र; उ+उमेशः=उ उमेशः; अ+अच्युतः=अ अच्युतः ।

आ+एवं किल तत्=आ एवं किल तत् ।

विष्णो+इति=विष्णो इति; विष्णविति ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अनुशीलनी

१—निम्नलिखितों में सन्धि कीजिये—

अत्र+आसीत्; प्रति+ईक्षणम्; भानु+उदयः; पितृ+ऋणम्; देव+आलयः; देव+इन्द्रः; गज+इन्द्रः; गण+ईशः; तदा+इति; सदा+एव; गङ्गा+उत्तरम्; जन+एकता; जल+ओघः; प्र+ऋच्छति; प्र+एजते; उप+एति; विश्व+ऊहः; शिव+एहि; दधि+अत्र; वसु+इदम्; मधु+अन्नम्; चै+अकः; ने+अनम्; मातृ+आज्ञा; पितृ+इच्छा; कवी+इमौ; बालिके+इमे; भौ+उकः; गो+यूतिः; हरी+एतौ; हरे+अव; आ+उष्णम्, अनु+अयम्; सुधी+उपास्य; श्री+ईशः; रमा+ईशः; मनस्+ईषा; कर्क+अन्धुः; अक्ष+ऊहिनी; स्व+ईरी; सुख+ऋतः; प्र+ऊढः; पतत्+अञ्जलिः; हरे+एहि; नगरी+ईशः; महा+अनुभूति; परम+आदरः; पो+अनः; रोग+औषधम्।

२—निम्नांकितों में सन्धि-विच्छेद कीजिये—

गवाग्रम्; गवाक्षः; परोक्षः; अन्योन्यम्; रत्नाकरः; लक्ष्मीशः; महेन्द्रः; क्षितीशः; तथेति; मैवम्; अपैति; विश्वौहः; नद्यम्बु; तन्वङ्गी; स्वागतम्; वध्वाचारः; अभ्युदयः; प्रत्येकम्; तथैव; पवित्रः; शयनम्; लाङ्गलीषा; नाव्यम्; उपोषति; लघूर्मिः; प्रतीतिः; कुलटा; मात्रनुभवः; ब्रह्मर्षिः; विद्यैव; महोदयः; जन्मोत्सवः; सरलोर्मिः; प्रजेन्द्रः; नरेशः; परमेश्वरः; जिनेशः; गौतमगणेशः; उपेन्द्रः; इत्यादिः; न्यूनम्; अन्वयः; नायकः; प्रत्यूहः; दध्यानय; देव्यागच्छति; प्रत्येकारः; पित्रनुमतिः; पित्रर्थम्; गवाम्; अभावि; मात्रोजसः; वाप्यश्वः; यवनम्; तन्विन्द्रः; बिम्बोष्ठः।

३—यण्, दीर्घ, वृद्धि, गुण, पररूप और अयादि सन्धियों के नियम लिखिये तथा प्रत्येक के चार-चार उदाहरण दीजिये।

४—सन्धि की परिभाषा लिखिये। प्रगृह्य अथवा नित्य सन्धि के पाँच उदाहरण लिखिये।

५—सन्धि-संयोग; सन्धि-समास और गुण-दीर्घ में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट कीजिये।

६—स्वर सन्धि के समस्त भेदों को उदाहरण सहित लिखिये।

७—पूर्वरूप और पररूप सन्धि में क्या अन्तर है? उदाहरणपूर्वक समझाइये।

व्यञ्जन-सन्धि

व्यञ्जन सन्धि—व्यञ्जनवर्ण के साथ व्यञ्जन या स्वर के मिलने से जो विकार होता है, उसे व्यञ्जन सन्धि कहते हैं। यथा—पेष्+ता=पेष्टा; तस्मिन्+इति=तस्मिन्निति। इस सन्धि के नियमों को १४ वर्गों में विभक्त किया जा सकता है—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

१ श्चुत्व	८ अनुनासिक
२ ष्टुत्व	९ लत्व
३ जश्त्व (क)	१० पूर्वसवर्ण
४ जश्त्व (ख)	११ छत्व
५ चर्त्व	१२ ङमुडागम
६ अनुस्वार (क)	१३ तुगागम
७ अनुस्वार (ख)	१४ सुडागम

(१) श्चुत्व—

"स्तोः श्चुनाश्चुः"—सकार या तवर्ग का कोई व्यञ्जन शकार चवर्ग के किसी व्यञ्जन के योग में आता हो तो सकार और तवर्ग के स्थान में शकार और चवर्ग के वर्ण हो जाते हैं। यथा—

स्–श्—हरिस्+चिनोति=हरिश्चिनोति; हरिस्+शेते=हरिश्शेते; रामस्+चिनोति= रामश्चिनोति; मुनेस्+छलनम्=मुनेश्छलनम्।

तवर्ग—चवर्ग

सत्+चित्=सच्चित्; शार्ङ्गिन्+जयः=शार्ङ्गिञ्जय।

उत्+छिन्नः=उच्छिन्नः; उत्+ज्वलः=उज्ज्वलः।

तत्+छविः=तच्छविः; एतद्+जलम्=एतज्जलम्।

तद्+झनकारः=तज्झनकारः; महान्+जयः=महाञ्जयः।

गच्छन्+झटिति=गच्छञ्झटिति; याच्+ना=याच्ञा; यज्+नः=यज्ञः।

शत्रून्+जयति=शत्रूञ्जयति; जगत्+जालम्=जगज्जालम्।

तत्+छाया=तच्छाया।

अपवाद—श् के बाद यदि कोई तवर्ग हो तो उसका चवर्ग नहीं होता। यथा— विश्+नः=विश्नः; प्रश्+नः=प्रश्नः।

(२) ष्टुत्व

"ष्टुना ष्टुः"—सकार या तवर्ग के साथ षकार अथवा टवर्ग का योग हो, तो स् के स्थान में ष् और तवर्ग के स्थान में टवर्ग के वर्ण होते हैं। यथा—स्–ष्—रामस्+ षष्ठः=रामष्षष्ठः; रामस्+टीकते=रामष्टीकते।

तवर्ग-टवर्ग

तत्+टीका=तट्टीका; पेष्+ता=पेष्टा; महत्+टीका=महट्टीका।

उत्+डयनम्=उड्डयनम्; चक्रिन्+ढौकसे=चक्रिण्ढौकसे।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अधिष्+थाता=अधिष्ठाता; एतद्+ढक्का=एतड्ढक्का; महान्+डामरः=महाण्डामरः।
आकृष्+तः=आकृष्टः; षष्+थः=षष्ठः; प्रतिष्+था=प्रतिष्ठा।

अपवाद—

(क) पद के अन्तिम टवर्ग के बाद यदि स् या तवर्ग हो तो उसके स्थान पर ष् या टवर्ग नहीं होता। यथा—षट्+सन्तः=षट्सन्तः; षट्+ते=षट् ते।

(ख) यदि पद के बाद नाम्, नवति और नगरी शब्द हो तो ष्टुत्व सन्धि होती है। यथा—षट्+नाम्=षण्णाम्; षट्+नगर्यः=षण्णगर्यः। सर्पिष्+तमम्=सर्पिष्टमम्।

(ग) तवर्ग के बाद ष् हो, तो तवर्ग को टवर्ग आदेश नहीं होता। यथा—सन्+षष्ठः=सन्षष्ठः।

३-४ जश्त्व (क-ख)

"झलां जश् झशि" जब झल्—अन्तःस्थ और अनुनासिक व्यञ्जनों को छोड़ कर अन्य किसी भी व्यञ्जन के पश्चात् झश्—किसी वर्ग का तृतीय या चतुर्थ वर्ण आवे तो पूर्ववर्ती व्यञ्जन अपने वर्ग के जश्—तृतीय वर्ण में परिवर्तित हो जाता है।

"झलां जशोऽन्ते"—पदान्त में स्थित झल् प्रत्याहार—स्वरवर्ण, वर्ग के चतुर्थ या तृतीय वर्ण अथवा य र ल व ह के परे रहने से जश्—वर्ग के तृतीय अक्षर में परिवर्तित हो जाते हैं। आशय यह है कि क्, च्, ट्, त्, प् के बाद स्वर, वर्ग के तृतीय-चतुर्थ वर्ण, य र ल व ह हों तो क्रमशः ग्, ज्, ड्, द् और ब् में परिवर्तित हो जाते हैं।

क्–ग्

वाक्+ईशः = वागीशः; दिक् + गजः = दिग्गजः; तिर्यक्+गच्छति=तिर्यग्गच्छति
वाक्+दानम्=वाग्दानम्; वाक्+ जालम्= वाग्जालम्।
दिक्+अन्तः=दिगन्तः; दिक्+हस्ती=दिग्घस्ती।
वाक्+दण्डः=वाग्दण्डः; उदक्+अयनम्=उदगयनम्।

च्–ज्

अच्+आदिः=अजादिः; अच्+अन्तः=अजन्तः।
अच्+भवति=अज्भवति; अच्+हीनः=अज्झीनः।

ट्–ड्

षट्+दर्शनानि=षड्दर्शनानि; षट्+आननः=षडाननः।
षट्+विद्वांसः=षड् विद्वांस; षट्+रिपवः=षड्रिपवः।

त्–द्

तत्+घनम्=तद्घनम्; जगत्+ईशः=जगदीशः; जगत्+बन्धुः=जगद्बन्धुः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

महत्+गृहम्=महद् गृहम् ; महत्+घण्टा=महद् घण्टा ।

प्-ब्

अप्+भाण्डः=अब्भाण्ड; अप्+जम्=अब्जम् ।

सुप्+अन्तः=सुबन्तः; अप्+भागः=अब्भागः; सुप्+अस्ति=सुबस्ति ।

(क) "झयो होऽन्यतरस्याम्"--यदि किसी भी वर्ग के पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे वर्ण से परे हकार हो, तो उस वर्ण के स्थान में उसी वर्ग का तृतीय वर्ण और ह के स्थान में उसी वर्ग का चतुर्थ वर्ण विकल्प से होता है। यथा--

वाक्+हसति=वाग्घसति; वाक्+हरिः=वाग्घरिः ।

अच्+हलः=अज्झलः; अच्+ह्रस्वः=अज्झ्रस्वः ।

तत्+हितम्=तद्धितम् ; विपत्+हेतुः=विपद्धेतुः ।

अप्+हरणम्=अब्भरणम् ।

(ख) उत् उपसर्ग से परे स्था और स्तम्भ धातु के स् का लोप होता है । यथा—
उत्+स्थानम्=उत्थानम् ; उत्+स्तम्भनम्=उत्तम्भनम् ।

५ चर्त्व

"खरि च"—अनुनासिक और अन्तःस्थ वर्णोंको छोड़ अन्य किसी भी व्यञ्जन के उपरान्त यदि खर्—क् ख् च् छ् ट् ठ् त् थ् प् फ् श ष स में से कोई वर्ण आवे तो पूर्वोक्त व्यञ्जनों के स्थान में चर्--उसी वर्ग का प्रथम वर्ण हो जाना है । तात्पर्य यह है कि वर्गों के तृतीय और चतुर्थ वर्णों के अनन्तर प्रथम, द्वितीय और श ष स वर्ण रहें तो तृतीय और चतुर्थ वर्णों के स्थान में वर्गों के प्रथम वर्ण हो जाते हैं । यथा--

भयाद्+करोति=भयात्करोति; वृक्षाद्+पतति=वृक्षात्पतति ।

दिग्+पालः=दिक्पालः; विपद्+कालः=विपत्कालः ।

विपद्+कारणम्=विपत्कारणम् ; विराट्+पुरुषः=विराट्पुरुषः ।

उद्+थापकः=उत्थापकः; तज्+शयनम्=तच्शयनम् , तच्छयनम् ।

६ अनुस्वार (क)

"मोऽनुस्वारः"—पद के अन्त में रहने वाले 'म्' के अनन्तर कोई व्यञ्जन वर्ण हो तो म् के स्थान में विकल्प से अनुस्वार होता है। "अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः"–आगे के अक्षर के वर्ग का पञ्चम वर्ण भी होता है । यथा—

अलम्+कारः=अलंकारः, अलङ्कारः; सम्+गतिः=संगतिः, सङ्गतिः ।

सम्+घर्षः=संघर्षः, सङ्घर्षः; किम्+चित्=किंचित्, किञ्चित् ।

सम्+चयः=संचयः, सञ्चयः; सम्+जयः=संजयः, सञ्जयः ।

सम्+तोषः=संतोषः; सन्तोषः; सम्+देशः=संदेशः सन्देशः, ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(क) पदान्त म् के बाद य र ल व श ष स ह् में से कोई वर्ण हो तो 'म्' के स्थान में अनुस्वार नित्य ही हो जाता है। यथा—

सम्+योगः=संयोगः; सम्+रावः=संरावः, सम्+लापः=संलापः।

सम्+सारः=संसारः; सम्+हारः=संहारः; हरिम्+वन्दे=हरिंवन्दे।

अपवाद—

सम् + राट्=सम्राट्।

७ अनुस्वार (ख)

"नश्चापदान्तस्य झलि"—अपदान्त म्, न् के बाद यदि अनुनासिक व्यञ्जन तथा अन्तःस्थ और ह को छोड़कर कोई भी व्यञ्जन आवे तो म् और न् के स्थान में अनुस्वार होता है। यथा—

आक्रम्+स्यते=आक्रंस्यते; रम्+स्यते=रंस्यते; यशान्+सि=यशांसि।

दन्+शनम्=दंशनम्; पयान्+सि=पयांसि; यम्+स्यति=यंस्यति।

(क) यदि अनुस्वार पद के अन्त में हो तो वर्ग का पञ्चम वर्ण विकल्प से होता है तथा पर में य् ल् व् हो तो क्रमशः अनुनासिक विशिष्ट य् ल् व् होते हैं। यथा—

त्वं+करोषि=त्वङ्करोषि, त्वं करोषि; पुस्तकं+पठति=पुस्तकम्पठति, पुस्तकं पठति। सं+यन्ता=सयँयन्ता संयन्ता; यं+लोकम्=यलँलोकम्, यंलोकम्; वशं+वदः=वशवँवदः, वशंवदः।

८ अनुनासिक

"यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा"—पदान्त 'यर्' से परे अनुनासिक वर्ण हो तो 'यर्' के स्थान में विकल्प से अपने वर्ग का अनुनासिक होता है। भाव यह है कि वर्ग के प्रथम वर्ण के आगे कोई अनुनासिक व्यञ्जन हो तो प्रथम वर्ण के स्थान में विकल्प से पञ्चम वर्ण होता है। यथा—

जगत्+नाथः=जगन्नाथः; जगद्नाथः; एतत्+मुरारिः=एतन्मुरारिः, एतद्मुरारिः।

दिक्+नागः=दिङ्नागः, दिग्नागः; वाक्+मात्रम्=वाङ्मात्रम्; वाक्+मयम्=वाङ्मयम्। तत्+मात्रम्=तन्मात्रम्।

जगत्+मात्रम्=जगन्मात्रम्; जगत्+मयम्=जगन्मयम्।

९ लत्व

"तोर्लि"—ल परे रहने पर त् और द् के स्थान में ल् और न् के स्थान में सानुनासिक ल् होता है। यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

तत्+लयः=तल्लयः; तद्+लीनः=तल्लीनः; उत्+लेखः=उल्लेखः। उत्+लंघनम्=उल्लंघनम्; तत्+लीला=तल्लीला; शरद्+लीला=शरल्लीला। महान्+लाभः=महाँल्लाभः; विद्वान्+लिखति=विद्वाँल्लिखति।

(क) म् के पश्चात् ल् रहने पर अनुस्वार अथवा चन्द्रविन्दु सहित म् के स्थान में ल् होता है। विकल्प से ल् का लोप भी होता है। यथा—

पुम्+लिङ्गम्=पुंल्लिङ्गम्, पुँल्लिङ्गम्, पुंलिङ्गम्, पुँलिङ्गम्।

(१०) छत्व

"शश्छोऽटि"—त्, द् के बाद श् आवे तो श् के स्थान में छ् हो जाता है। यथा—

सत्+शास्त्रम्=सच्छास्त्रम्; तद्+शरीरम्=तच्छरीरम्।

उत्+शिष्टः=उच्छिष्टः; उत्+श्वासः=उच्छ्वासः; शरद्+शयनम्=शरच्छयनम्।

विपद्+शान्तिः=विपच्छान्तिः; सन्+शम्भुः=सञ्छम्भुः, सञ्शम्भुः।

(११) ङमुडागम

"ङमो ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम्" यदि पदान्त ङ् ण् न् के पूर्व ह्रस्व स्वर हो और परे कोई स्वर हो तो उक्तवर्णों का द्वित्व होता है। यथा—

प्रत्यङ्+आत्मा=प्रत्यङ्ङात्मा; सुगण्+ईशः=सुगण्णीशः।

सन्+अच्युतः=सन्नच्युतः; कुर्वन्+आस्ते=कुर्वन्नास्ते।

धावन्+अश्वः=धावन्नश्वः; चिन्तयन्+इह=चिन्तयन्निह।

(१२) तुगागम

"छे च"—ह्रस्व स्वर से परे छकार हो तो ह्रस्व स्वर को तुक् (त्) आगम होता है। और त् के स्थान पर श्चुत्व होकर च् हो जाता है—अर्थात् स्वर वर्ण के बाद 'छ' रहने से 'छ' के स्थान में 'च्छ' हो जाता है यथा—

शिव+छाया=शिवच्छाया; परि+छेदः=परिच्छेदः; प्र+छाया=प्रच्छाया।

(क) दीर्घ स्वर से परे भी छकार हो तो तुक् (त्) का आगम होता है; पर पदान्त दीर्घस्वर से परे छकार हो तो विकल्प से तुक् का आगम होता है। यथा—

आ+छादयति=आच्छादयति; मा+छिदत्=माच्छिदत्।

सेनपुरा+छाया=सेनपुराच्छाया; लक्ष्मी+छाया=लक्ष्मीच्छाया।

(१३) सुडागम

"संपरिभ्यां करोतौ भूषणे" 'सम्' उपसर्ग के बाद 'कृ' धातु का प्रयोग हो तो नित्य ही म् के स्थान में अनुस्वार या अनुनासिक हो जायेगा और आगे 'स्' का

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आगम होता है; किन्तु परि उपसर्ग के बाद 'कृ' के प्रयोग में 'ष' का आगम होता है।

सम्+कारः=संस्कारः, सँस्कारः; सम्+कृतम्=संस्कृतम्, सँस्कृतम्।

परि+कारः=परिष्कारः।

१४ "पुमः खय्यम्परे—पुम् शब्द के बाद वर्गों के प्रथम, द्वितीय अक्षर रहने पर 'स्' का आगम हो जाता है। यथा—

पुम्+कोकिलः=पुंस्कोकिलः, पुँस्कोकिलः; पुम्+पुत्र=पुंस्पुत्रः, पुँस्पुत्रः।

१५ "सम्पुंकानां सो वक्तव्यः"—सम्, पुम् और कान् इन तीनों शब्दों के म् के स्थान में रेफ होता है, रेफ के स्थान में विसर्ग और विसर्ग के स्थान में नित्य सकार होता है। यथा—

सम्+कर्ता=सँस्स्कर्त्ता, संस्स्कर्त्ता; सम्+कारः=सँस्स्कारः, संस्स्कारः।

पुम्+चरित्रम्=पुँश्चरित्रम्, पुंश्चरित्रम्; पुम्=टीका=पुँष्टीका, पुंष्टीका।

कान्+कान्=काँस्कान्, कांस्कान्।

अनुशीलनी

(१) निम्नाङ्कित पदों में सन्धि कीजिए—

हरिः+शेते; षष्+थः; सत्+चित्+आनन्दः; उत्+छिन्नः; एतत्+जालम्; उत्+ज्वलः; तत्+छविः; तत्+शोभा; आकृष्+तः; प्रतिष्+था; अधिष्+था; विद्वत्+जनः; बृहत्+वनम्; अप्+जम्; वाक्+दण्डः; उत्+हारः; वाक्+हरिः; तत्+भवः; तत्+हितम्; महत्+चक्रम्; सत्+शास्त्रम्; तत्+लीला; हसन्+उत्थितः; शत्रुम्+जयः; विपद्+कालः; मुनिः+चिनोति; भवान्+लभते; महान्+लाभः; मधुरम्+वदति; किम्+करोति; ककुभ्+पातः; दिग्+पालः; अप्+आशयः; त्वक्+इयम्; जगत्+अन्तः; एतत्+धनुः; एतत्+हेतुः; उत्+टङ्कनम्; दिक्+नागः; महत्+छत्रम्; सत्+ठक्कुरः; जलम्+नयति; योषित्+माया; जगत्+नाथः; पुम्+कोकिलः; सन्+अच्युतः।

(२) सन्धिविच्छेद कीजिए—

कुवन्नास्ते; पेष्टा; नरष्षष्ठः; वार्गीशः; अजन्तः; सुबन्तम्; पद्धतिः; दिग्घासः; उच्छ्वासः; उच्छिष्टः; वाङ्मात्रम्; उल्लङ्घनम्; शरल्लीला; संहारः; सशयः; यंस्यात; सम्राट्; संलापः; सञ्चयः; सन्देशः; आच्छादयति; वाग्दानम्; हरुन्नागतः; लिप्सा; पयस्पाशम्; अग्निचिल्लुनाति; आच्छाया; चिन्मयम्; यज्ञः; राज्ञी; तानुवाच; सन्नच्युतः; वाञ्छति; तल्लीनः; सन्षष्ठः; अज्झलः; उत्झलः, उत्थानम्, प्रश्नः, महाण्डामरः, तट्टीका, रामष्टीकते, तच्छविः, याञ्चा, प्रतिष्ठा, षष्ठः, तद्धितम्, हसंश्चलति, स्मरन्नुवाच, तन्नीरम्, दिग्गजः, अम्मानम्, भवन्मतम्, माच्छिदत्, धनं ददाति, रंस्यते, पतंस्तरुः, पश्यंश्च-कितः, तज्झंकारः, बृहल्ललाटम्, महानाग्रहः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(३) श्चुत्व, ष्टुत्व और अनुस्वार सन्धियों को उदाहरण सहित लिखिए ।

(४) वर्ग के प्रथम वर्ण के स्थान पर तृतीय वर्ण किन-किन स्थितियों में होता है, सोदाहरण समझाइये ।

(५) जशत्व के पाँच उदाहरण लिखिए ।

(६) 'खरि च' और 'स्तोः श्चुना श्चुः' सूत्रों का उदाहरण सहित अर्थ लिखिए ।

(७) लत्व, छत्व और तुगागम सम्बन्धी नियमों को उदाहरण सहित लिखिए ।

विसर्ग-सन्धि

विसर्ग-सन्धि—विसर्ग के साथ स्वर वर्ण या व्यञ्जन वर्ण के मिलने से जो विकार होता है, उसे विसर्ग या विसर्जनीय सन्धि कहते हैं। विसर्ग सन्धि के नियमों को निम्न-लिखित वर्गों में विभक्त किया जा सकता है—

(१) सत्व—विसर्ग के स्थान पर श् ष् और स् का आदेश ।

(२) रुत्व—विसर्ग के स्थान पर रेफ ।

(३) उत्व—विसर्ग के स्थान पर उत्व ।

(४) जिह्वामूलीयत्व—विसर्ग के स्थान पर जिह्वामूलीय और उपध्मानीय ।

(५) यत्व और यलोप—विसर्ग के स्थान पर य और विकल्प से यकार का लोप ।

(६) विसर्ग का लोप—विसर्ग के लोप सम्बन्धी नियम ।

(७) रेफलोप-दीर्घभाव—रेफ का लोप और पूर्वस्वर के दीर्घ सम्बन्धी नियम ।

(१) सत्व

"विसर्जनीयस्य सः"—च् छ् परे रहने से विसर्ग के स्थान में श्, ट् ठ् परे रहने से ष् और त् थ् परे रहने से स् होता है। यथा—

पूर्णः+चन्द्रः=पूर्णश्चन्द्रः, प्रियः+छात्रः=प्रियश्छात्रः ।
हरिः+ठक्कुरः=हरिष्ठक्कुरः, रामः+टीकते=रामष्टीकते ।
निम्बः+तरुः=निम्बस्तरुः, नद्याः+तीरम्=नद्यास्तीरम् ।

(क) **"वा शरि"**—यदि विसर्ग के बाद श्, ष् और स् आवे तो विसर्ग के स्थान में विकल्प से श्, ष् और स् होता है। यथा—

सुप्तः+शिशुः=सुप्तश्शिशुः, सुप्तःशिशुः हरिः+शेते=हरिश्शेते, हरिः शेते । मत्तः+षट्पदः=मत्तष्षट्पदः, मत्तः षट्पदः ; बालः+षष्ठ=बालष्षष्ठः, बालः षष्ठः ; सर्पः+सरति=सर्पस्सरति, सर्पः सरति; निः+सरति=निस्सरति, निःसरति ।

(ख) **"नमस्पुरसोर्गत्योः**—क ख प फ के परे गति संज्ञक नमस् और पुरस् शब्द सम्बन्धी विसर्ग के स्थान में दन्त्य 'स्' होता है। यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

नमः+करोति=नमस्करोति, नमः+कारः=नमस्कारः ।
पुरः+कारः=पुरस्कारः, पुरः+करोति=पुरस्करोति ।

(ग) "तिरसोऽन्यतरस्याम्"—क ख प फ के परे तिरस् शब्द सम्बन्धी विसर्ग के स्थान पर विकल्प से 'स्' होता है । यथा—
तिरः+करोति=तिरस्करोति, तिरःकरोति, तिरः+कार=तिरस्कारः, तिरःकारः ।

(घ) कार, कर, काम, कान्त, कंस, कुम्भ, पात्र, कुशा और कर्णी शब्द के पर में रहने पर विसर्ग के स्थान में दन्त्य 'स्' होता है । अधस् और शिरस् शब्दों के विसर्ग के स्थान पर सकार हो जाता है । पाश, कल्प, काम्य, क आदि पर में रहने पर अस् भागान्त शब्दों के विसर्ग के स्थान पर स् होता है, किन्तु 'सर्पिष्' शब्द के बाद में आने पर 'ष्' हो जाता है । यथा—
अयः+कारः=अयस्कारः, श्रेयः+करः=श्रेयस्करः, अयः+कामः=अयस्कामः ।
अयः+कान्तः=अयस्कान्तः, अयः+कंसः=अयस्कंसः, पयः+कुम्भः=पयस्कुम्भः ।
पयः+पात्रम्=पयस्पात्रम्, अयः+कुशा=अयस्कुशा, अयः+कर्णी=अयस्कर्णी ।
अधः+पदम्=अधस्पदम्, शिरः+पदम्=शिरस्पदम् ।
पयः+पाशम्=पयस्पाशम्, यशः+कल्पम्=यशस्कल्पम् ।
यशः+काम्यः=यशस्काम्यः, यशः+कम्=यशस्कम् ।
सर्पिः+पाशम्=सर्पिष्पाशम्, सर्पिः+कल्पम्=सर्पिष्कल्पम् ।
सर्पिः+करोति=सर्पिष्करोति, सर्पिःकरोति ।

(ङ) क्, ख्, प्, फ् के परे रहने पर इस् और उस् भागान्त अव्ययों के विसग के स्थान में 'ष्' हो जाता है । समास में भी विसर्ग के स्थान पर मूर्धन्य 'ष्' होता है । यथा—
निः+कपटः=निष्कपटः, निः+कण्टकम्=निष्कण्टकम् ।
निः+कृतम्=निष्कृतम्, दुः+कृतम्=दुष्कृतम् ।
बहिः+कृतम्=बहिष्कृतम्, दुः+कृतिः=दुष्कृतिः ।
निः+खातम्=निष्खातम्, दुः+खननम्=दुष्खननम् ।
निः+पापम्=निष्पापम्, निः+फलम्=निष्फलम् ।
दुः+प्रवृत्तिः=दुष्प्रवृत्तिः, दुः+प्रकृतिः=दुष्प्रकृतिः ।
सर्पिः+कुण्डिका=सर्पिष्कुण्डिका, हविः+कृष्णम्=हविष्कृष्णम् ।
धनुः+खण्डम्=धनुष्खण्डम्, धनुः+काण्डम्=धनुष्काण्डम् ।
धनुः+पाणिः=धनुष्पाणिः, धनुः+कपालम्=धनुष्कपालम् ।

(च) क्, ख्, प्, फ् के परे तिरस् शब्द सम्बन्धी विसर्ग के स्थान पर विकल्प से 'स्' होता है । यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

तिरः+करोति=तिरस्करोति, तिरःकरोति, तिरः+कारः=तिरस्कारः तिरःकारः ।

अपवाद—

विसर्ग के पहले अ और बाद में क्, ख्, प्, फ् रहें तो विसर्ग का विसर्ग ही रह जाता है । यथा—

कः+करोति=कः करोति, रामः+खनति=रामः खनति ।

श्यामः+पतति= श्यामः पतति, वृक्षः+फलति=वृक्षः फलति ।

विशेष—

भाः+करः=भास्करः

(२) रुत्व

"ससजुषोरुः"—पदान्त सकार तथा सजुष् शब्द के षकार के स्थान में रु (र्) होता है । आशय यह है कि विसर्ग के पहले अ, आ को छोड़कर दूसरा कोई स्वर हो और विसर्ग से परे स्वर वर्ण, वर्ग का तृतीय, चतुर्थ और पञ्चम वर्ण अथवा य् र् ल् व् ह् हों तो विसर्ग के स्थान में 'र्' होता है । यथा—

कविः+अयम्=कविरयम्, रविः+उदेति=रविरुदेति ।

निः+धनः=निर्धनः, वायुः+वाति=वायुर्वाति ।

शिशुः+हसति=शिशुर्हसति, निः+झरः=निर्झरः ।

निः+गुणः=निर्गुणः, निः+यातः=निर्यातः ।

निः+वचनम्=निर्वचनम्, निः+अर्थः=निरर्थः ।

(३) उत्व

"हशि च"—हश्—वर्ग का तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम वर्ण य, र, ल, व और ह के परे रहने पर प्लुत अकार से पर स सम्बन्धी 'र्' के स्थान पर उ होता है । अभिप्राय यह है कि विसर्ग के पहले अ और विसर्ग के बाद तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम वर्ण य् र् ल् व् ह् हों तो अ और विसर्ग के स्थान में 'ओ' हो जाता है । यथा—

शोभनः+गन्धः=शोभनो गन्धः, नूतनः+घटः=नूतनो घटः, देवः+गच्छति=देवो गच्छति।

कृष्णः+जयति=कृष्णो जयति, मधुरः+झङ्कारः=मधुरो झङ्कारः ।

निर्वाणः+दीपः=निर्वाणो दीपः, मृगः+धावति=मृगो धावति ।

मनः+भावः=मनोभावः, नरः+याति=नरो याति ।

मनः+रथः=मनोरथः, यशः+लभते=यशो लभते ।

बालः+हसति=बालो हसति, शीतः+वायुः=शीतो वायुः ।

रामः+गच्छति=रामो गच्छति, अधः+गतिः=अधो गतिः ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अहः+रात्रः=अहोरात्रः, तपः+वनम्=तपोवनम् ।

यशः+दा=यशोदाः, शिवः+वदति=शिवो वदति ।

(क) पद के अन्त में स्थित विसर्ग के पहले अ हो और बाद में भी अ हो तो प्रथम अ और विसर्ग मिलकर ओ हो जाता है और बाद वाले अ का लोप होकर उसके स्थान पर खण्डाकार ऽ होता है । यथा—

कः+अत्र=कोऽत्र, शिवः+अत्र=शिवोऽत्र ।

शिवः+अर्च्यः=शिवोऽर्च्यः, नरः+अयम्=नरोऽयम् !

वेदः+अधीतः = वेदोऽधीतः, देवः+अयम् = देवोऽयम् ।

(४) जिह्वामूलीय और उपध्मानीय

"कुप्वो ≍ क ≍पौ च"—यदि विसर्ग के बाद क ख प फ में से कोई वर्ण आवे तो विसर्ग के स्थान में विसर्ग ही बना रहता है अथवा क ख के आगे रहने पर जिह्वा-मूलीय (≍) तथा प फ के आगे रहने पर उपध्मानीय (≍) हो जाता है । यथा—

कः+करोति=क ≍ करोति, कः करोति, कः+खनति = क ≍ खनति कःखनति ।

कः+पचति=क ≍ पचति, कः पचति, कः+फलति=क ≍ फलति, कः फलति ।

(५) यत्व और यलोप

"भोभगो अघो अ पूर्वस्य योऽशि"—भो, भगो अघो और अ शब्दों के अनन्तर रहने वाले विसर्ग के बाद वर्गों का तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम वर्ण तथा य र ल व ह रहें तो विसर्ग सम्बन्धी रु के स्थान में यकार होता है और यकार का लोप हो जाता है यथा–

भोः+देवाः=भो+य्+देवाः = भोदेवाः, भगोः+नमस्ते = भगो य् नमस्ते=भगो नमस्ते

अघोः+याहि=अघो य् याहि=अघो याहि ।

(६) विसर्ग लोप—

(क) विसर्ग के पहले आ और विसर्ग के परे स्वर वर्ण, वर्ग का तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम वर्ण अथवा य् र् ल् व् ह् हों तो विसर्ग का लोप होता है । यथा—

अश्वाः+अमी=अश्वा अमी, हताः+गजाः =हता गजाः ।

अश्वाः+धावन्ति = अश्वा धावन्ति, उन्नताः+नगाः=उन्नता नगाः ।

नराः+लभन्ते = नरा लभन्ते, वाताः+वान्ति = वाता वान्ति ।

बालकाः+हसन्ति = बालका हसन्ति, देवाः+अत्र = देवा अत्र ।

जनाः+वदन्ति = जना वदन्ति, नराः+गीताः = नरा गीताः ।

(ख) अ के बाद वाले विसर्ग के बाद अ को छोड़कर कोई स्वर रहे तो विसर्ग लुप्त हो जाता है । यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

रामः+आगतः = राम आगतः, नरः+इव = नर इव ।

अतः+एव=अत एव , सूर्यः+उदेति = सूर्य उदेति ।

अपवाद—

पुनः, प्रातः, अन्तः, दुः, निः प्रभृति शब्दों से तथा ऋकारान्त शब्दों के सम्बोधन एक वचन के रजात विसर्ग का न तो लोप होता है और न पूर्वस्थित अ के साथ मिल कर ओ होता है, किन्तु **'जलतुम्बिकान्यायेन'** रेफ का ऊर्ध्वगमन हो जाता है । यथा–

प्रातः+गमनम् = प्रातर्गमनम् , पुनः+धर्मः=पुनर्धर्मः ।

निः+जलम् = निर्जलम् , दुः+झनत्कारः = दुर्झनत्कारः ।

पुनः+अपि=पुनरपि, प्रातः+एव=प्रातरेव ।

स्वः+गतः=स्वर्गतः, दुः+गमनम्=दुर्गमनम् ।

दुः+जनः=दुर्जनः, दुः+आशा=दुराशा ।

निः+गुणः=निर्गुणः; दुः+उपयोगः=दुरुपयोगः ।

पुनः+गमनम्=पुनर्गमनम् ; अहः+गणः=अहगणः ।

भानुः+उदेति=भानुरुदेति; अहः+अहः=अहरहः ।

(७) रेफलोप-दीर्घभाव

"रोरि"—रेफ के परे रेफ् का लोप होता है ।

"ढ्लोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः"—र् के बाद र् आवे और ढ् के बाद ढ् आवे तो र् और ढ् का लोप हो जाता है और पूर्व में आये हुए अ इ उ यदि ह्रस्व स्वर हों तो वे दीर्घ हो जाते हैं । यथा—

पुनः+रमते=पुना रमते; हरिः+रम्य=हरी रम्यः ।

शम्भुः+राजते=शम्भूराजते; अन्तः+राष्ट्रियः=अन्ताराष्ट्रियः ।

हरिः+रक्षति=हरी रक्षति; निः+रसः=नीरसः; निः+रोगः=नीरोग ।

विधुः+राजते=विधूराजते; गुरुः+रुष्टः=गुरूरुष्टः; निः+रवः=नीरवः ।

अनुशीलनी

१—विसर्ग सन्धि के नियमों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए ।

२—सन्धि-विच्छेद कीजिए—

निश्चलः, मनस्तापः; निर्गुणः, निर्विकारः; दुरुपयोगः, निस्सरति, पुनारमते, नीरवः, नीरसः, विधूराजते, राम आगतः, नरो ददाति, यशोदा, पयोदः, अहोरात्रः, मनोरथः, तपोवनम्, शिवोऽयम् , बालो हसति, निष्कण्टकम्, निष्कारणम् , निष्कलम्, निश्छलः, पुरस्कारः, भास्करः, शिरस्पदम् , अयस्कारः, दुष्कृतिः, निष्पापम् , निष्कपटः, तेजोमयः,

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इन्द् राजते, पूर्णो घटः, चतुष्टयम्, अहोरूपम्, अयस्कान्तः, सुन्दरो नरः, एष बालकः, अहरहः, सर्पिष्कम्, बहिष्कृतम्।

३—सनियम सन्धि कीजिए—

सुप्तः+शिशुः, गौः+गच्छति, सः+अहम्, वायुः+चलति, उन्नतः+तरुः, निः+क्रमः, नरः+याति, पयः+दः, निः+गुणः, चतुः+कपालम्, भ्रातुः+पुत्रः, भुवः+लोकः, दुः+कर्म, अश्वः+धावति, निः+तारः, मनः+अवधानम्, निः+णयः, यशः+कल्पम्, निः+आकारः, निः+ईहः, गुरुः+राजते, अधः+कृतम्, गीः+कारः, वासः+ छादयति, शिष्यः+अत्र, कः+आस्ते, सः+उत्सवः, हरिः+ शेते, नरः+इव, नूतनः+घटः,

४–विसर्ग का लोप किस-किस अवस्था में होता है, इसके प्रमुख नियमों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

५–विसर्ग के पहले आ और विसर्ग के परे स्वर वर्ण रहने पर विसर्ग की क्या अवस्था रहेगी ? सोदाहरण व्याखया कीजिए।

६–विसर्ग के स्थान पर मूर्धन्य 'ष', किस स्थिति में होता है, सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

७–विसर्ग के स्थान में ओकार किस अवस्था में उत्पन्न होता है, इसके चार उदाहरण लिखिए।

णत्वविधान

(नकार का णकार में परिवर्त्तन)

(१) **"रषाभ्यां नो णः समानपदे"**—एक ही वाक्य में ऋ, ॠ, र्, या ष्, के बाद न् आवे तो न् के स्थान में ण्, होता है। यथा—

नृ+नाम्=नृणाम् ; तिसृ+नाम्=तिसृणाम् ; भ्रातॄ+नाम्=भ्रातॄणाम्।

पितॄ+नाम्=पितॄणाम् ; पूष्+ना=पूष्णा; कृष्+नः=कृष्णः।

चतुर्+नाम=चतुर्णाम्।

"(२) अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि"—यदि र्, ष्, ऋ, ॠ और न् के बीच में कोई स्वर; य्, व्, र्, ह्, कवर्ग, पवर्ग और अनुस्वार में से कोई एक वर्ण अथवा अनेक वर्ण हों तो 'न्' के स्थान में 'ण्' होता है। **यथा—**

गर्वे+न=गर्वेण; रवि+ना=रविणा; द्रव्ये+न=द्रव्येण; रामे+न=रामेण।

हरी+नाम्=हरीणाम् ; मृगे+न=मृगेण; पुरुषे+न=पुरुषेण।

दीर्घे+न=दीर्घेण; आर्षे+न=आर्षेण; अर्के+न=अर्केण।

पुनर्भू+नाम्=पुनर्भूणाम् ; प्रभु+ना=प्रभुणा; श्रीकामे+न=श्रीकामेण।

परि+पाकेन=परिपाकेण; दुर्+गमेन=दुर्गमेण।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

व्रीहि+वनम्=व्रीहिवणम् ; व्रीहिवनम् ; दूर्वा+वनम्=दूर्वावणम् , दूर्वावनम् ।
नीवार+वनम्=नीवारवणम् ; लोध्र+वनम्=लोध्रवणम् ।
बदरी+वनम्=बदरीवणम् , बदरीवनम् ; जम्बीर+वनम्=जम्बीरवणम् ।

(३) शर, इक्षु, प्लक्ष, आम्र, खदिर आदि शब्दों के परे वन शब्द के न कार के स्थान पर णकार होता है । यथा—

शर+वनम्=शरवणम् ; प्लक्ष+वनम्–प्लक्षवणम् ; आम्र+वनम्–आम्रवणम् ।
इक्षु+वनम्–इक्षुवणम् ; खदिर+वनम्–खदिरवणम् ; प्र+वनम्–प्रवणम् ।
निर्+वनम्–निर्वणम्, अन्तर्+वनम्–अन्तर्वणम् , कार्ष्य+वनम्–कार्ष्यवणम् ।
इक्षु+वाहनम्–इक्षुवाहणम् , क्षीर+पानाः–क्षीरपाणाः उशीनराः ।
सुरा+पानाः–सुरापाणाः ।

(४) प्र, पूर्व, अपर इत्यादि शब्दों के परे अह्न शब्द के नकार के स्थान पर णकार होता है । यथा—

प्र+अह्नः–प्राह्णः, पूर्व+अह्नः–पूर्वाह्णः, अपर+अह्नः–अपराह्णः ।

(५) पर, पार, उत्तर, चान्द्र और नार शब्दों के परे अयन शब्द के नकार को णकार होता है । यथा—

पर+अयनम्–परायणम् , पार+अयनम्–पारायणम् , उत्तर+अयनम्–उत्तरायणम् ।
चान्द्र+अयनम्–चान्द्रायणम् , नार+अयनः–नारायणः ।

(६) प्र, द्रु, खर और वार्ध्री के परे नस् शब्द के नकार के स्थान पर णकार होता है यथा—

प्र+नसः–प्रणसः, द्रु+नसः–द्रुणसः, वार्ध्री+नसः–वार्ध्रीणसः ।

(७) गिरि नदी, स्वर् नदी इत्यादि के नकार के स्थान पर णकार आदेश होता है । यथा—

गिरि+नदी–गिरिणदी, गिरिनदी; स्वर्+नदी–स्वर्णदी, स्वर्नदी ।
गिरि+नितम्बः-गिरिणितम्बः, गिरिनितम्बः; गिरि+नखः–गिरिणखः, गिरिनखः ।
गिरि+नद्धः–गिरिणद्धः, गिरिनद्धः; चक्र+नदी–चक्रणदी, चक्रनदी ।
चक्र+नितम्बः–चक्रणितम्बः, चक्रनितम्बः; माषो+नः–माषोणः ।

(८) प्र, परा, परि, और निर् इन चार उपसर्गों के परे नद्, नम, नश्, नह्, नी, नु, नुद्, अन् और हन् धातुओं के नकार के स्थान पर णकार होता है । यथा—

प्र+नदति–प्रणदति, प्र+नमति–प्रणमति, परि+नमति–परिणमति ।
परि+नामः–परिणामः, प्र+नश्यति–प्रणश्यति, परि+नाहः–परिणाहः ।
प्र+नोदः–प्रणोदः, प्र+नयति–प्रणयति, प्र+नयः–प्रणयः ।

(९) गद्, पत्, दा, धा, हन्, नद्, प्रद्, दान, दो, दे, सो, धे, मा, या, द्रा,

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्ला, वप्, शम्, वह्, चि, दिह् धातुओं के पूर्ववर्ती नि उपसर्ग के नकार के स्थान में णकार होता है। यथा—

प्रनि+गदति–प्रणिगदति, प्रनि+पतति–प्रणिपतति, प्रनि+पातः–प्रणिपातः।

प्रनि+धानम्=प्रणिधानम्, प्रनि+हन्ति=प्रणिहन्ति।

(१०) धातु के पहले प्र, परा, परि, निर् ये चार उपसर्ग या अन्तर् शब्द हो तो कृत् प्रत्यय के न् का ण होता है। यथा—

प्र+यानम्=प्रयाणम्, प्र+हानम्=प्रहाणम्।

प्रवह+मानः=प्रवहमाणः, प्र+मानम्=प्रमाणम्।

पाम+डाप्=पाम+आ=पामा; सीम+डाप्=सीम+आ=सीमा ।

बहुपर्व+डाप्=बहुपर्व+आ=बहुपर्वा; बहुराजन्+डाप्=बहुराजन्+आ=बहुराजा; यहाँ विकल्प से ङीप् होता है, अतः बहुराज्ञी रूप भी बनता है ।

चाप् (आ)

३–"यङश्चाप्" जातिवाची यङ् प्रत्ययान्त शब्दों से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए चाप् (आ) प्रत्यय जुड़ता है । यथा—

सौवीर्य+चाप्=सौवीर्य+आ=सौवीर्या; कारीषगन्ध्य+चाप्=कारीषगन्ध्य+आ= कारीषगन्ध्या; वाराह्य+चाप्=वाराह्य+आ=वाराह्या। शर्कराक्ष्य+चाप्=शर्कराक्ष्य+आ= शर्कराक्ष्या; पौतिमाष्य+आ=पौतिमाष्या । गोकक्ष्य+आ=गोकक्ष्या; आवट्य+आ=आवट्या, सूर्य+चाप्=सूर्य+ आ=सूर्या; सूर्य+ङीष्=सूरी (वैकल्पिकरूप) ।

उक्त तीनों प्रत्ययों का फलितार्थ 'आ' प्रत्यय है, जिसके संयोग से स्त्रीवाची शब्द निष्पन्न होते हैं ।

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
कृशः+आ=	कृशा	प्रथमः+आ=	प्रथमा
वीरः+आ=	वीरा	द्वितीयः+आ=	द्वितीया
दीनः+आ=	दीना	तृतीयः+आ=	तृतीया
मलिनः+आ=	मलिना	तुरीयः+आ=	तुरीया
चतुरः+आ=	चतुरा	आत्मजः+आ=	आत्मजा
धीरः+आ=	धीरा	सर्वज्ञः+आ	सर्वज्ञा
चपलः+आ=	चपला	सुगमः+आ=	सुगमा
पण्डितः+आ=	पण्डिता	मनोहरः+आ=	मनोहरा
अनुकूलः+आ=	अनुकूला	यशोधरः+आ	यशोधरा
शान्तः+आ=	शान्ता	दुर्लभः+आ=	दुर्लभा
निपुणः+आ=	निपुणा	सुलभः+आ=	सुलभा
कुशलः+आ=	कुशला	ज्ञानदः+आ=	ज्ञानदा

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कृष्णः+आ=	कृष्णा	श्रुतः+आ=	श्रुता
प्रबलः+आ=	प्रबला	दृष्टः+आ=	दृष्टा
स्थिरः+आ=	स्थिरा	गन्तव्यः+आ=	गन्तव्या
कार्यः+आ	कार्या	पाठ्यः+आ=	पाठ्या
मदीयः+आ=	मदीया	त्वदीयः+आ=	त्वदीया
मामकीनः+आ=	मामकीना	तावकीनः+आ=	तावकीना
गुरुतरः+आ=	गुरुतरा	महत्तमः+आ=	महत्तमा
लघुतमः+आ=	लघुतमा	कनिष्ठः+आ	कनिष्ठा
ज्येष्ठः+आ=	ज्येष्ठा	बलिष्ठः+आ=	बलिष्ठा

ङीप् (ई)

४ "ऋन्नेभ्योङीप्"—ऋकारान्त और नकारान्त शब्दों से ङीप् (ई) प्रत्यय होता है। यथा—

दातृ+ङीप्=दातृ+ई=दात्री, गन्तृ+ङीप्=गन्तृ+ई गन्त्री । तेजस्विन्+ङीप्=तेजस्विन्+ई=तेजस्विनी; गुणिन्+ङीप्=गुणिनी।

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
दातृ–दाता+ई=	दात्री	कामिन्–कामी+ई=	कामिनी
धातृ–धाता+ई=	धात्री	मानिन्–मानी+ई=	मानिनी
कर्तृ–कर्त्ता+ई=	कर्त्री	मायाविन्–मायावी+ई=	मायाविनी
जनयितृ–जनयिता+ई=	जनयित्री	विलासिन्–विलासी+ई=	विलासिनी
प्रसवितृ–प्रसविता+ई=	प्रसवित्री	उपकारिन्–उपकारी+ई=	उपकारिणी
संवादयितृ–संवादयिता+ई=	संवादयित्री	अनुरागिन्–अनुरागी+ई=	अनुरागिणी
भोक्तृ–भोक्ता+ई=	भोक्त्री	अधिकारिन्–अधिकारी+ई=	अधिकारिणी
गन्तृ–गन्ता+ई=	गन्त्री	प्रियवादिन्–प्रियवादी+ई=	प्रियवादिनी

(क) "टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्तयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः"—टित्, ढ, अण्, अञ्, द्वयसच, दघ्नञ, मात्रच, तयप्, ठक्, ठञ्, क्वरप, कञ् आदि प्रत्ययों से बने अकारान्त शब्दों से ङीप् प्रत्यय लगता है। यथा—

वनेचर+ङीप्=वनेचर+ई=वनेचरी; तापस+ङीप्=तापस+ई=तापसी।

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिग	स्त्रीलिङ्ग
टित्—वनेचर+ङीप्=	वनेचरी	अण्—कुम्भकार+ङीप्=	कुम्भकारी
,, —सेनाचर+ङीप्	सेनाचरी	अञ्—तापस+ङीप्=	तापसी

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

ढ—वैनतेय+ङीप्=	वैनतेयी	द्वयसच्—जानुद्वयस्+ङीप्=जानुद्वयसी
गाङ्गेय+ङीप्=	गाङ्गेयी	दघ्नञ्—जानुदघ्न+ङीप्= जानुदघ्नी
सारमेय+ङीप्=	सारमेयी	मात्रच्—जानुमात्र+ङीप=जानुमात्री
तयप्—चतुष्टय++ङीप्=	चतुष्टयी	ठक्—धार्मिक+ङीप्=धार्मिकी
दशतय+ङीप्=	दशतयी	ठञ्—मासिक+ङीप्=मासिकी
कञ्—यादृश+ङीप्+	यादृशी	लावणिक+ङीप्=लावणिकी
तादृश्+ङीप्=	तादृशी	क्वरप्—नश्वर + ङीप्= नश्वरी

(ख) "उगितश्च"—उ और ऋ लोप होनेवाले प्रत्ययों के योग से बने शब्दों के उत्तर ङीप् (ई) प्रत्यय होता है। यथा—भवत्+ङीप्=भवत्+ई=भवती

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
भवत्	भवती	कुर्वत्	कुर्वती
विद्वस्	विदुषी	सदत्	सदती
गतवत्	गतवती	युवत्	युवती
कृतवत्	कृतवती	करिष्यत्	करिष्यती
प्रेयस्	प्रेयसी	यावत्	यावती
स्मृत्वत्	स्मृतवती	श्रीमत्	श्रीमती
श्रुतवत्	श्रुतवती	पुत्रवत्	पुत्रवती
पटीयस्	पटीयसी	गरीयस्	गरीयसी
धावत्	धावन्ती	गच्छत्	गच्छन्ती
तिष्ठत्	तिष्ठन्ती	चलत्	चलन्ती
पश्यत्	पश्यन्ती	दीव्यत्	दीव्यन्ती
नश्यत्	नश्यन्ती	जीर्यत्	जीर्यन्ती
कारयत्	कारयन्ती	स्मारयत्	स्मारयन्ती
तुदत्	तुदन्ती, तुदती	इच्छत्	इच्छन्ती; इच्छती
यात्	याती, यान्ती	मात्	मान्ती, माती
भविष्यत्	भविष्यन्ती	करिष्यत्	करिष्यन्ती

(ग) "द्विगोः" द्विगुसंज्ञक अकारान्त शब्दों से ङीप् प्रत्यय होता है।—

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिग	स्त्रीलिङ्ग
पञ्चमूलः	पञ्चमूली	दशमूलः	दशमूली
अष्टाध्यायः	अष्टाध्यायी	अष्टसहस्रः	अष्टसहस्री

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

त्रिलोकः	त्रिलोकी	द्विपुरुषः	द्विपुरुषा, द्विपुरुषी
त्रिपुरुषः	त्रिपुरुषी		

(घ) "दामहायनान्ताच्च"—जिन शब्दों के आदि में संख्या और अन्त में दामन् या हायन हो, उन शब्दों से ङीप् प्रत्यय होता है। यथा—

द्वे दाम्नी यस्याः सा द्विदाम्नी, द्विहायनी, त्रिहायणी, चतुर्हायणी।

(ङ)"वयसि प्रथमे"—बाल्यावस्था और युवावस्था के बोधक अकारान्त शब्दों से स्त्रीलिङ्ग में ङीप् (ई) प्रत्यय होता है। यथा—

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
कुमारः	कुमारी	किशोरः	किशोरी
तरुणः	तरुणी	वधूटः	बधूटी
चिरण्टः	चिरण्टी	कलमः	कलमी
वर्करः	वर्करी		

(च) "पत्युर्नो यज्ञसंयोगे"—यज्ञ-संयोग अर्थात् यज्ञ के फलभागित्व अथ में पति के उत्तर ङीप् और इकार के स्थान में न होता है। यथा—

वशिष्ठस्य पत्नी; दिलीपस्य पत्नी।

(छ) विभाषा सपूर्वस्य"—पति शब्दान्त स्त्रीलिङ्ग समास में विकल्प से ङीप् (ई) प्रत्यय और न् का आगम होता है। यथा—

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
सभापतिः	सभापत्नी	वृद्धपतिः	वृद्धपत्नी
युवपतिः	युवपत्नी	स्थूलपतिः	स्थूलपत्नी
जीवपतिः	जीवपत्नी	कृशपतिः	कृशपत्नी

(ज) "अन्तर्वत् पतिवतोर्नुक्"—अन्तर्वत् और पतिवत् शब्द से ङीप् प्रत्यय और नुक् का आगम होता है। यथा—अन्तर्वत्नी, पतिवत्नी।

(झ) "वनो र च" वन् प्रत्ययान्त शब्दों तथा उन समासों में, जहाँ ऐसे शब्द आर पदमें हों, ङीप् प्रत्यय लगता है और न के स्थान पर र् होता है। यथा

पुल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
पीवन्	पीवरी	धीवन्	धीवरी
अतिधीवन्	अतिधीवरी	पारदृश्वन्	पारदृश्वरी

(ञ) "मनोरौ वा"—मनु शब्द से स्त्रीलिङ्ग बनाने में ङीप् प्रत्यय लगता है और मनु शब्द को औकार तथा पद्य में एकारादेश होता है,। यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

मनोः स्त्री=मनायी, मनावी और मनुः ।

(ट) "पादोऽन्यतरस्याम्" पाद-भागान्त शब्दों से स्त्रीलिङ्ग बनाने में विकल्प से ङीप् प्रत्यय होता है । यथा—

द्विपाद्—द्विपदी; त्रिपाद्—त्रिपदी; चतुष्पाद्—चतुष्पदी ।

ङीष् (ई)

५ "जातेरस्त्रीविषयादयोपधात्"—जाति अर्थ में जातिवाचक अकारान्त शब्दों से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ङीष् (ई) प्रत्यय जोड़ा जाता है । यथा—

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
सिंहः	सिंही	व्याघ्रः	व्याघ्री
मृगः	मृगी	शूकरः	शूकरी
हरिणः	हरिणी	शृगालः	शृगाली
घोटकः	घोटकी	महिषः	महिषी
गर्दभः	गर्दभी	विडालः	विडाली
मानुषः	मानुषी	पिशाचः	पिशाची
हंसः	हंसी	सारसः	सारसी
महिषः	महिषी	चाण्डालः	चाण्डाली
राक्षसः	राक्षसी	निशाचरः	निशाचरी
कुक्कुरः	कुक्कुरी	क्षत्रियः	क्षत्रियी, क्षत्रिया
शूद्रः	शूद्री		

(क) "षिद्गौरादिभ्यश्च"—नर्तक, खनक, पथिक, गौर, मनुष्य, मत्स्य, शृंग, पिङ्गल, हय, गवय, ऋष्य, हरिण, कोकण, अलक, वदर, उभय, नट, मंगल शब्दों के अनन्तर ङीष् (ई) प्रत्यय जोड़ा जाता है । यथा—

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
नर्तकः	नर्तकी	खनकः	खनकी
पथिकः	पथिकी	कुमारः	कुमारी
सुन्दरः	सुन्दरी	पितामहः	पितामही
कदलः	कदली	स्थलः	स्थली
कासः	कासी	नागः	नागी

(ख) "वोतो गुणवचनात्"—उकारान्त गुणवाचक शब्दों से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए विकल्प से ङीष् प्रत्यय होता है । यथा—

६

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
मृदुः	मृद्वी	पटुः	पट्वी
साधुः	साध्वी	गुरुः	गुर्वी
लघुः	लघ्वी	बहुः	बह्वी
अणुः	अण्वी	स्वादुः	स्वाद्वी

(ग) "स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्"—बहुव्रीहि समास होने पर अवयव वाचक शब्द के उत्तर विकल्प से ङीष् प्रत्यय होता है यथा—

चन्द्रमुख+ङीष्=चन्द्रमुख+ई=चन्द्रमुखी, विकल्प में चन्द्रमुखा, सुकेशा, सुकेशी, ताम्रनखा, ताम्रनखी।

अपवाद—संज्ञावाची नखान्त और मुखान्त शब्दों से ङीष् नहीं होता। यथा शूर्पणखा, वज्रणखा, गौरमुखा, कालमुखा।

(घ) जब अवयव-वाचक शब्द दो से अधिक स्वरों का हो तो अवयव-वाचक शब्दों से ङीष् (ई) प्रत्यय नहीं होता। यथा—

पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग
सुलोचनः	सुलोचना	मृगनयनः	मृगनयना
चारुवदनः	चारुवदना	कुन्ददशनः	कुन्ददशना

(ङ) "पाककर्णपर्णपुष्पफलमूलबालोत्तरपदाच्च"—जिन शब्दों के उत्तर पद में पाक, कर्ण, पर्ण, पुष्प, फल, मूल, और बाल हों, उन शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के लिए ङीष् प्रत्यय होता है। यथा

पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग
ओदनपाकः	ओदनपाकी	शंकुकर्णः	शंकुकर्णी
शालपर्णः	शालपर्णी	शङ्खपुष्पः	शङ्खपुष्पी
गोबालः	गोबाली	दर्भमूलम्	दर्भमूली

(च) "नासिकोदरौष्ठजङ्घादन्तकर्णश्रृङ्गाच्च"—नासिका, उदर, ओष्ठ, जंघा, दन्त, कर्ण, श्रृङ्ग, कण्ठ, गात्र प्रभृति शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के लिए ङीष् प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा—

पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग
तुङ्गनासिकः	तुङ्गनासिकी, तुङ्गनासिका	दीर्घोदरः	दीर्घोदरी, दीर्घोदरा
बिम्बोष्ठः	बिम्बोष्ठी, बिम्बोष्ठा	कुन्ददन्तः	कुन्ददन्ती, कुन्ददन्ता

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

चारुकर्णः	चारुकर्णी, चारुकर्णा	कलकण्ठः	कलकण्ठी, कलकण्ठा
कृशगात्रः	कृशगात्री, कृशगात्रा	विमलाङ्गः	विमलाङ्गी, विमलाङ्गा

(छ) "इन्द्रवरुणभवशर्वरुद्रमृडहिमारण्ययवयवनमातुलाचार्याणामानुक्"—इन्द्र, वरुण, भव, शर्व, रुद्र, मृड, हिम, अरण्य, यव, यवन, मातुल, आचार्य और उपाध्याय शब्दों में ङीष् लगने के पूर्व आनुक् (आन्) जोड़ दिया जाता है। यथा—

पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग
इन्द्रः	इन्द्राणी	भवः	भवानी
रुद्रः	रुद्राणी	शर्वः	शर्वाणी
वरुणः	वरुणानी	मातुलः	मातुलानी
क्षत्रियः	क्षत्रियाणी	आचार्यः	आचार्यानी (आर्यानीमें णत्व नहीं होता है।)
उपाध्यायः	उपाध्यायानी	यवनः	यवनानी
हिमः	हिमानी	मृडः	मृडानी

ङीन् (ई)

६ "शाङ्गरवाद्यञो ङीन्"—शाङ्गरव, कापटव आदि गण के जातिवाचक शब्दों से परे स्त्रीत्व की विवक्षा में ङीन् (ई) प्रत्यय होता है। यथा—

पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग
शाङ्गरवः	शाङ्गरवी	विदः	वैदी
ना	नारी		

ऊङ् (ऊ)

७ "ऊङुतः"—मनुष्यवाचक उकारान्त शब्दों से जिनकी उपधा में य न हो, स्त्रीत्व विवक्षा में 'ऊङ्' प्रत्यय लगता है। यथा—

पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग
कुरुः	कुरूः	अलाबुः	अलाबूः
कद्रुः	कद्रूः	कर्कन्धुः	कर्कन्धूः
कमण्डलुः	कमण्डलूः	पंगुः	पंगूः
श्वशुरः	श्वश्रूः	वामोरुः	वामोरूः

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

रम्भोरुः	रम्भोरूः	शफोरुः	शफोरूः
सहोरुः	सहोरूः	संहितोरुः	संहितोरूः

अपवाद—रज्जुः, धेनुः, आखुः, हनुः, कमण्डलुः (संज्ञा भिन्न अर्थ में) कृकवाकुः, कृतवाहुः, अध्वर्युः ।

ति

८ "यूनस्तिः"—युवन् शब्द से स्त्रीलिंग बनाने के लिए 'ति' प्रत्यय जुड़ता है और प्रत्यय से पूर्व के नकार का लोप होता है । यथा—

युवन्+ति=युवतिः, युवती, यूनी, श्वन्–शुनी; मघवन्–मघोनी, मघवती ।

अध्ययनीय शब्द

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
राजा	राज्ञी	भयङ्करः	भयङ्करी
श्वा-कुत्ता	शुनी	सखा (सखि)	सखी
विद्वान्	विदुषी	मुनिः	मुनिः, मुनी
मघवा-इन्द्र	मघोनी, मघवती	मृदुः	मृद्वी, मृदुः
मनुष्यः	मानुषी	साधुः	साध्वी, साधुः
मातुलः	मातुलानी	युवा	युवतिः, यूनी, युवती
नरः, ना	नारी	बहुराजः	बहुराजा, बहुराज्ञी
मत्स्यः	मत्सी	सुकेशः	सुकेशी, सुकेशा
कुरुः	कुरूः	महाराजः	महाराजी
गृहपतिः	गृहपत्नी, गृहपतिः	गार्ग्यः	गार्गी
श्वशुरः	श्वश्रूः	सूर्यः	सूर्या, सूरी
समानपतिः	सपत्नी	भ्राता	स्वसा
एकपतिः	एकपत्नी	वरः	वधूः
ग्रामपतिः	ग्रामपत्नी, ग्रामपतिः	अग्निः	अग्नायी
अधिपतिः	अधिपतिः	प्राच्	प्राची
तुदत्	तुदन्ती, तुदती	नश्वरः	नश्वरी
दीव्यत्	दीव्यन्ती	धीवरः	धीवरी
बोधयत्	बोधयन्ती	चातुर्यः	चातुरी
गरीयान्	गरीयसी		

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
मनुः	मनायी, मनावी, मनुः
शूद्रः	शूद्रा, शूद्री
आचार्यः	आचार्या, आचार्यानी
क्षत्रियः	क्षत्रिया, क्षत्रियी, क्षत्रियाणी
उपाध्यायः	उपाध्याया, उपाध्यायी, उपाध्यायानी
सभापतिः	सभापत्नी, सभापतिः
पाण्डुः	पाण्डुः
पठन्	पठन्ती
कमण्डलुः	कमण्डलूः, कमण्डलुः
तस्थिवस् (तस्थिवान्)	तस्थुषी
कद्रुः	कद्रुः, कद्रूः
धीवन्	धीवरी
पीवन्	पीवरी
चञ्चुः	चञ्चूः
इन्द्रः	इन्द्राणी
गोपः	गोपा, गोपी
गोपालकः	गोपालिका
धाता	धात्री
मनस्वी	मनस्विनी
छात्रः	छात्री, छात्रा
भ्रः	भ्रूः
कलकण्ठः	कलकण्ठी, कलकण्ठा
गरीयान्	गरीयसी
प्रेयान्	प्रेयसी
भवान्	भवती
गतवान्	गतवती
कुर्वन्	कुर्वती
करिष्यन्	करिष्यती, करिष्यन्ती
चारुवदनः	चारुवदना (चारुवदनी रूप नहीं होता)

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
धनवान्	धनवती
बुद्धिमान्	बुद्धिमती
मदीयः	मदीया
जग्मिवस् (जग्मिवान्)	जग्मुषी
ब्रह्मा	ब्रह्माणी
रुदन्	रुदती
ददत्	ददती
यशस्करः	यशस्करी
यादृशः	यादृशी
मेधाविन् (मेधावी)	मेधाविनी
अधिकारिन् (अधिकारी)	अधिकारिणी
उपकारिन् (उपकारी)	उपकारिणी
मनोहारिन् (मनोहारी)	मनोहारिणी
विद्यार्थिन् (विद्यार्थी)	विद्यार्थिनी
प्रियवादिन् (प्रियवादी)	प्रियवादिनी
यवनः	यवानी, यवनानी, यवनी
तपस्विन् (तपस्वी)	तपस्विनी
दण्डिन् (दण्डी)	दण्डिनी
तदीयः	तदीया
मृन्मयः	मृन्मयी
भवदीयः	भवदीया
जलदः	जलदा
अर्यः	अर्यी, अर्याणी, अर्या
पात्रकः	पात्रिका
पाठकः	पाठिका
बोधकः	बोधिका
गायकः	गायिका
मामकः	मामिका
सर्वकः	सर्विका
गम्भीरः	गम्भीरा
पण्डितः	पण्डिता

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुंल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
मूषिकः	मूषिका	इत्वरः	इत्वरी
कोकिलः	कोकिला	स्थलः	स्थली, स्थला
शङ्कः	शङ्का	कर्मकरः	कर्मकरी
पतिः	पत्नी	गायनः	गायनी
द्वितीयः	द्वितीया, द्वितीयी	गुणकरः	गुणकरी

शब्दयुग्मों में अर्थभेद

१—क्षत्रियाणी, क्षत्रिया—क्षात्रधर्म से युक्त स्त्री अथवा क्षत्रिय जाति की स्त्री।

क्षत्रियी—क्षत्रिय की स्त्री—क्षत्रिय किसी भी जाति की स्त्री से विवाह करले, तो उसकी वह पत्नी 'क्षत्रियी' कही जायगी।

२—अर्याणी, अर्या—स्वामिनी, वैश्या अर्थात् वैश्य जाति की स्त्री।

अर्यी—वैश्य की पत्नी—यह किसी भी जाति की हो सकती है।

३—शूद्रा—शूद्र जाति की स्त्री।

शूद्री—शूद्र की पत्नी—किसी भी जाति की स्त्री सम्भव है। शूद्र की पत्नी विषम जाति की होने पर भी शूद्री कही जायगी।

४—उपाध्याया—शिक्षा देनेवाली या अध्यापनकार्य करनेवाली स्त्री।

उपाध्यायी, उपाध्यायिनी—उपाध्याय की स्त्री।

५—आचार्या—आध्यात्मिक शिक्षा देनेवाली नारी।

आचार्यानी—आचार्य की पत्नी।

६—यवानी—खराब जौ, जिससे अंकुर न निकले।

यवनानी—यवन लिपि।

यवनी—यवन जाति की स्त्री।

७—भाजी—पकाने योग्य तरकारी।

भाजा—पकाने की योग्यता से रहित तरकारी।

८—स्थला—कृत्रिम भूमि।

स्थली—प्राकृतिक भूमि।

९—गोपी—गोप जाति के व्यक्ति विशेष की स्त्री, यह किसी भी जाति की हो सकती है।

गोपा—गोपा तु गोपकन्यका—गोप जाति की स्त्री।

१०—नीला—सामान्य वर्णवाची—यथा-कुवलयदलनीला कोकिला, नीला शाटी।

नीली—प्राणि और औषधिवाचक—यथा-नीली औषधिः, नीली गौः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

११—कुशा—कुशा नाम की घास—यथा-कुशा रज्जुः।
कुशी— लोहविकार—फाल।
१२—कामुकी—मैथुन करने की इच्छा वाली।
कामुका—धनादि पदार्थ लेने की इच्छा वाली।
१३—पतिवत्नी—सौभाग्यवती स्त्री – जीवति भर्तरि।
पतिमती—अधिनायक वाली—यथा-पतिमती सेना।
१४—अन्तर्वत्नी—गर्भिणी स्त्री।
अन्तर्वती—अन्तरवाली भूमि।
१५—गोणी—अनाज रखने का वस्त्रनिर्मित पात्रविशेष, बोरा।
गोणा—साधारण अर्थ में प्रयुक्त संज्ञा।
१६—पाणिगृहीती—धार्मिकविधि से परिणीत भार्या।
पाणिगृहीता—जिस किसी तरह पत्नी रूप से स्वीकृत की गयी स्त्री।
१७—कुण्डी—पात्री।
कुण्डा—जारजा, (यार से उत्पन्न) अर्गला—बेड़ा।
१८—धनक्रीती—धन के द्वारा खरीदी गयी कोई भी वस्तु।
धनक्रीता—धन के द्वारा खरीदी गयी स्त्री; यथा—सा हि तस्य धनक्रीता प्राणेभ्योऽपि गरीयसी।
१९—कवरा—चित्र-विचित्र वर्णवाली—चितकवरी।
कवरी—केशवेशः—वेणी।
२०—चन्द्रभागी—चन्द्रिका—चाँदनी।
चन्द्रभागा—नदी का नाम।
२१—द्विपुरुषी—दो पुरुषा गहरी—द्वौ पुरुषौ प्रमाणमस्या खातायाः।
द्विपुरुषा—दो पुरुषों के द्वारा खरीदी गयी—'द्वाभ्यां पुरुषाभ्यां क्रीता'।
२२—त्रिपुरुषी—तीन पुरुषा गहरी।
त्रिपुरुषा—तीन पुरुषों के द्वारा खरीदी गयी।
२३—सभापतिः—किसी सभा में अध्यक्ष का आसन ग्रहण करनेवाली नारी।
सभापत्नी—सभापति की स्त्री।
२४—सूर्या—सूर्य देवता की स्त्री।
सूरी—कुन्ती।
२५—नागी—स्थूला—नागी भवति स्थौल्यं चेत्, नागा अन्या।
नागा—जातिवाचक, हस्तिनी और सर्पिणी।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

२६–शर्वरी—रात्रिः ।
गर्वरी—सन्ध्या ।
२७–पृतना—सेना ।
पूतना—राक्षसी ।
२८–सुगेषणा—किन्नरी ।
सुदेषणा—विराट् पत्नी ।
२९–वधूटी—युवती, प्रथमवया स्त्री ।
चिरण्टी—अप्राप्तवया स्त्री ।
३०–पतिः–स्त्रीत्व विवक्षा में–स्वामिनी–
यथा ग्रामस्य पतिरियं ब्राह्मणी ।
पत्नी–यज्ञफलभोक्त्री–यज्ञ का फल प्राप्त करनेवाली; यथा—वशिष्ठस्य पत्नी–वशिष्ठानुष्ठित–यज्ञफलभोक्त्री ।
अथवा–पुरुष के धन की स्वामिनी–
अस्य पुंसः वित्तस्य स्वामिनी ।
३१–चन्द्रमुखा—संज्ञाविशेष ।
चन्द्रमुखी–चन्द्रमा के समान मुखवाली ।
३२–शूर्पणखी–शूर्पमिव नखा अस्याः—
शूर्प के समान नखवाली ।
शूर्पणखा—नामविशेष ।
३३–रक्षा—बचाव ।
रक्षी—रक्षक, सिपाही ।
३४–लक्षम्—लाख संख्या ।
लक्ष्यम्—निशाना ।
३५–शान्तः—शान्त ।
सान्तः—अन्त सहित ।
३६–शङ्करः—शिव ।
सङ्करः—मिश्रित ।
३७–स्वजनः—बन्धु ।
श्वजनः—कुत्ता ।
३८–शकृत्—मैला ।
सकृत्—एक बार ।
३९–सकलम्—समस्त, सारा ।
शकलम्—टुकड़ा ।
४०–शरः—वाण ।
सरः—तालाब ।
४१–शर्वः—शङ्कर ।
सर्वः—सारा, समस्त ।
४२–शरणम्—शरण में जाना ।
शरण्यम्—शरण देनेवाला ।
४३–सुतः—पुत्र ।
सूतः—सारथी ।
४४–स्वर्णम्—सोना ।
सुवर्णम्—अच्छा रंग ।
४५–हरिणी—मृगी ।
हारिणी—हरनेवाली स्त्री ।
४६–बलिः—देवभाग ।
बली—बलवान् ।
४७–वेला—तट ।
वेला—समय ।
४८–मित्रम्—मित्र ।
मित्रः—सूर्य ।
४९–यवः—जौ ।
जवः—वेग ।
५०–व्यजनम्—पंखा ।
व्यञ्जनम्—शाक, सुन्दर भोजन ।
५१–द्विपः—हाथी ।
द्वीपः—टापू ।
५२–अवधानः—सावधान ।
अभिधानः—कोष ।
५३–आधिः—मानसिक व्यथा ।
व्याधिः—शारीरिक कष्ट ।
५४–इति—समाप्ति ।
ईतिः—अतिवृष्टि या अनावृष्टि ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

५५-कुलम्—वंश कुल ।
कूलम्—तट ।

५६-तरुणी—युवती ।
तरुणा—वृक्ष से-तरु+टा—
तृतीया एकवचन ।

अनुशीलनी

१ विवेकिन्, अरण्य, युवन्, शूद्र, मातुल, बिम्बोष्ठ, सभापति, श्रीमन्, लघु, दातृ, कर्तृ, किशोर, मदीय, इच्छन्, अश्व और श्वशुर शब्दों के स्त्रीलिङ्ग रूप लिखिये ।

२ निम्नाङ्कितों के लिए एक शब्द प्रयुक्त कीजिए—

आचार्यस्य जाया; मृग इव नयनेऽस्याः; समानः पतिरस्याः; परिणयेन पाणिः गृहीतः यस्याः सा; स्वयमध्यापयति या सा; वीरः पतिरस्याः; मातुलस्य जाया; दुष्टो यवः; महत् हिमम् ।

३ प्रमुख स्त्री-प्रत्ययों को सोदाहरण समझाइये ।

४ ङीप्, टाप्, ङीष्, और ऊङ् प्रत्ययों के पाँच-पाँच उदाहरण लिखिये ।

अव्यय

अव्यय—जो सदा एक रूप रहते हैं, वे अव्यय हैं । ऐसे शब्द जिनके रूप में कोई विकार-परिवर्तन उत्पन्न न हो और जो सदा एक-से-सभी विभक्ति, सभी वचन और सभी लिंगों में एक समान रहें, अव्यय कहलाते हैं ।

सदृशं त्रिषु लिंगेषु सर्वासु च विभक्तिषु ।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥

तीनों लिङ्ग, सभी विभक्ति और सभी वचनों के अनुसार जिनके रूपों में व्यय—घटती-बढ़ती न हो, वे अव्यय हैं । यथा—उच्चैः, नीचैः, अभितः, परितः आदि ।

अव्यय पाँच प्रकार के होते हैं—(१) उपसर्ग (२) क्रियाविशेषण (३) समुच्चयादि-बोधक (४) मनोविकार सूचक (५) और अतिरिक्त अव्यय या निपात ।

उपसर्ग

जो धातुओं और धातुज शब्दों से पूर्व लगते हैं, वे उपसर्ग हैं । उपसर्गों के तीन कार्य हैं—

(१) धातु के अर्थ में परिवर्तन करना । (२) धातु के अर्थ को पुष्ट करना ।

(३) धातु के अर्थ सर्वथा बदल देना ।

बताया है—

धात्वर्थं बाधते कश्चित् कश्चित् तमनुवर्तते ।
तमेव विशिनष्ट्यन्य उपसर्गगतिस्त्रिधा ॥

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

उपसर्ग के योग से धातु का अर्थ परिवर्तित हो जाता है। यथा—

उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते।
प्रहाराऽऽहार-संहार-विहार-परिहारवत् ॥

हरति—ले जाता है; अपहरति—चुराता है; अनुहरति—नकल करता है; परिहरति—छोड़ता है; आहरति—लाता है; प्रहरति—मारता है; विहरति—विहार करता है; उपहरति—उपहार देता है; आदि।

उपसर्ग २२ हैं—प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, सु, उत्, अभि, अति, प्रति, परि और उप।

१ प्र—प्रकर्ष-अधिकता; जैसे प्रभवति नृपः!

२ परा—विपरीत, पीछे, पृथक्—परागत—दूर गया; पराजयते—हारता है; पराभवति।

३ अप—पृथक्, दूर—अपहारः—दूर ले जाना; अपकरोति—हानि या बुरा करता है।

४ सम्—अच्छा, पूरा, साथ आदि। संगम्—संयुक्त होना; संस्कृतिः—परिष्कार, शुद्धि।

५ अनु—पीछे, साथ—राममनुगच्छति लक्ष्मणः।

६ अव—नीचे, दूर, अभाव-अवतारः—नीचे आना; अवमानः—नीचा मानना।

७-८ निस्, निर्—निषेध, बाहर, दूर—निस्सारः—साररहित, निर्गमः—निकास, बाहर जाने का मार्ग; रामस्तं निराकरोति।

९-१० दुस्, दुर्—कठिन, बुरा—दुष्करोऽस्ति—कठिन है; दुर्योधनस्य दुर्नीतिरफलम्।

११ वि—अलग होना, विना—वियोगः—विरह; विश्लिष्यति—अलग होता है।

१२ आङ्—तक, कम—दिलीप आसमुद्रं पृथिव्याः पतिरासीत्।

१३ नि—अन्दर, नीचे—दुष्टान् नियमयति—दुष्टों को अधीन या नीचे करता है।

१४ अधि—ऊपर—अधिरोहति—ऊपर चढ़ता है।

१५ अपि—भी, निकट—देवदत्तोऽपि नागतः।

१६ अति—बाहुल्य अथवा उल्लङ्घन-अतिक्रमः—सीमा का उल्लङ्घन, अतिनिद्रा—अधिक नींद।

१७ सु—अच्छा, सहज—सुकृतम्—अच्छा कार्य, सुगम—सहज।

१८ उत्—ऊपर, ऊँचा, श्रेष्ठ-उत्तमः, उद्भूतः, उत्साहः।

१९ अभि—ओर—अभिगमनम्—किसी ओर जाना।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

२० प्रति—ओर, उलटा; प्रति+कारः=प्रतिकारः—बदला; त्वं पितरं प्रति गच्छ।
२१ परि—चारों ओर—पृथिवी सूर्यं परिगच्छति पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है।
२२ उप—निकट—उपमानम्—मान के समीप; उपासना—निकट बैठना, प्रार्थना।

क्रिया विशेषण

क्रियाविशेषण संस्कृत में कई प्रकार के होते हैं। कुछ क्रियाविशेषण 'स्वः' आदि अव्ययों में परिगणित हैं; कुछ सर्वनामों से बनते हैं— जैसे-इदानीम्, यथा, तथा आदि; कुछ संख्यावाची शब्दों से बनते हैं; जैसे—एकधा, द्विधा, त्रिधा आदि और कुछ संज्ञाओं में तद्धित प्रत्यय जोड़ने से बनते हैं। यथा—पुत्रवत्, भस्मसात्, आदि।

क्रियाविशेषणों की तालिका

अकस्मात्=हठात्
अग्रतः=आगे
अग्रे=पहले
अचिरम्, अचिरात्, अचिरेण =शीघ्र, तुरन्त
अजस्रम्=निरन्तर, सदा
अञ्जसा=ठीक से, निश्चय से
अन्तर्=अन्दर
अतः=इसलिए
अतीव=बहुत
अत्र=यहाँ
अथ=तब, अनन्तर
अथ किम्=हाँ, तो क्या
अद्य=आज
अधः, अधस्तात् =नीचे
अपरम्=और
अपरेद्युः=दूसरे दिन
अधुना=अब

अनिशम्=निरन्तर, सदा
अन्तरेण=बारे में, विना
अन्तरा=बिना, बीच में
अन्तरे=बीच में
अन्यच्च=और
अन्यत्=इसके अतिरिक्त
अन्यत्र=अन्य स्थान में
अभितः=दोनों ओर, समीप में
अभीक्ष्णम्=निरन्तर, बार बार
अम्=शीघ्रता से
अर्वाक्=पहले
अलम्=बस, पर्याप्त
असकृत्=कई बार
असम्प्रति, असाम्प्रतम् =अनुचित
आरात्=दूर, समीप
इतः=यहाँ से
इत्थम्=इस प्रकार
इति=इस तरह
इदानीम्=इस समय

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इह=यहाँ
ईषत्=कुछ, थोड़ा
उच्चैः=ऊँचे
उभयतः=दोनों ओर
ऋतम्=सच
ऋते=बिना
एकदा=एक बार
एकधा=एक प्रकार
एकपदे=एक साथ
एतर्हि=अब
एव=ही
एवम्=इस तरह
कच्चित्, कच्चन=क्या
कथम्=कैसे
कथञ्चन, कथञ्चित्=किस प्रकार
कदा=कब
कदाचित्=शायद, कभी
कदापि = कभी
कदापि न=कभी नहीं
किञ्च=और
किन्तु=लेकिन
किम् =क्या ? क्यों ?
किमुत=और कितना
किंवा=या
किल=सचमुच
कुतः=कहाँ से
कुत्र=कहाँ
कुत्रचित्=कहीं
कृतम्=बस, हो गया
क्व=कहाँ
क्वचित्=कहीं
खलु=निश्चय करके
चिरम्=देर तक
जातु=कभी भी
झटिति=जल्दी
तत्=इसलिए
ततः=फिर
तत्र=वहाँ
तदा=तब
तदानीम्=तब
तथा=उस तरह
तथाहि=जैसे
तस्मात्=इसलिए
तर्हि=तब, तो
तावत्=तबतक
तिरः, तिर्यक्=तिरछे
तूष्णीम्=चुपचाप
दिष्ट्या=सौभाग्य से
दूरम्=दूर
दोषा=रात्रि
द्राक्=शीघ्र
ध्रुवम्=निश्चय
न=नहीं
नवरम्=परन्तु
नाना=कई तरह से
नाम=प्रसिद्ध
निकषा=निकट
नीचैः=नीचे
नूनम्=निश्चित
नो=नहीं
परम्=किन्तु, फिर
परश्वः=परसों

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

परितः=चारों ओर
परेद्युः=दूसरे दिन कल
पर्याप्तम्=काफी
पश्चात्=पीछे
पुनः=फिर
पुरतः, पुरः, पुरस्तात्=आगे
पुरा=पहले
पूर्वेद्युः=पहले दिन
पृथक्=अलग-अलग
प्रकामम्=यथेष्ट, बहुत
प्रतिदिन=हररोज
प्रत्युत=उल्टे
प्रसह्य=जबर्दस्ती
प्राक्=पहले
बलात्=जबर्दस्ती
बहिः=बाहर
भूयः=बार बार, अधिक
भृशम्=अधिकाधिक
मनाक्=थोड़ा
मिथः=परस्पर
मुधा=व्यर्थ, बेकार
मृषा=झूठ
मुहुः=बार बार
मृषा=झूठ
यत्=जो, क्योंकि
यत्र=जहाँ
यथा=जैसे
यथा तथा=जैसे तैसे
यथा यथा=जैसे जैसे
यदा=जब
यावत्=जब तक
युगपत्=एक साथ
बिना=विना

वृथा=बेकार
वै=निश्चय
शनैः=धीरे
श्वः=कल (आनेवाला दिन)
शश्वत्=सदा
सर्वथा=सब प्रकार से
सर्वदा=सदा
सह=साथ
सहसा=एकबारगी
सहितम्=साथ
साकम्=साथ
सकृत्=एकबार
समानम्=बराबर
सद्यः=तुरन्त
सना=सब दिन
सपदि=तुरन्त, शीघ्र
समन्तात्=चारों ओर
समम्=बराबर
समया=निकट
समीचीनम्=यथार्थ
समीपे, समीपम्=निकट
सम्प्रति=इस समय, अभी
सम्यक्=भली प्रकार
सर्वतः=सभी ओर
सर्वत्र=सब कहीं
साम्प्रतम्=अब, उचित
सायम्=शामको
सुष्ठु=अच्छी तरह
स्वस्ति=आशीर्वाद
साक्षात्=सामने
सार्धम्=साथ
हि=निश्चय से
ह्यः=कल (बीता हुआ दिन)

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

समुच्चयबोधक

समुच्चयादिबोधक अव्यय के सात भेद हैं—

१—संयोजक=च, अथ, अथो, उत, किंच, तु आदि।

२—वियोजक=वा, किंवा, तु, किन्तु आदि।

३—संकेतार्थ=यदि, चेत्, नोचेत्, यद्यपि, तथापि।

४—कारणवाचक=हि, तत्, तेन इत्यादि।

५—विकल्पवाचक=अहो, आहोस्वित्, उत, किं, किन्तु, किमुत, तनु, नु,

६—कालवाचक=यावत्, तावत्, यदा, तदा, कदा इत्यादि।

७—विधि अथवा निषेधार्थक=अङ्ग, अथ, किम्, आम्, अद्धा।

अथ कार्यारम्भ और इति कार्यान्त का सूचक है। च शब्द और अर्थ का सूचक है। जहाँ हिन्दी में और दो शब्दों के बीच में आता है, वहाँ संस्कृत में च शब्द दोनों के उपरान्त आता है। यथा— रामो लक्ष्मणश्च सीतया सह आगच्छताम्।

मनोबिकार सूचक अव्यय

(१) हन्त—हर्ष और खेदसूचक—हन्त! सविज्ञानमस्य दर्शनम्। हन्त! व्याधिना पीडितोऽस्मि।

(२) आः, हुम्, हम्—क्रोधसूचक; आः कथमिदं सञ्जातम्; हुम् किं विदधाति; हम् ते कविवरा विपरीतबोधाः।

(३) हा, हा हा, हन्त—शोक सूचक—हा! निर्धनते! त्वया जर्ज्जरीकृतोऽस्मि, हहा! रोगेण पीडितोऽस्मि, हन्त! त्वया कृतमिदम्।

(४) बत—दयासूचक, खेदसूचक—बत! शत्रुभिराक्रान्तोऽसि।

(५) अहो, अहह—विस्मयसूचक—अहो बत सिंहस्य; अहह! बुद्धिप्रकर्षः पाश्चात्यानाम्।

(६) किम्, धिक्—धिक्कारसूचक—धिक् त्वामपराधिनम्; किं कृतं त्वया।

(७) अङ्ग, अयि, अये, भोः—आदरसहित बुलाने के काम में आते हैं। यथा—अङ्ग, सुशर्मन्! हे शिष्य! भो गुरो!

(८) अयि, अरे, रे रे—अवज्ञा से बुलाने के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। यथा—अयि दुर्विनीते! भर्तारमुल्लंघयसि, अरे अरे मूढ! गुरुणा नाद्रियसे। रे रे वञ्चक!

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

निपात और अतिरिक्त अव्यय

निपात पाद-पूर्त्यर्थक होते हैं या अर्थ के बल को बढ़ाने वाले होते हैं। इनमें से कुछ ये हैं—

किल, खलु, च, नु, तु, वै, हि इत्यादि।

निम्नलिखित निपात कुछ विशिष्ट शब्दों के साथ प्रयुक्त होते हैं—

अद्–अद्भुतम् (आश्चर्य)

का—कापुरुषः (कायर), कोष्णम् (गुनगुना, कम गर्म)

काजलम् (थोड़ा जल)

कु—कुकृत्यम् (कुकर्म)

चन, चित्—किंचित्, किंचन, कश्चित् , कश्चन आदि।

अतिरिक्त अव्यय

तद्धितों और कृत्–प्रत्ययों के संयोग से भी कुछ अव्यय बनते हैं।

तद्धित–प्रत्ययों में—तसिल् प्रत्ययान्त, त्रस् प्रत्ययान्त, दा प्रत्ययान्त, दानीम् प्रत्ययान्त, अधुना, कर्हि, यर्हि, तर्हि, दिक् और कालवाचक—पुरः, पश्चात् , उत्तरेण, धा-प्रत्ययान्त एकधा, भूयप्रत्ययान्त—भस्मीभूय, शुक्लीभूय, सात् प्रत्ययान्त—अग्निसात् , धूलिसात् ; कृत्वसुच् प्रत्ययान्त—द्विकृत्वः, त्रिकृत्वः आदि अव्यय हैं।

कृदन्तों में स्मारं-स्मारं, गन्तुम् , पिबध्यै, कृत्वा आदि अव्यय के समान प्रयुक्त होते हैं।

—:०:—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पञ्चमोऽध्यायः

कारकविचार

"करोति क्रियां जनयतीति कारकम्"—क्रिया के उत्पादक को कारक कहते हैं अथवा "क्रियान्वयि कारकम्"—क्रिया के साथ जिसका साक्षात् सम्बन्ध हो, उसे कारक कहते हैं। संस्कृत में छह कारक हैं—

कर्त्ता कर्म च करणं सम्प्रदानं तथैव च।
अपादानाधिकरणं इत्याहुः कारकाणि षट् ॥

अर्थात्—कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण ये छः कारक होते हैं। संस्कृत के वैयाकरणों ने सम्बन्ध को कारक नहीं माना है; यतः सम्बन्ध कारक का क्रिया के साथ सीधा सम्बन्ध नहीं हे। यथा—"मोहनः सोहनस्य धनमचोरयत्" इस वाक्य में 'अचोरयत्' क्रिया के साथ न तो 'सोहनस्य' का साक्षात् सम्बन्ध है और न 'सोहनस्य' में 'अचोरयत्' क्रिया का जनकत्व—उत्पादकत्व ही है। अतः सम्बन्ध को कारक नहीं माना जाता।

कर्ता

"स्वतन्त्रः कर्त्ता"

क्रिया के करने में जो स्वतन्त्र हो अर्थात् जो काम करे उसे कर्त्ता कहते हैं। यथा-

'रामः फलं खादति' वाक्य में 'खादति' क्रिया का करनेवाला 'रामः' है अथवा 'खादति' क्रिया का व्यापार 'रामः' पर है, व्यापारवान् होने के कारण उक्त वाक्य में कर्त्ता 'रामः' हुआ।

कर्त्ता के दो भेद हैं—प्रयोजक कर्त्ता और प्रयोज्य कर्त्ता।

"तत्प्रयोजको हेतुश्च"

जो दूसरे को क्रिया करने के लिए प्रेरित करता है, उसे प्रयोजक कर्त्ता और जो काम करता है, उसे प्रयोज्य कर्त्ता कहते हैं।

कर्म

"कर्त्तरीप्सिततमं कर्म"

कर्त्ता के लिए जो अत्यन्त ईप्सित—अभीष्ट हो, उसे कर्म कहते हैं। तात्पर्य यह है कि क्रिया के 'फलाश्रय' को कर्म कहा जाता है। 'क्रिययाक्रान्तं कर्म'—क्रिया द्वारा जो

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आक्रान्त हो, उसे कर्म कहते हैं। अर्थात्—क्रिया सम्बन्धी फल जिस पर पड़ता है, वह कर्म है, यथा—'रामः, गृहं प्रविशति,' 'सः चन्द्रं पश्यति', 'रामः जलं पिबति' 'सः पुष्पं चिनोति' 'सः वृक्षमारोहति' प्रभृति वाक्यों में क्रियाओं का फल 'गृहं', 'चन्द्रं', 'जलं', 'पुष्पं', और 'वृक्षं' पर पड़ रहा है, अतः ये कर्म हैं।

करण

"साधकतमं करणम्"

अपने कार्य की सिद्धि में कर्त्ता जिसकी सबसे अधिक सहायता लेता है, उसे करण कहते हैं। यथा—'**रजकः लगुडेन गर्दभं** ताडयति' वाक्य में रजक कर्त्ता ताडन रूप क्रिया में लगुड (लाठी) की सबसे अधिक सहायता ग्रहण करता है, अतः 'लगुडेन' करण है। इसी प्रकार 'चक्षुषा पश्यति, कर्णेन शृणोति, हस्तेन गृह्णाति, दात्रेण लुनाति, यष्ट्या प्रहरति, वस्त्रेण आच्छादयति' प्रभृति वाक्यों में चक्षुषा, कर्णेन, हस्तेन, दात्रेण, यष्ट्या और वस्त्रेण करण-कारक के रूप हैं।

सम्प्रदान

"कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम्"—

दानकार्य द्वारा कर्त्ता जिसे सन्तुष्ट करता है, उसे सम्प्रदान कहते हैं।

"क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम्"

किसी भी क्रिया के द्वारा जो अभिप्रेत हो, वह सम्प्रदान है।

"यस्मै दानं सम्प्रदानम्"

जिसको कुछ दिया जाय उसे और जिसके लिए कोई क्रिया की जाय, उसे सम्प्रदान कहते हैं। यथा—

'दरिद्राय धनं ददाति'; 'भिक्षवे भिक्षां ददाति'; सर्वस्वं गुरवे ददाति, वाक्यों में दरिद्र के लिए, भिक्षु के लिए और गुरु के लिए दिया जा रहा है, अतः ये सम्प्रदान हैं।

अपादान

"ध्रुवमपायेऽपादानम्"

क्रिया द्वारा किसी वस्तु के अलगाव में जो अचल रहे, उसे अपादान कहते हैं। अथवा "**यतो विश्लेषोऽपादानम्**"—जिससे कोई वस्तु अलग हो, उसे अपादान कारक कहते हैं। यथा—'वृक्षात्पत्रं पतति' इस वाक्य में पतन क्रिया द्वारा पत्र के पृथक् होने

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पर भी वृक्ष अचल पाया जाता है। अतः 'वृक्षात्' अपादान कारक है। इसी प्रकार 'हस्ताद् भ्रष्टः' 'जलादुत्थितः' वाक्यों में हस्त और जल अपादान हैं।

अधिकरण

"आधारोऽधिकरणम्"

कर्त्ता और कर्म के आधार को अधिकरण कहते हैं। आशय यह है कि जो वस्तु क्रिया होते समय कर्त्ता और कर्म का आधार हो, उसे अधिकरण कहते हैं। आधार के तीन भेद हैं—(१) औपश्लेषिक या ऐक देशिक, वैषयिक और अभिव्यापक।

जिसके साथ आधेय का भौतिक संश्लेष हो, उसे औपश्लेषिक आधार कहते हैं। जैसे—"**कटे आस्ते काकः**" में चटाई और काक का भौतिक संश्लेष प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होता है। यही उदाहरण ऐकदेशिक का भी है; यतः काक चटाई के किसी एक प्रदेश में स्थित है, समस्त चटाई पर नहीं। इसी प्रकार '**वने वसति**', '**नद्यां स्नाति**', '**गृहे स्वपिति**', '**शय्यायां शिशुः शेते**' प्रभृति उदाहरण भी औपश्लेषिक या ऐकदेशिक आधार के उदाहरण हैं।

जिसके साथ आधेय का बौद्धिक संश्लेष हो, उसे वैषयिक आधार कहते हैं। यथा—'**मोक्षे इच्छा अस्ति**' वाक्य में इच्छा का मोक्ष में अधिष्ठित होना बौद्धिक संश्लेष है। इसी प्रकार '**विद्यायामनुरागः**'वाक्य में विद्या में अनुराग अधिष्ठित है।

जिसके साथ आधेय का व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध हो, उसे अभिव्यापक आधार कहते हैं। यथा—

'**तिलेषु तैलम्**' '**दुग्धे माधुर्यम्**' '**वह्नौ दाहिका शक्तिरस्ति**' वाक्यों में तैल, माधुर्य, दाहिका शक्ति; तिल, दुग्ध और वह्नि के किसी एक भाग में नहीं हैं, बल्कि समस्त तिल, दुग्ध और वह्नि में व्याप्त हैं।

विभक्ति-निर्णय

संख्याकारकबोधयित्री विभक्तिः—जिसके द्वारा संख्या और कारक का बोध हो, उसे विभक्ति कहते हैं। यथा—'घटः, घटौ, घटाः' में प्रथमा विभक्ति के एक घट, दो घट और बहुत घट का बोध होता है। 'चन्द्रं पश्यति' में चन्द्र में द्वितीया विभक्ति रहने से कर्मकारक का बोध होता है। विभक्तियाँ सात होती हैं—प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी और सप्तमी।

प्रथमा विभक्ति

१—"प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे प्रथमा"

प्रातिपदिक—संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम का अर्थमात्र कहना हो तो उसमें प्रथमा

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

विभक्ति होती है। यथा—वृक्षः, लता, पुष्पम्, गिरिः, नदी, जलम्, रामः, सीता, एकः, द्वौ, त्रयः, द्रोणः।

२—"उक्ते कर्त्तरि प्रथमा"

जिस वाक्य में कर्त्ता उक्त अर्थात् प्रधान हो—अर्थात् कर्तृवाच्य वाक्य में कर्त्ता को प्रथमा विभक्ति होती है। यथा—"शिशुः गृहं गच्छति" वाक्य में शिशु कर्त्ता है, और वही प्रधान है, यतः क्रिया उसके अनुकूल है, अतः 'शिशुः' प्रथमा विभक्ति हुई।

३—"उक्ते कर्मणि प्रथमा"

जिस वाक्य में कर्म उक्त—प्रधान हो, तो कर्म को प्रथमा विभक्ति होती है। अर्थात् कर्मवाच्य वाक्य में 'कर्म' को प्रथमा विभक्ति होती है। यथा—

'मया पुस्तकं पठ्यते' वाक्य में 'पुस्तकं' कर्म है और वही प्रधान है, क्योंकि क्रिया का प्रयोग उसीके अनुकूल हुआ है। अतः 'पुस्तकम्' में प्रथमा विभक्ति हुई है।

४—"सम्बोधने च"

सम्बोधन में भी प्रथमा विभक्ति होती है। यथा—

हे राम। आगच्छ, हे देवि! पठ, भो बालकः! पठत—वाक्यों में सम्बोधन अर्थ में प्रथमा विभक्ति हुई है।

५—"अव्ययोगे प्रथमा"

इति, अपि, नाम, आदि कई अव्ययों के योग में प्रथमा विभक्ति होती है। यथा—

'सरयूतीरे अयोध्येति नाम नगरी'; 'पाटलिपुत्रे चन्द्रगुप्तो नाम राजासीत्'; 'वने भासुरको नाम सिंहोः प्रतिवसति'; 'विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्' प्रभृति वाक्यों में इति, नाम और अपि अव्ययों का प्रयोग होने से प्रथमा विभक्ति हुई है।

द्वितीया विभक्ति

१—"कर्मणि द्वितीया"

कर्तृवाच्य में कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

सः पुस्तकं पठति। बालिका पुष्पाणि चिनोति। रामः जलं पिबति।

उक्त तीनों वाक्यों में 'पुस्तकं', 'पुष्पाणि' और 'जलं', में कर्तृवाच्य प्रयोग होने से कर्म में द्वितीया विभक्ति हुई है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

२—"अनुक्ते कर्मणि द्वितीया"

कर्तृवाच्य प्रयोगों में अनुक्त अर्थात् अप्रधान कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

मोहनः वेदं पठति। **श्यामः चन्द्रं** पश्यति। **दीपकः हरिं** भजति।

उक्त तीनों वाक्यों में 'वेदं', 'चन्द्रं' और 'हरिं' अप्रधान कर्म हैं; यतः क्रियाएँ उक्त प्रयोगों के अनुकूल न होकर कर्त्ताओं के अनुकूल हैं।

३—"क्रियाविशेषणे द्वितीया"

क्रियाविशेषण में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

प्रदीपः शीघ्रं गच्छति। **श्यामः मधुरं** भाषते। **स मन्दं मन्दं** धावति।
सः सत्वरं गच्छति। **मोहनः द्रुतं** पलायते।

उपर्युक्त वाक्यों में शीघ्रं, मधुरं, मन्द, सत्वरं, द्रुतं गच्छति, भाषते, धावति और पलायते क्रियाओं की विशेषता प्रकट करते हैं। अतः क्रियाविशेषणों में द्वितीया विभक्ति हुई है।

४—"कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे"

जब कोई क्रिया लगातार कुछ समय तक होती रहे या कोई वस्तु कुछ दूरी तक लगातार रहे तो समय और मार्गवाचक शब्दों में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

हरिः **मासं** व्याकरणं पठति—(हरि महीने भर लगातार व्याकरण पढ़ता है।)
क्रोशं कुटिला नदी—(लगातार कोस भर नदी है।)
क्रोशं गिरिः वर्तते—(लगातार कोस भर पहाड़ है।)
चत्वारि **वर्षाणि** संस्कृतमपाठिषम्। (लगातार चार वर्षों तक संस्कृत पढ़ा।)
मासान् भोजनाभावात् देवदत्तः मृतः—(महीने भर तक लगातार भोजन न मिलने से देवदत्त मर गया।)

५—"उपान्वध्याङ्वसः"

उप, अनु, आङ् और अधि उपसर्गयुक्त 'वस्' धातु के आधार में द्वितीया विभक्ति होती है।

(क) योगिनः **वनम्** अधिवसन्ति—योगी वन में निवास करते हैं।
(ख) हरिः **वैकुण्ठम्** उपवसति—हरि वैकुण्ठ में रहते हैं।
(ग) रामचन्द्रः **अयोध्याम्** अनुवसति—रामचन्द्र अयोध्या में रहते हैं।
(घ) सः **देशान्तरम्** आवसति—वह देशान्तर में रहता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

६—"अधिशीङ्स्थासां कर्म"

अधिपूर्वक 'शी', 'स्था' और 'आस' धातुओं के आधार में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

हरिः **समुद्रम्** अभिशेते—हरि समुद्र में सोते हैं।

सः **विद्यालयम्** अधितिष्ठति—वह विद्यालय में रहता है।

शिवः **कैलासम्** अध्यास्ते—शिव कैलास पर रहते हैं।

७—"अभिनिविशश्च"

अभि और नि उपसर्ग जब एक साथ विश् धातु के पहले आते हैं, तो विश् के आधार को कर्मकारक होता है। यथा—

क—अभिनिविशते **सन्मार्गम्**—(सन्मार्ग में प्रवेश करता है।)

ख—धन्या सा कामिनी **याम्** भवन्मनोऽभिनिविशते—वह स्त्री धन्य है, जिसमें आपका मन लगा है।

८—'अभितः परितः समयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि"

अभितः—दोनों ओर, परितः—चारों ओर, समया—समीप, हा और प्रति—ओर शब्दों की जिनमें सन्निकटता पायी जाय, उनमें द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

नदीमुभयतः वृक्षाः सन्ति—नदी के दोनों ओर वृक्ष हैं।

ग्रामं परितः वाटिकास्ति—गाँव के चारों ओर वाटिका है।

विद्यालयं सर्वतः पुष्पाणि सन्ति—विद्यालय के सभी ओर पुष्प हैं।

अभितो **ग्रामं** नदी वहति—गाँव के दोनों ओर नदी बहती है।

समुद्रं समया निकषा वा लङ्कास्ति—समुद्र के पास लङ्का है।

हा **दुर्जनम्**—दुर्जन के लिए खेद है।

स **वाराणसीं** प्रति गच्छति—वह वाराणसी की ओर जाता है।

९—**प्रति, अनु, उपर्युपरि, अन्तरा, अन्तरेण, अधोऽधः और धिक् के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—**

अनु—रामम् अनु, लक्ष्मणो जातः—राम के पीछे उत्पन्न हुए।

उपर्युपरि—उपर्युपरि **पर्वतम्** पश्यति—पर्वत के ऊपर-ऊपर देखता है।

अन्तरा—गङ्गां यमुनां चान्तरा प्रयागोऽस्ति—गङ्गा-यमुना के बीच प्रयाग है।

अन्तरेण—ज्ञानमन्तरेण न सुखम्—ज्ञान के बिना सुख नहीं है।

अधोऽधः—**वृक्षम**धोऽधः छायास्ति—वृक्ष के नीचे छाया है।

अध्यधि—**लोकम**ध्यधि हरिः—लोक के अन्दर-अन्दर हरि हैं।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

धिक्--धिक् **पापिनम्**—पापी को धिक्कार।

यावत्--**वनं** यावत् गच्छति—वन पर्यन्त जाता है।

अधिकृत्य--**मामधिकृत्य** त्वया किमभिहितम्—मेरे सम्बन्ध में तूने क्या कहा।

१०—"अकथितञ्च"

दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, जि, मथ्, मुष्, नी, हृ, कृष् और वह्, इन द्विकर्मक धातुओं के अपादान आदि को भी द्वितीया विभक्ति होती है। यथा—

गां दोग्धि पयः—गाय से दूध दुहता है।

व्रजमवरुणद्धि गाम्—गोशाला में गाय को रोकता है।

नृपः **दुर्जनं** शतं दण्डयति—राजा दुर्जन पर सौ रुपये दण्ड लगाता है।

राजा **रामं** क्षमां याचते—राजा राम से क्षमा माँगता है।

गुरुं धर्मं पृच्छति—गुरु से धर्म पूछता है।

लतां पुष्पाणि चिनोति—लता से पुष्प चुनता है।

नलिनं शतं जयते—नलिन से सौ रुपये जीतता है।

सागरं सुधां मथ्नाति--समुद्र से अमृत को मथता है।

रामं शतं मुष्णाति—राम के सौ रुपये चुराता है।

गां ग्रामं नयति हरति कर्षति वहति वा—गाय को गाँव में ले जाता है।

तृतीया विभक्ति

१—"कर्तृकरणयोस्तृतीया"

२—"सहार्थे तृतीया"

अनुक्तकर्त्ता (भाववाच्य तथा कर्मवाच्य में कर्त्ता अनुक्त होता है) तथा करणकारक में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

रामेण रावणोऽहन्यत हतो वा—कर्मवाच्य।

रामेण सुप्यते, **मया** जीव्यते—भाववाच्य।

मोहनः **कुठारेण** काष्ठं छिनत्ति—करणे तृतीया।

सहार्थक—सह, साकम्, सार्द्धम् और समम् के योग में, जिसका साथ बताया जाय, उसमें तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

पुत्रेण सह आगतः पिता—पिता पुत्र के साथ आया।

नलिनः **मात्रा** साकम् गृहं गच्छति—नलिन माता के साथ घर जाता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

केनापि सार्द्धं कलहं मा कुरु—किसी के साथ झगड़ा मत करो।

धनेन समं सर्वे प्रयान्ति—धन के साथ सब चले जाते हैं।

३—"ऊनवारणप्रयोजनार्थैश्च"

ऊन, वारण और प्रयोजन अर्थवाले शब्दों से तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

ऊनार्थक—

स विद्यया हीनः—वह विद्या से हीन है। त्वं **गर्वेण** शून्यः—तुम गर्व से शून्य हो।

एकेन ऊनः—एक कम। **धनेन** हीनः—धन से हीन।

वारणार्थक—

अलं **विवादेन**—विवाद—झगड़ा करना व्यर्थ है। **कलहेन** किम्—झगड़े से क्या लाभ?

प्रयोजनार्थक—

धनेन किं प्रयोजनम्—धन से क्या प्रयोजन।

कोऽर्थः पुत्रेण जातेन—पुत्र उत्पन्न होने से क्या प्रयोजन।

अनृतेन को गुणः—झूठ से क्या लाभ?

४—"प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम्"

प्रकृति (स्वभाव), जाति आकृति, गोत्र तथा नाम आदि शब्दों के अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

प्रकृत्या दयालुः—स्वभाव से ही दयालु। **जात्या** ब्राह्मणः—जाति से ब्राह्मण।

आकृत्या मनोहरः—आकृति से सुन्दर। **नाम्ना** नरेशः—रमेश नाम है।

गोत्रेण गर्गः—गोत्र से गर्ग—गर्गगोत्री है। **सुखेन** स्वपिति—सुख से सोता है।

वेगेन गच्छति—जल्दी जाता है।

५—"अपवर्गे तृतीया"

क्रिया समाप्ति के साथ फलप्राप्ति होने में कालवाचक और अध्ववाचक शब्दों के उत्तर अत्यन्त संयोग में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

द्वादशभिः वर्षैः व्याकरणं श्रूयते—बारह वर्ष में व्याकरण पढ़ा जाता है।

क्रोशेन संहिताऽधीता—कोस भर जाते-जाते संहिता पढ़ ली।

क्रोशेन गीता पठिता—कोसभर जाते-जाते गीता पढ़ ली।

विशेष

यदि क्रिया समाप्ति और फल प्राप्ति का बोध न हो तो तृतीया विभक्ति न होकर द्वितीया विभक्ति होती है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

६—"येनाङ्गविकारः"

जिस अंग के विकार से प्राणी का विकार लक्षित होता हो, उस अंगवाचक शब्द से तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

नेत्रेण काणः पुरुषः—आँख से काना व्यक्ति। **कर्णेन** बधिरः—कान का बहिरा। **पादेन** खञ्जः—एक पैर का लंगड़ा। **पृष्ठेन** कुब्जः—पीठ का कुबड़ा।

७—"पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम्"

पृथक्, विना, नाना शब्दों के साथ तृतीया, द्वितीया और पञ्चमी विभक्तियाँ होती हैं। यथा—

ग्रामं ग्रामेण ग्रामात् वा पृथक् मुनयः वसन्ति—मुनि ग्राम से अलग निवास करते हैं।

जलेन जलाद् जलं वा विना कमलं स्थातुं न शक्नोति—कमल जल के विना नहीं रह सकता है।

८—"हेतौ"

जिस कारण या प्रयोजन से कोई कार्य किया जाता है, या होता है, उसमें तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

दण्डेन घटः—दण्ड के कारण घड़ा।

विद्यया विद्यायाः वा यशः भवति—विद्या से यश होता है।

अध्ययनेन अध्ययनात् वा वसति—अध्ययन के लिए रहता है।

पुण्येन पुण्याद्वा स्वर्गप्राप्तिः—पुण्य से स्वर्ग प्राप्ति होती है।

९—"इत्थंभूतलक्षणे"

जो जिस प्रकार से जाना जाय, उसके लक्षण में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

जटाभिस्तापसः—जटाओं से तपस्वी जान पड़ता है।

स्वरेण रामभद्रमनुहरति—स्वर में राम के सदृश है।

१०—"अशिष्टव्यवहारे दाणः प्रयोगे चतुर्थ्यर्थे तृतीया"

निन्दित व्यवहार हो तो दाण् धातु के प्रयोग में चतुर्थी के अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है। यथा—

दास्या संयच्छते कामुकः—कामुक दासी को धन देता है।

चतुर्थी

१—"चतुर्थी सम्प्रदाने"

सम्प्रदान में चतुर्थी होती है। यथा—

विप्राय गां ददाति—ब्राह्मण को गाय देता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

२—"तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या"

कोई वस्तु या क्रिया जिसके निमित्त समझी जाती है, उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है।

अश्वाय घासं छिनत्ति—अश्व के लिए घास काटता है। मुक्तये हरिं भजति—मुक्ति के लिए हरिभजन करता है।

कुण्डलाय हिरण्यम्—कुण्डल के लिए स्वर्ण। रन्धनाय स्थाली—पकाने के लिए थाली।

विद्या विवादाय—विवाद के लिए विद्या। धनं मदाय—अहंकार के लिए धन।

३—"नमः स्वस्तिस्वाहास्वधालंवषड्योगाच्च"

नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं और वषट् शब्दों के योग में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

गुरवे नमः—गुरु को नमस्कार। प्रजाभ्यः स्वस्ति—प्रजा का कल्याण हो।

अग्नये स्वाहा—अग्नि को यह आहुति है। पितृभ्यः स्वधा—पितरों को यह समर्पित है।

इन्द्राय वषट्—इन्द्र को बलि अर्पित है। अलं मल्लो मल्लाय—मल्ल दूसरे मल्ल के लिए काफी है।

४—"रुच्यर्थानां प्रीयमाणः"

रुच्यर्थक धातुओं के योग में जिसे रुचि, तृप्ति अथवा प्रसन्नता होती है, उसको चतुर्थी विभक्ति में रखा जाता है। यथा—

शिशवे क्रीडा रोचते—बच्चे को खेल अच्छा लगता है।

पुत्राय दुग्धं रोचते—पुत्र को दूध अच्छा लगता है।

इदं मह्यं स्वदते—यह मुझे स्वादिष्ट लगता है।

५—"धारेरुत्तमर्णः"

धृङ्—उधार लेना—कर्ज लेना धातु के योग में महाजन—कर्ज देने वाले की सम्प्रदान संज्ञा होती है और सम्प्रदान को चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः—हरि भक्त के लिए मोक्ष को धारण करते हैं।

श्यामोऽश्वपतये शतं धारयति—श्याम ने अश्वपति से एकसौ कर्ज लिया।

स तुभ्यं शतं धारयति—वह तुम्हारा सौ कर्ज लेता है।

त्वं मह्यं सहस्रं धारयसि—तुम मेरा हजार कर्ज लेते हो।

६—"स्पृहेरीप्सितः"

स्पृह (इच्छा करना) धातु के प्रयोग रहने से जिसकी इच्छा की जाय, उसकी चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

स धनाय स्पृहयति—वह धन चाहता है।

मोहनः पुष्पेभ्यः स्पृहयति—वह पुष्प चाहता है।

७—'क्रुधद्रुहर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोपः'

क्रुध्, द्रुह, ईर्ष्या और असूयार्थक धातुओं के योग में, तथा इन धातुओं के समान अर्थवाला धातुओं के योग में; जिनके ऊपर क्रोधादि किये जाते हैं, चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

हरये क्रुध्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति वा—हनुमान (हरि-कपि) पर रावण क्रोध करता है, अपकार करता है, ईर्ष्या करता है, दोष निकालता है।

८—'तुमर्थाच्च भाववचनात्'

तुमर्थ—निमित्तार्थ में विहित भाववाचक प्रत्ययान्त शब्दों में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा—

यागाय याति—यष्टुं याति—यज्ञ के लिए जाता है।

दानाय धनमर्जयति—दातुं धनमर्जयति—दान देने के लिए धनार्जन करता है।

पञ्चमी

१—'अपादाने पञ्चमी'

अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

सः गृहात् समायाति—वह घर से आता है।

वृक्षात् पत्रं पतति—वृक्ष से पत्ता गिरता है।

आकाशात् पुष्पवृष्टिः बभूव—आकाश से पुष्पों की वर्षा हुई।

२—'भुवः प्रभवः'

उत्पन्न होनेवाले का जो प्रभव—उत्पत्ति स्थान होता है, उसमें पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

हिमवतो गङ्गा प्रभवति—हिमालय से गङ्गा उत्पन्न होती है।

धर्मात् सुखं प्रभवति—धर्म से सुख होता है।

३—'जनिकर्तुः प्रकृतिः'

जनधातु के कर्त्ता का आदिकारण, पञ्चमी विभक्ति में रखा जाता है। यथा—

ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते—ब्रह्मा से सन्तान उत्पन्न होती है।

कामात्क्रोधोऽभिजायते—काम से क्रोध उत्पन्न होता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

४—'भीत्रार्थानां भयहेतुः'

भयार्थक और रक्षार्थक धातुओं के योग में भय के हेतु से पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

मोहनः **सर्पात्** बिभेति—मोहन सर्प से डरता है।

५—'पञ्चमी विभक्तेः'

दो या अधिक वस्तुओं के बीच में किसी एक वस्तु की उत्कृष्टता प्रकट की जाय तो निकृष्टता बोधक शब्द से पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

धनात् विद्या गरीयसी—धन से विद्या श्रेष्ठः है।

अकरणात् मन्दकरणं श्रेयः—नहीं करने से कुछ करना अच्छा है।

६—'पराजेरसोढः'

परा पूर्वक 'जि' धातु के योग में जो असह्य होता है, उसकी अपादान संज्ञा होती है, और पञ्चमी विभक्ति हो जाती है। यथा—

अध्ययनात् पराजयते—अध्ययन से भागता है (अध्ययन असाध्य या कष्टप्रद है)

७—'दिग्देशकालवाचिभिः'

दिशा, देश और कालवाचक शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

गृहात् पूर्वः—घर से पूर्व।

भोजनात् प्राक्—भोजन के पहले।

मम **गृहात्** गङ्गानगरं योजन त्रयमस्ति—मेरे घर से गङ्गानगर तीन योजन है।

कार्तिक्या आग्रहायणी मासे—कार्त्तिकी पूर्णिमा से अगहन की पूर्णिमा एक महीने पर होती है।

अस्मात् दिवसात् गुरुपूर्णिमा दशसु दिवसेषु—आज से गुरुपूर्णिमा दस दिनों पर है।

८—'जुगुप्सा विरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानाम्'

जुगुप्सा (घृणा), विराम, प्रमाद (भूल या असावधानी) के समानार्थक शब्दों के साथ पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

पापाज्जुगुप्सते—पाप से घृणा करता है।

न **निश्चितार्थाद्** विरमन्ति धीराः—धैर्यवान् पुरुष अपने निश्चय से नहीं हटते।

धर्मात्प्रमाद्यति—धर्म से प्रमाद करता है।

कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा **स्वाधिकारात्प्रमत्तः**—(मेघ० १)

अतोऽर्थात् न प्रमाद्यन्ति प्रमदासु विपश्चितः (मनु० २।२१३)

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

९—'अन्यारादितरर्तेदिक् शब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते'

अन्य, आरात्, इतर, ऋते, दिग्वाचक, पूर्व, दक्षिण आदि तथा अञ्चु धातु से युक्त दिग्वाचक, प्रत्यक् उदक् प्रभृति दक्षिणा, उत्तरा प्रभृति एवं दक्षिणाहि, उत्तराहि प्रभृति शब्दों के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

अन्यो भिन्न इतरो वा **कृष्णात्**—कृष्ण से भिन्न।
आराद्वनात्—वन से नजदीक या दूर।
ज्ञानात् ऋते मुक्तिर्न भवति—ज्ञान के विना मुक्ति नहीं होती।
शैशवात् प्रभृति—बचपन से लेकर।
दक्षिणा **ग्रामात्**—गाँव से दक्षिण।
ग्रामात् बहिः गच्छ—गाँव से बाहर जाओ।

१०—'हेतौ तृतीया च'

हेतु अर्थ में तृतीया और पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—
हर्षात् नृत्यति बालकः—बालक आनन्द से नाचता है।
दुःखात् रोदिति—दुःख से रोता है। **भयात्** कम्पते—भय से काँपता है।

११—'आख्यातोपयोगे'

नियम पूर्वक विद्याग्रहण करने में आख्याता—वक्ता, शिक्षक, उपाध्याय आदि में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा—

उपाध्यायात् छात्रः व्याकरणं पठति—उपाध्याय से छात्र व्याकरण पढ़ता है।
मया **तीर्थाद**भिनयविद्या शिक्षिता—मैंने अध्यापक से अभिनय कला सीखी है।
अध्यापकाद् गणितं पठति—अध्यापक से गणित पढ़ता है।

षष्ठी

१—'सम्बन्धे षष्ठी'

सामान्य सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा—
रामस्य दासः—रामका दास। **नद्याः** जलम्—नदी का जल।
तव पुत्रः—तुम्हारा पुत्र। **वृक्षस्य** शाखा—वृक्ष की शाखा।

२—'षष्ठी हेतुप्रयोगे'

हेतुशब्द के प्रयोग में जो शब्द कारण या प्रयोजन कहता है, वह और हेतु शब्द दोनों ही षष्ठी में रखे जाते हैं। यथा—
अन्नस्य हेतोः वसति—अन्न प्राप्ति के प्रयोजन से रहता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अध्ययनस्य हेतोः वसति--अध्ययन के लिए रहता है।

अल्पस्य हेतोः—अल्प हेतु के लिए।

३— दिवस्तदर्थस्य'

द्यूत एवं क्रय-विक्रय व्यवहार में दिव् धातु के कर्म में षष्ठी विभक्ति होती है।

शतस्य दीव्यति—सौ का जुआ खेलता है।

४—'कर्तृकर्मणोः कृति'

कृत्प्रत्ययों के योग में कर्ता और कर्म में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा—

शिशोः शयनम्—शिशु का सोना। धर्मस्य गतिः—धर्म की गति।

कृष्णस्य कृतिः—कृष्ण का कार्य। रामस्य गतिः—राम की गति।

तव (त्वया) पुस्तकं पठितव्यम्—तुमको पुस्तक पढ़नी चाहिए।

वेदस्य अध्येता—वेद का, अध्ययन् करने वाला।

आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन। नेता अश्वस्य स्रुघ्नस्य स्रुघ्नं वा।

५—'क्तस्य च वर्तमाने'

वर्तमान अर्थ में विहित क्त प्रत्यय के योग में षष्ठी विभक्ति होती है। यथा—

राज्ञां मतो बुद्धः पूजितो वा—राजाओं को समत या पूजित।

इदमेषामासितं गतं शयितं भुक्तं वा।

६—'तुल्यार्थैस्तृतीया च'

तुल्याथक—तुल्य, सम, समान, सदृश, आदि, शब्दों के योग में षष्ठी और तृतीया विभक्तियाँ होती हैं। यथा—

तव, त्वया तुल्यो गुणी नास्ति—तुम्हारे समान गुणी नहीं।

मूर्खस्य, मूर्खेण समः, पशुः नास्ति—मूर्ख के समान पशु नहीं।

व्याधेः व्याधिना सदृशः रिपुः नास्ति—रोग के समान शत्रु नहीं है।

७—'दूरान्तिकार्थैः षष्ठ्यन्यतरस्याम्'

दूर, अन्तिक तथा इनके समान अर्थ रखनेवाले शब्दों का प्रयोग होने पर षष्ठी तथा पञ्चमी होती है। यथा—

ग्रामस्य, ग्रामात् दूरम्—गाँव के दूर।

नगरस्य नगरात् अन्तिकम्—नगर के पास।

दूरं निकटं ग्रामस्य ग्रामाद्वा—गाँव के दूर या निकट।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

८—'षष्ठी चानादरे'

जिसका अनादर या तिरस्कार कर कोई कार्य किया जाता है, उसमें षष्ठी या सप्तमी होती हैं। यथा—

रुदतः पुत्रस्य रुदति पुत्रे वा वनं प्राव्राजीत्—रोते हुए पुत्र का तिरस्कार करके वह संन्यासी हो गया।

निवारयतोऽपि पितुः निवारयत्यपि पितरि वा अध्ययनं परित्यक्तवान्—

पिता के मना करने पर भी उनका तिरस्कार करके उसने अध्ययन त्याग दिया।

९—'यतश्च निर्द्धारणम्'

यदि किसी वस्तु का अपने समुदाय की अन्य वस्तुओं से किसी विशेषण द्वारा वैशिष्ट्य निर्देश किया जाय, तो समुदायवाचक शब्द षष्ठी अथवा सप्तमी विभक्ति में रखा जाता है। यथा—

कविषु कवीनां वा कालिदासः श्रेष्ठः—कवियों में कालिदास सबसे बड़े कवि हैं।

गवां गोषु वा कृष्णा बहुक्षीरा—गायों में काली गाय बहुत दूध देने वाली है।

गृहे विद्यालये वा मैत्रः पटुः—विद्यार्थियों में मैत्र तेज हैं।

सप्तमी

१—'सप्तम्यधिकरणे'

अधिकरण में सप्तमी विभक्ति होती है। यथा—

गृहे तिष्ठति—घर में रहता है। रामः **विद्यालये** पठति—राम विद्यालय में पढ़ता है।

स **शय्यायां** शेते—वह बिछावन पर सोता है।

२—'यस्य च भावेन भावलक्षणम्'

जब किसी कार्य के हो जाने पर दूसरे कार्य का होना प्रतीत होता है, तो जो कार्य हो चुकता है, उसे सप्तमी में रखते हैं। यथा—

गोषु दुह्यमानासु गतः—गायों के दुहने पर चला गया।

रामे वनं गते दशरथः प्राणान् तत्याज—राम के वन जाने पर दशरथ ने प्राण त्याग किये।

अवसन्नायां रात्रौ सूर्यः उदेति—रात्रि के बीत जाने पर सूर्य उदित होता है।

दिनेषु गच्छत्सु स पक्षिशावकान् खादति—दिन के अवसान होने पर वह पक्षियों के बच्चों को खाता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

३—'साधुनिपुणाभ्यामर्चायां सप्तम्यप्रतेः'

पूजन अर्थ में साधु और निपुण शब्द के योग में सप्तमी विभक्ति होती है, किन्तु प्रति का योग होने पर सप्तमी नहीं होती। यथा—

स व्याकरणे साधुः—वह व्याकरण में अच्छा है।

हरिः शास्त्रेषु निपुणः—हरि शास्त्रों में निपुण है।

स रथसञ्चालने प्रवीणः—वह रथ चलाने में प्रवीण है।

४—'व्यवच्छेदे'

किसी प्राणिवाचक शब्द को 'कर्म' बनाकर क्रिया की जाय और वाक्य में अङ्गवाचक शब्द भी हो तो उस अङ्गवाचक शब्द में सप्तमी विभक्तिहोती है। यथा—

कृष्ण कंसं केशेषु गृह्णाति—कृष्ण कंस के केश पकड़ते हैं।

५—क्षिप् मुच् अस् अद्व धातुओं के योग में तथा विश्वास, श्रद्धा, स्नेह, निष्ठा, आस्था अथ वाली धातुओं और शब्दों के साथ सप्तमी विभक्ति होती है। यथा—

सेनापतिः मृगे शरान् मुञ्चति, क्षिपति वा—सेनापति हिरण पर बाण छोड़ता है।

गुणिनि गुणज्ञो रमते—गुणी गुणज्ञों से प्रेम करता है।

स मयि साधु व्यवहरति—वह मुझसे अच्छा व्यवहार करता है।

अनुशीलनी

१—निम्नलिखित पदों का वाक्यों में व्यवहार कीजिए—

प्रति, अलं, ऋते, पृथक्, विना, नाना, धिक्, निपुणः, समम्, सह, प्रति।

२—निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

स मां वस्त्रं ददाति; दरिद्रो राज्ञो धनं याचते; रामः त्वां शतं धारयति; अहं तस्य सह गमिष्यामि; त्वां समः कोऽपि नास्ति; सर्वान् हितमिच्छ; स्वस्ति प्रजानां।

३—विभक्ति निर्देश कीजिए—

अलं विवादेन, शकटाय दारु; पादेन खञ्जः; मात्रा साकं शिशुः भुङ्क्ते; स्वभावेन सरलः; पुण्येन प्राप्तो हरिः; क्रोशेन गदिता गाथा; पापं धिक्, वनं निकषा, क्रोशं गिरिः, अन्तरेण परिश्रमम् विद्या न भवति; श्यामाचरणः पठति; त्वया चन्द्रो दृश्यते; प्रकृत्या सुन्दरः; कस्माद् बिभेषि; रुदति शिशौ जगाम; राज्ञः पुत्रः

४—सोदाहरण व्याख्या कीजिए—

दिवस्तदर्थस्य, इत्थंभूतलक्षणे; अकथितञ्च; कर्मणि द्वितीया; उपान्वध्याङ्वसः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

समास

एकपदीभावः समासः—दो या दो से अधिक पदों का मिलकर एक हो जाना समास कहलाता है। **"समसनं समासः"**—संक्षेप को समास कहते हैं। अर्थात् जब दो या दो से अधिक पद अपने अर्थ के साथ आपस में मिलते हैं, तो उस मेल को समास कहते हैं। समास हो जाने पर अनेक पदों में एकरूपता आ जाती है और वह एक 'समस्तपद' कहलाता है। समास की स्थिति में पूर्व की विभक्तियाँ लुप्त हो जाती हैं और आवश्यकतानुसार एक पद के अनुकूल नयी विभक्ति जोड़ी जाती है। यथा—राज्ञः पुरुषः=राजपुरुषः। **विग्रह**—समास करने के पूर्व शब्दों का जो रूप था, उसको दिखलाना ही समास का विग्रह है, इसे **व्यास वाक्य** भी कहते हैं। यथा—राजपुरुषः का विग्रह 'राज्ञः पुरुषः' हुआ; यहाँ 'राज्ञः' राजन् शब्द का षष्ठी का एक वचन और 'पुरुषः' पुरुष शब्द का प्रथमा का एकवचन, पूर्व रूप है; अतः यह विग्रह अथवा व्यास वाक्य है।

समास के भेद

समास के मुखय चार भेद हैं—

१ अव्ययी भाव	२ तत्पुरुष
३ द्वन्द्व	४ बहुव्रीहि

तत्पुरुष समास के कर्मधारय और द्विगु उपभेद हैं, अतः इन उपभेदों के मिला देने पर समास के छः भेद हो जाते हैं।

अव्यीय भाव

'पूवपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः'—जिन पदों में समास किया जाय, उनमें पूर्वपद की प्रधानता हो और वह पद अव्यय हो तो उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। इस समास मे पूवपद अव्यय और दूसरा संज्ञा होता है, पर दोनों मिलकर अव्यय हो जाते हैं। अव्ययीभाव समास के रूप नहीं चलते, अन्तिम शब्द का नपुंसक लिंग एकवचन में जैसा रूप होता है, वही रूप अकारान्त अव्ययीभाव पदों का हो जाता है।

अव्ययीभाव समास में निम्न लिखित नियमों को अवगत करना आवश्यक है—

(१) अव्ययीभाव समास में समस्तपद नपुंसक लिंग होते हैं और पञ्चमी को छोड़ अकारान्त अव्ययीभाव के आगे आनेवाली विभक्तियों के स्थान में म् होता है। तृतीया और सप्तमी में विकल्प से विभक्तियों के स्थान में 'म्' होता है।

(२) यदि दूसरे पद का अन्तिम वर्ण दीर्घ हो तो उसे ह्रस्व कर देते हैं। यथा—उप+गंगा=उपगंगम्; उप+नदी=उपनदि; उप+वधू=उपवधु।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(३) यदि द्वितीय पद ओकारान्त या औकारान्त हो तो उसे उकारान्त कर दिया जाता है । यथा—उप+गो=उपगु; उप+नौ=उपनु ।

(४) 'अन्' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं का 'न्' निकाल दिया जाता है; पर नपुंसक लिंग में वैकल्पिक रूप में 'न्' को हटाते हैं । यथा—

उप+राजन्=उपराजम्
उप+सीमन्=उपसीमम्
उप+चर्मन्=उपचर्मम्, उपचर्म, उपचर्मन् ।

(५) हलन्त शब्दों में 'अ' जोड़कर अकारान्त बना लिया जाता है । यथा—
उप+सरित्=उपसरितम्, उपसरित् ।

समीप, अभाव, अत्यय, असम्प्रति, पश्चात्, योग्यता, वीप्सा, अनतिवृत्ति, आनुपूर्व्य, विभक्ति, सादृश्य, यौगपद्य, समृद्धि, साकल्य और अन्त इत्यादि अर्थों में सुबन्तपद के साथ अव्यय का समास होता है । यथा—

समीप-अर्थ में—

कृष्णस्य समीपम्=उपकृष्णम् । नगरस्य समीपम्=उपनगरम् ।
गृहस्य समीपम्=उपगृहम् । गङ्गायाः समीपम्=उपगङ्गम् ।
कूलस्य समीपम्=उपकूलम् । ग्रामस्य समीपम्=उपग्रामम् ।

समृद्धि-अर्थ में—

भिक्षाणां समृद्धिः=सुभिक्षम् मद्राणां समृद्धिः=सुमद्रम्

अभाव-अर्थ में—

विघ्नानाम् अभावः=निर्विघ्नम् मक्षिकाणाम् अभावः=निर्मक्षिकम्
जनानाम् अभावः=निर्जनम् भिक्षाणाम् अभावः=दुर्भिक्षम्

अत्यय-नाश-अर्थ में—

हिमस्य अत्ययः=अतिहिमम् कष्टस्य अत्ययः=अतिकष्टम्
पीडायाः अत्ययः=अतिपीडम्

असम्प्रति (अनुचित) अर्थ में

निद्रा सम्प्रति न युज्यते=अतिनिद्रम् । हर्षः सम्प्रति न युज्यते=अतिहर्षम्
शोकः सम्प्रति न युज्यते=अतिशोकम्

पश्चात्-अर्थ में—

विष्णोः पश्चात्=अनुविष्णुम् गृहस्य पश्चात्=अनुगृहम्

८

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शिवस्य पश्चात्=अनुशिवम् रथस्य पश्चात्=अनुरथम्
शकस्य पश्चात्=अनुशकम्

योग्यता अर्थ में—
रूपस्य योग्यम्=अनुरूपम् सुखस्य योग्यम्=अनुसुखम्
मुखस्य योग्यम्=अनुमुखम् कुलस्य योग्यम्=अनुकुलम्
सारस्य योग्यम्=अनुसारम्

वीप्सा अर्थ में—
दिनं दिनं=प्रतिदिनम् गृहं गृहं=प्रतिगृहम्
अर्थम् अर्थम्=प्रत्यर्थम् मुखं मुखं=प्रतिमुखम्
द्वारं द्वारं=प्रतिद्वारम्

अनतिवृत्ति अर्थ में—
शक्तिमनतिक्रम्य=यथाशक्ति काममनतिक्रम्य=यथाकामम्
सुखमनतिक्रम्य=यथासुखम् ज्ञानमनतिक्रम्य=यथाज्ञानम्

आनुपूर्व्य अर्थ में—
ज्येष्ठस्यानुपूर्व्येण=अनुज्येष्ठम् वर्णस्यानुपूर्व्येण=अनुवर्णम्
ब्राह्मणस्यानुपूर्व्येण=अनुब्राह्मणम् क्षत्रियस्यानुपूर्व्येण=अनुक्षत्रियम्

सादृश्य अर्थ में—
हरेः सादृश्यम्=सहरिः

विभक्ति अर्थ में—
हरौ इति=अधिहरि

यौगपद्य अर्थ में—
चक्रेण युगपत्=सचक्रम् शकटेन युगपत्=सशकटम्

सम्पत्ति अर्थ में—
क्षत्रियाणाम् सम्पत्तिः=सक्षत्रियम्

साकल्य अर्थ में—
तृणमपि अपरित्यज्य=सतृणम्

अन्त-पर्यन्त-अर्थ में—
अग्निगुल्मपर्यन्तम्=साग्निः ।

मर्यादा-अभिविधि-अर्थ में—
आमुक्तेः संसारः=आमुक्ति संसारः आबालेभ्यो हरिभक्तिः=आबालं हरिभक्ति ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

विशेषपद

गंगायाः पारमिति+पारेगंगम् या गंगापारम् । गोः समीपे=उपगु ।

नावः समीपे=उपनु चर्मणः समीपे=उपचर्मम्, उपचर्म ।

समिधः समीपे=उपसमिधम् । सरितः समीपे=उपसरितम् ।

शरदः समीपे=उपशरदम् मनसः समीपे=अधिमनसम्

नद्याः समीपे=उपनदम्, उपनदी । पौर्णमास्याः समीपे=उपपौर्णमास्यम्, उपपौर्णमासी ।

गिरेः समीपे=उपगिरि ।

तत्पुरुषसमास

"उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः"

जिसमें उत्तरपद की प्रधानता रहती है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। यथा—राज्ञः पुरुषः=राजपुरुषः में उत्तरपद पुरुष की प्रधानता है। तात्पर्य यह है कि तत्पुरुषसमास में प्रथमपद विशेषण और द्वितीय पद विशेष्य रहता है; अतः विशेष्य की प्रधानता रहने के कारण इसमें उत्तरपद की प्रधानता मानी जाती है। तत्पुरुष समास के दो भेद हैं—(१) व्यधिकरण तत्पुरुष (२) समानाधिकरण तत्पुरुष ।

व्यधिकरण तत्पुरुष में पद भिन्न-भिन्न विभक्तियों के होते हैं। और समानाधिकरण तत्पुरुष में पद एक ही विभक्ति के होते हैं। इसी कारण समानाधिकरण को 'कर्मधारय' भी कहा जाता है। व्यधिकरण तत्पुरुष समास के छः भेद हैं—द्वितीयातत्पुरुष, तृतीयातत्पुरुष, चतुर्थीतत्पुरुष, पञ्चमीतत्पुरुष, षष्ठीतत्पुरुष और सप्तमीतत्पुरुष ।

द्वितीयातत्पुरुष

"द्वितीया श्रितातीत-पतित-गतात्यस्त-प्राप्तापन्नैः"

श्रित, अतीत, पतित, गत, अत्यस्त, प्राप्त और आपन्न शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति के आने पर द्वितीया-तत्पुरुष समास होता है। यथा—

कृष्णं श्रितः=कृष्णश्रितः दुःखम् अतीतः=दुःखातीतः

कूपं पतितः=कूपपतितः । अग्निं पतितः=अग्निपतितः

प्रलयं गतः=प्रलयगतः । गृहं गतः=गृहगतः ।

मेघम् अत्यस्तः=मेघात्यस्तः । जीवनं प्राप्तः=जीवनप्राप्तः ।

दुःखं प्राप्तः=दुःखप्राप्तः । कष्टम् आपन्नः=कष्टापन्नः ।

धनम् आपन्नः=धनापन्नः । ग्रामं गमी=ग्रामगमी ।

अन्नं बुभुक्षुः=अन्नबुभुक्षुः । मुहूर्त्तं सुखम्=मुहूर्त्तसुखम् ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

तृतीयातत्पुरुष

१—'तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन'

तृतीयान्त पद, तृतीयान्तार्थकृत गुणवचन के साथ और अर्थ शब्द के साथ समास को प्राप्त होता है। यथा—

शंकुलया खण्डः=शंकुलाखण्डः। धान्येनार्थो=धान्यार्थः।

२—'कर्तृकरणे कृता बहुलम्'

कृत् प्रत्यय से बने सुबन्तपद के साथ कर्त्ता और करण में विहित तृतीयान्त पद का समास होता है। यथा—

व्याघ्रेण हतः=व्याघ्रहतः।
नखैर्भिन्नः=नखभिन्नः।
सर्पेण दष्टः=सर्पदष्टः।
व्यासेन रचितम्=व्यासरचितम्।
कालिदासेन कृतम्=कालिदासकृतम्।
पाणिनिना प्रणीतम्=पाणिनिप्रणीतम्।
द्विजेन भक्ष्यं=द्विजभक्ष्यम्।
असिना छिन्नं=असिछिन्नम्।
शिरसा धार्या=शिरोधार्या।
नारदेन प्रोक्तम्=नारदप्रोक्तम्।

३—'पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः'

जब तृतीयान्त शब्दों के साथ पूर्व, सदृश, सम, ऊन, हीनादि में से कोई शब्द आवे अथवा कलह, निपुण, मिश्र, श्लक्ष्ण में से कोई अथवा समानाधिकरण शब्द आए तो तृतीया तत्पुरुष समास होता है।

मासेन पूर्वः=मासपूर्वः।
मात्रा सदृशः=मातृसदृशः।
धान्येन ऊनम्=धान्योनम्।
धनेन हीनः=धनहीनः।
कर्मणा हीनः=कर्महीनः।
वाचा कलहः=वाक्कलहः।
वाचा+युद्धम्=वाग्युद्धम्।
आचारेण निपुणः=आचारनिपुणः।
गुडेन मिश्रम्=गुडमिश्रम्।
सितया युक्तम्=सितायुक्तम्।
घर्षणेन श्लक्ष्णः=घर्षणश्लक्ष्णः।
पङ्केन लिप्तः=पङ्कलिप्तः।
बाणेन विद्धः=बाणविद्धः।
शोकेन आर्त्तः=शोकार्त्तः।

चतुर्थीतत्पुरुष

"चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितैः"

बलि, हित, सुख और अर्थ आदि शब्दों के साथ चतुर्थ्यन्त पद का समास होता है। यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

काकाय बलिः=काकबलिः । वायसाय बलिः=वायसबलिः ।
पुत्राय हितम्=पुत्रहितम् । पित्रे सुखम्=पितृसुखम् ।
द्विजाय अर्थः=द्विजार्थः सूपः । यूपाय दारु=यूपदारु ।
कुम्भाय मृत्तिका=कुम्भमृत्तिका । कुण्डलाय स्वर्णम्=कुण्डलस्वर्णम् ।
द्विजाय अर्थम्=द्विजार्थः । ब्राह्मणाय हितम्=ब्राह्मणहितम् ।

पञ्चमीतत्पुरुष

'पञ्चमी भयेन';

पञ्चम्यन्त भय, भीति, भीत और भी के साथ पञ्चमीतत्पुरुष समास होता है । यथा–

वृकात् भयम्=वृकभयम् व्याघ्रात् भयम्=व्याघ्रभयम्
सिंहात् भीतः=सिंहभीतः चोरात् भीतः=चोरभीतः
सर्पाद् भीतिः=सर्पभीतिः वृकाद् भीः=वृकभीः

२—'अपेतापोढमुक्तपतितापत्रस्तैरल्पशः'

अपेत, अपोढ, मुक्त, पतित, अपत्रस्त आदि शब्दों के साथ पञ्चम्यन्त पद का समास होता है । यथा—

सुखात् अपेतः=सुखापेतः । कल्पनायाः अपोढः=कल्पनापोढः ।
बन्धनाद् मुक्तः=बन्धनमुक्तः । पापात् मुक्तिः=पापमुक्तिः ।
वृक्षात् पतितः=वृक्षपतितः । तरङ्गात् अपत्रस्तः=तरङ्गापत्रस्तः ।
धर्मात् च्युतः=धर्मच्युतः राज्याद् भ्रष्टः=राज्यभ्रष्टः ।
देशात् निर्वासितः=देशनिर्वासितः । गृहात् निर्गतः=गृहनिर्गतः ।

षष्ठीतत्पुरुष

'षष्ठी'

समर्थ सुबन्त शब्दों के साथ षष्ठ्यन्त पद का समास होता है । यथा—

लक्ष्म्याः पतिः=लक्ष्मीपतिः । पशूनां पतिः=पशुपतिः ।
गजानां राजा=गजराजः । राज्ञः पुत्रः=राजपुत्रः ।
गङ्गायाः तटः=गङ्गातटः । गङ्गायाः उदकम्=गङ्गोदकम् ।
गणानाम् ईशः=गणेशः । गवां शाला=गोशाला ।
सर्वेषां महत्तरः=सर्वमहान् । सर्वेषां श्वेततरः=सर्वश्वेतः ।
भोजनस्य आलयः=भोजनालयः । शयनस्य आगारम्=शयनागारम् ।
देवानां भाषा=देवभाषा । जगतः अम्बा=जगदम्बा ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सप्तमीतत्पुरुष

१—'सप्तमी शौण्डैः'

शौण्ड (चालाक), धूर्त, कितव (कपटी), प्रवीण, पटु, पण्डित, कुशल, निपुण, चपल आदि शब्दों के साथ सप्तम्यन्त पदों का समास होता है। यथा—

अक्षेषु शौण्डः=अक्षशौण्डः।
प्रेम्णि धूर्तः=प्रेमधूर्तः।
द्यूते कितवः=द्यूतकितवः
सभायां पण्डितः=सभापण्डितः
शास्त्रे प्रवीणः=शास्त्रप्रवीणः।
कर्मणि कुशलः=कर्मकुशलः।
दाने वीरः=दानवीरः।
व्याकरणे पटुः=व्याकरणपटुः।
कलायां संवीतः=कलासंवीतः।
क्रीडायां चपलः=क्रीडाचपलः।
साहित्ये निपुणः=साहित्यनिपुणः।

२—'सिद्धशुष्कपक्वबन्धैश्च'

सिद्ध, शुष्क, पक्व तथा बन्धन शब्दों के साथ सप्तमी तत्पुरुष समास होता है।

आतपे शुष्कः=आतपशुष्कः (पटः)
सांकाश्ये सिद्धः=सांकाश्यसिद्धः।
स्थाल्यां पक्वः=स्थालीपक्वः।
चक्रे बन्धः=चक्रबन्धः।
कमले बन्धः=कमलबन्धः।
ईश्वरे अधीनः=ईश्वराधीनः

२—'ध्वाङ्क्षेण क्षेपे'

ध्वाङ्क्ष (काक) शब्द अथवा इसके समानार्थक शब्दों के साथ निन्दा (आक्षेप) अर्थ में सप्तमी के आने पर सप्तमी तत्पुरुष समास होता है। यथा—

तीर्थे ध्वाङ्क्षः=तीर्थध्वाङ्क्षः (तीर्थलोलुप, या पण्डा)
तीर्थे काकः=तीर्थकाकः (,, ,,)
श्राद्धे काकः=श्राद्धकाकः (महापात्र ब्राह्मण)

नञ्-तत्पुरुष

'नञ्'

जब तत्पुरुष समास में प्रथम पद न और दूसरा कोई संज्ञा या विशेषण हो तो उसे नञ् तत्पुरुष कहते हैं। व्यञ्जन के पूर्व न 'अ' में और स्वर के पूर्व 'अन्' में बदल जाता है। यथा—

न ब्राह्मणः=अब्राह्मणः
न कृतम्=अकृतम्।
न सत्यम्=असत्यम्
न आगतम्=अनागतम्।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

न ईशः=अनीशः ।
न आहारः=अनाहारः ।
न उक्तम्=अनुक्तम् ।
न भावः=अभावः ।
न आदरः=अनादरः ।

प्रादितत्पुरुष

जब तत्पुरुष समास में प्रथम पद 'प्र' आदि उपसर्गों में से कोई हो तो उसे प्रादि तत्पुरुष कहते हैं । यथा—

प्रगतः आचार्यः=प्राचार्यः ।
प्रगतः पितामहः=प्रपितामहः ।
प्रतिगतोऽक्षः=प्रत्यक्षः ।
उद्गतः वेलाम्=उद्वेलः ।
अतिक्रान्तः मर्यादाम्=अतिमर्यादः ।
अतिक्रान्तः रथम्=अतिरथः ।
अवक्रुष्टः कोकिलया=अवकोकिलः ।
परिग्लानोऽध्ययनाय=पर्यध्ययनः ।
निष्क्रान्तः कौशाम्ब्याः=निष्कौशाम्बिः ।

गतितत्पुरुष

जब कृत् प्रत्ययों में अन्त होनेवाले शब्दों के साथ ऊरी आदि विशेष शब्दों का समास होता है, तो उसे गतितत्पुरुष समास कहते हैं । यथा—

ऊरी कृत्वा=ऊरीकृत्य ।
शुक्लो भूत्वा=शुक्लीभूय ।
नीली कृत्वा=नीलीकृत्य ।
असत्कृत्वा=असत्कृत्य ।
खाडिति कृत्वा=खाट्कृत्य ।

उपपदसमास

'उपपदमतिङ्'

जब तत्पुरुष समास का प्रथम पद ऐसी संज्ञा या अव्यय हो, जिसके न रहने से शब्द का रूप ही न रह सकता हो, तो उसे उपपद तत्पुरुष कहते हैं । यथा—

कुम्भं करोतीति=कुम्भकारः ।
भयं ‹ रोतीति=भयङ्करः ।
दिवा करोतीति=दिवाकरः ।
गिरिं धारयतीति=गिरिधरः ।
विहायसा गच्छतीति=विहगः, विहङ्गः, विहङ्गमः ।
द्रुतं गच्छतीति=द्रुतगामी ।
खे–आकाशे गच्छतीति=खगः ।
सरसि जायते=सरोजम् ।
आत्मनः जायते=आत्मजः ।
आत्मानं हन्ति=आत्मघ्नः ।
सुखं ददातीति=सुखदः ।
गाः ददातीति=गोदः ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अलुक् समास

जिन समासों के प्रथम पद की विभक्ति का लोप नहीं होता, उन्हें अलुक् तत्पुरुष समास कहते हैं। यथा—

परस्मै पदम्=परस्मैपदम्। आत्मने पदम्=आत्मनेपदम्।
देवानां प्रियः=देवानांप्रियः। मनसा गुप्ता=मनसागुप्ता।
पश्यतो हरः=पश्यतोहरः। अन्ते वासी=अन्तेवासी।

मध्यमपदलोपी

उन तत्पुरुष समासों को मध्यमपद लोपी तत्पुरुष कहते हैं, जिनके मध्यवर्ती किसी ऐसे पद का लोप हो गया हो, जिनका साधारण दशा में रहना आवश्यक है। यथा—

शाकप्रियः पार्थिवः=शाकपार्थिवः। देवपूजकः ब्राह्मणः=देवब्राह्मणः।

मयूरव्यंसकादि

जिन समासों में प्रत्यक्षरूप से नियमों का उल्लङ्घन किया गया हो, उन (शिष्टप्रयोगों) को मयूरव्यंसकादि कहा गया है। यथा—

व्यंसकः मयूरः=मयूरव्यंसकः (चालाक मोर)—यहाँ व्यंसक को पहले होना चाहिए, पर नियम का उल्लङ्घन किया गया है।

अन्यो राजा=राजान्तरम्। अन्यो ग्रामः=ग्रामान्तरम्।
उदक् च अवाक् चेति=उच्चावचम्। निश्चितं च प्रचितं चेति=निश्चप्रचम्।

कर्मधारय

"तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः"

जिस तत्पुरुष समास में समास होनेवाले पद समानाधिकरण अर्थात् विशेष्य-विशेषण भावापन्न हो, उसे कर्मधारय कहते हैं। इस समास के चार भेद हैं—

१—विशेष्य-विशेषण कर्मधारय २—उपमानपूर्वपद कर्मधारय
३—उपमित कर्मधारय ४—रूपक कर्मधारय

१—विशेष्य-विशेषण कर्मधारय

'विशेषणं विशेष्येण बहुलम्'

विशेष्य पद के साथ विशेषण पद का समास कर्मधारय कहलाता है। यथा—

विशालः वृक्षः=विशालवृक्षः। नीलम् उत्पलम्=नीलोत्पलम्।
नवम् अन्नम्=नवान्नम्। पीतम् अम्बरम्=पीताम्बरम्।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

परमो हंसः=परमहंसः । महान् पण्डितः=महापण्डितः ।
महत् काव्यम्=महाकाव्यम् । दुष्टो जनः=दुर्जनः ।
नवा वधूः=नववधूः ।
पाचिका स्त्री=पाचकस्त्री (पुंवद्भाव हुआ)
दत्ता भार्या=दत्तभार्या ,, सुकेशी भार्या=सुकेशभार्या । (पुंवद्भाव)
पञ्चमी भार्या=पञ्चमभार्या ,, शुभा दृष्टिः=शुभदृष्टिः । ,,
लघ्वी वृष्टिः=लघुवृष्टिः । ,,

२—उपमान पूर्वपद कर्मधारय

'उपमानानि सामान्यवचनैः'

जब किसी वस्तु से उपमा दी जाय तो वह वस्तु जिससे उपमा दी जाय और वह गुण जिसकी उपमा हो, मिलकर कर्मधारय समास होता है तथा इस समास का नाम 'उपमान पूर्वपद कर्मधारय' है । यथा—

घन इव श्यामः=घनश्यामः । चन्द्र इव आह्लादकः=चन्द्राह्लादकः ।
समुद्र इव गम्भीरः=समुद्रगम्भीरः । अनल इव उज्ज्वलः=अनलोज्ज्वलः ।
कमलमिव कोमलः=कमलकोमलः । नवनीतमिव कोमलम्=नवनीतकोमलम् ।
मृग इव चपला=मृगचपला बालिका ।

३—उपमित कर्मधारय

'उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे'

व्याघ्र, सिंह, वाराह, कुञ्जर, चन्द्र, पुंगव, कमल, किसलय, पल्लव और शार्दूल प्रभृति उपमान वाचक पदों का उपमेय वाचक पदों के साथ जो समास होता है, वह उपमित कर्मधारय समास है । यथा—

पुरुषो व्याघ्र इव=पुरुषव्याघ्रः । नरः सिंह इव=नरसिंहः ।
राजा चन्द्र इव=राजचन्द्रः । मुखं कमलमिव=मुखकमलम् ।
अधरः पल्लव इव=अधरपल्लवः । मुनिः शार्दूल इव=मुनिशार्दूलः ।

रूपक कर्मधारय

एक पदार्थ को एक-दूसरे पदार्थ से अभिन्न मान कर जो समास होता है, उसे रूपक कर्मधारय समास कहते हैं । यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शोक एव सागरः=शोकसागरः ।
दुःखमेव समुद्रः=दुःखसमुद्रः ।
विद्या एव धनम्=विद्याधनम् ।
मुखमेव कलम्=मुखकमलम् ।

द्विगु

'संख्यापूर्वो द्विगुः'

जब कर्मधारय समास में प्रथम पद संख्यावाची और दूसरा पद संज्ञा हो तो उसे द्विगु समास कहते हैं ।

'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च'

तद्धितार्थ उत्तरपद के परे समाहार अर्थ में द्विगु समास होता है । यथा—

तद्धितार्थ द्विगु

षण्णां मातृणामपत्यं=षाण्मातुरः ।
पञ्चभिः गोभिः क्रीतः=पञ्चगुः ।
शतेन गोभिः क्रीतः=शतगुः ।

उत्तरपद द्विगु

पञ्च गावः धनं यस्य=पञ्चगवधनः ।
पञ्च हस्ताः प्रमाणमस्य=पञ्चहस्तप्रमाणः ।

समाहार द्विगु

त्रयाणां लोकानां समाहारः=त्रिलोकी ।
चतुर्णां पदानां समाहारः=चतुष्पदी ।
त्रयाणां वेदानां समाहारः=त्रिवेदी ।
सप्तानां शतानां समाहारः सप्तशती ।
पञ्चानां पात्राणां समाहारः=पञ्चपात्रम् ।
चतुर्णां युगानां समाहारः=चतुर्युगम् ।
पञ्चानां गवां समाहारः=पञ्चगवम् ।
पञ्चानां ग्रामाणां समाहारः=पञ्चग्रामम् ।

द्वन्द्व

'उभयपदार्थप्रधानो द्वन्द्वः'

जिस समास में पूर्व और उत्तर दोनों पदों के अर्थों की प्रधानता हो, उसे द्वन्द्व समास कहते हैं । द्वन्द्व समास में समस्त पद का लिङ्ग उत्तरपद के लिङ्गों के अनुसार होता है । इसके तीन भेद हैं—

१—इतरेतर द्वन्द्व । २—समाहार द्वन्द्व । ३—एकशेष द्वन्द्व ।

इतरेतरद्वन्द्व

जिस समास में आई हुई दोनों संज्ञाएँ अपना प्रधान व्यक्तित्व रखती हों उस समास को इतरेतर-द्वन्द्व कहते हैं । यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

रामश्च कृष्णश्च=रामकृष्णौ ।
अश्वश्च वृषश्च महिषी च=अश्ववृषमहिष्यः।
वृद्धाश्च तरुणाश्च=वृद्धतरुणाः ।
कक्कुटश्च मयूरी च=कुक्कुटमयूर्यौ ।
हरश्च हरिश्च=हरहरी ।
माता च पिता च=पितरौ, मातरापितरौ ।
पिता च पुत्रश्च=पितापुत्रौ ।
द्यौश्च भूमिश्च=द्यावाभूमी ।
अग्निश्च सोमश्च=अग्नीसोमौ ।

रामश्च लक्ष्मणश्च भरतश्च=रामलक्ष्मणभरताः ।
धर्मश्च अर्थश्च कामश्च मोक्षश्च=धर्मार्थकाममोक्षाः।
कन्दश्च मूलञ्च फलञ्च= कन्दमूलफलानि ।
हरिश्च हरश्च=हरिहरौ ।
सूर्यश्च चन्द्रमाश्च=सूर्याचन्द्रमसौ ।
होता च पोता च=होतापोतारौ ।
जाया च पतिश्च=जायापती,दम्पती, जम्पती ।
अग्निश्च वरुणश्च=अग्नीवरुणौ ।

समाहारद्वन्द्व

जिस समास में च शब्द से जुड़ी हुई संज्ञाएँ अपना पृथक् अर्थ रखने पर भी समूह अर्थ का बोध कराती हों, उसे समाहार द्वन्द्व कहते हैं । यथा—

आहारश्च निद्रा च भयञ्च=आहारनिद्राभयम् ।
गोधूमश्च चणकश्च=गोधूमचणकम् ।
पाणी च पादौ च=पाणिपादम् ।
गङ्गा च शोणश्च=गङ्गाशोणम् ।

१—"प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम्"

प्राणियों के अंग, तूर्य (वाद्य) के अंग और सेना के अङ्गवाची शब्दों का समाहार द्वन्द्व होता है । यथा—

करौ च चरणौ च=करचरणम् ।
नखाश्च दन्ताश्च=नखदन्तम् ।
पृष्ठञ्च उदरञ्च=पृष्ठोदरम् ।
कर्णश्च नासिका च=कणनासिकम् ।
दन्ताश्च ओष्ठौ च=दन्तोष्ठम् ।
} प्राणि-अंग

शङ्खश्च दुन्दुभिश्च=शङ्खदुन्दुभि ।
पणवश्च मृदङ्गश्च=पणवमृदंगम् ।
भेरी च पटहश्च=भेरीपटहम् ।
} तूर्याङ्ग

रथिकाश्च अश्वारोहाश्च=रथिकाश्वारोहम्
शराश्च तूणीराश्च=शरतूणीरम्
धनूंषि च शराश्च=धनुःशरम्
} सेनाङ्ग

२—"विशिष्टलिङ्गो नदीदेशोऽग्रामाः"

भिन्न-भिन्न लिङ्ग वाले नदीवाचक शब्दों का समाहार द्वन्द्व होता है । विभिन्न

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

लिङ्ग वाले देश और नगरके नामों का भी समाहार द्वन्द्व होता है । किन्तु ग्रामों का नहीं ।

गङ्गा च शोणश्च=गङ्गाशोणम् । ब्रह्मपुत्रश्च चन्द्रभागा च=ब्रह्मपुत्रचन्द्रभागम् ।
कुरवश्च कुरुक्षेत्रञ्च=कुरुकुरुक्षेत्रम् । मिथिला च मगधश्च=मिथिलामगधम् ।
मथुरा च पाटलिपुत्रश्च=मथुरापाटलिपुत्रम् ।

३—"येषां च विरोधः शाश्वतिकः"

जिन प्राणियों में परस्पर नित्य विरोध हो उनके वाचक बहुवचनान्त पदों का समाहार द्वन्द्व होता है । यथा—

अहयश्च नकुलाश्च=अहिनकुलम् । मार्जाराश्च मूषिकाश्च=मार्जारमूषिकम्
गावश्च महिष्यश्च=गोमहिषम् ।

४—"विभाषावृक्षमृगतृणधान्यव्यञ्जनपशुशकुन्यश्ववडवपूर्वापराधरोत्तराणाम्"

पशुवाचक, शकुनिवाचक, क्षुद्रजन्तुवाचक, फल, तृण और तरुवाची बहुवचनान्त शब्दों का विकल्प से समाहारद्वन्द्व होता है । यथा—

गावश्च महिषाश्च=गोमहिषम्, गोमहिषाः ।
वृकाश्च कुरङ्गाश्च=वृककुरङ्गम्, वृककुरङ्गाः ।
कोकिलाश्च मयूराश्च=कोकिलमयूरम्, कोकिलमयूराः ।
दंशाश्च मशकाश्च=दंशमशकम्, दंशमशकाः ।
मत्कुणाश्च पिपीलिकाश्च=मत्कुणपिपीलिकम्, मत्कुणपिपीलिकाः ।
कुशाश्च काशाश्च=कुशकाशम्, कुशकाशाः ।
अश्वत्थाश्च न्यग्रोधाश्च=अश्वत्थन्यग्रोधम्, अश्वत्थन्यग्रोधाः ।
बदराणि च आमलकानि च=बदरामलकम्, बदरामलकाः ।

५—"विप्रतिषिद्धं चानधिकरणवाचि"

परस्पर विरुद्ध पदार्थों में विकल्प से समाहार द्वन्द्व होता है । यथा—
शीतञ्च उष्णञ्च=शीतोष्णम्, शीतोष्णे ।
सुखं च दुःखं च=सुखदुःखम्, सुखदुःखे ।
आलोकश्च अन्धकारश्च=आलोकान्धकारम्, आलोकान्धकारौ ।

एकशेष

जिस समास में दो या अधिक शब्दों में से एक ही शेष रहे, उसे एकशेष द्वन्द्व कहते हैं । यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

ब्राह्मणी च ब्राह्मणश्च=ब्राह्मणौ । शूद्री च शूद्रश्च=शूद्रौ ।
घटश्च कलशश्च=घटौ, कलशौ वा । कुक्कुटश्च कक्कुटी च=कक्कुटौ ।
भ्राता च स्वसा च=भ्रातरौ । चटकश्च चटका च=चटकौ ।
वृक्षश्च वृक्षश्च वृक्षश्च=वृक्षाः । अहञ्च अहञ्च अहञ्च=वयम्

बहुव्रीहि

"अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः"

जिसमें अन्य पदार्थ की प्रधानता हो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं । अर्थात् जिन पदों में समास हुआ हो, उसमें से किसी पदार्थ की प्रधानता न रहे और तीसरा ही प्रतीयमान अर्थ प्रधान हो तो उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं ।

बहुव्रीहि समास के चार भेद हैं—

१—समानाधिकरण बहुव्रीहि २—व्यधिकरण बहुव्रीहि
३—सहार्थ बहुव्रीहि अथवा तुल्ययोगे बहुव्रीहि । ४—व्यतिहार बहुव्रीहि ।

समानाधिकरण बहुव्रीहि

समानाधिकरण बहुव्रीहि वह है, जिसके दोनों अथवा सभी पदों का समान अधिकरण हो अर्थात् वे प्रथमान्त हों । यथा—

प्राप्तमुदकं यं सः=प्राप्तोदको—ग्रामः ।
महान् आशयः यस्य सः=महाशयः—जिसका अभिप्राय महान् हो ।
दत्तं चित्तं येन सः=दत्तचित्तः ।
श्वेतं वसनं यस्य सः=श्वेतवसनः—श्वेतवस्त्रधारी ।
दत्तं धनं यस्मै सः=दत्तधनः ।
नीलः कण्ठः यस्य सः=नीलकण्ठः—शिव ।
निर्गतं धनं यस्मात् सः=निर्धनः ।
चक्रम् आयुधं यस्य सः=चक्रायुधः—विष्णु ।
नीलम् अम्बरं यस्य सः=नीलाम्बरः—बलदेव ।
लम्बौ कर्णौ यस्य सः=लम्बकर्णः ।
महत् बलम् यस्य सः=महाबलः—महान् बलवाला ।
लम्बम् उदरं यस्य सः=लम्बोदरः—गणेश ।

व्यधिकरण बहुव्रीहि

व्यधिकरण बहुव्रीहि वह है, जिसके दोनों या सभी पदों का समानाधिकरण न हो अर्थात् वे प्रथमान्त न होकर विभिन्न विभक्तियों में हों । यथा—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

असिः पाणौ यस्य सः=असिपाणिः ।
चक्रं पाणौ यस्य सः=चक्रपाणिः—विष्णु या कृष्ण ।
वज्रं पाणौ यस्य सः=वज्रपाणिः—इन्द्र ।
चन्द्रस्य कान्तिः इव कान्तिः यस्य सः—चन्द्रकान्तिः ।
पुस्तकं हस्ते यस्य सः=पुस्तकहस्तः ।

सहार्थ बहुव्रीहि

इसका दूसरा नाम तुल्ययोग बहुव्रीहि है। इसमें सह शब्द के साथ संज्ञा समास होता है। यथा—

भार्यया सह वर्तमानः=सभार्यः ।
पत्न्या सह वर्तमानः=सपत्नीकः ।
स्त्रिया सह वर्तमानः=सस्त्रीकः ।
सीतया सह वर्तमानः=ससीतः ।

हर्षेण सह वर्तमानं यथा स्यात्तथा=सहर्षम् ।
कुशलेन सह वर्तमानं यथा स्यात्तथा=सकुशलम् ।
आदरेण सह वर्तमानं यथा स्यात्तथा=सादरम् ।
क्रोधेन सह वर्तमानं यथा स्यात्तथा=सक्रोधम् ।

व्यतिहार बहुव्रीहि

युद्ध आदि में परस्पर किया जानेवाला व्यवहार व्यतिहार कहलाता है और ऐसे व्यतिहार में बहुव्रीहि समास होता है। यथा—

केशेषु केशेषु गृहीत्वा इदं युद्धं प्रवृत्तम्=केशाकेशि ।
दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृत्तम्=दण्डादण्डि ।
मुसलैश्च मुसलैश्च प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृत्तम्=मुसलामुसलि ।

कतिपय विशेष प्रयोग

रूपवती भार्या यस्य सः=रूपवद्भार्यः ।
वामोरूः भार्या, यस्य सः=वामोरूभार्यः ।
उदात्तं मनो यस्य सः=उदात्तमनस्कः, उदात्तमनाः वा ।
चित्राः गावो यस्य सः=चित्रगुः ।
बहवो दण्डिकाः यस्यां सा=बहुदण्डिका नगरी ।
व्याघ्रस्य पादौ इव पादौ यस्य सः=व्याघ्रपात् ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सिन्धूनां राजा=सिन्धुराजः ।

सुन्दरी वधूः यस्य सः=सुन्दरवधूकः पुरुषः ।

दिक् अम्बरं यस्य सः=दिगम्बरः ।

दश ग्रीवाः यस्य सः=दशग्रीवः ।

हिरण्यमिव अक्षि यस्य सः=हिरण्याक्षः ।

न बलं यस्याः सा=अबला ।

विमलाः आपः यस्य तत्=विमलापम् ।

पुत्रेण सह वर्तमानः=सपुत्रः ।

निर्गतः कण्टकं यस्मात् सः=निष्कण्टकः ।

कुसुमम् आयुधं यस्य सः=कुसुमायुधः ।

परिवारेण सह वर्तमानः=सपरिवारः ।

सुशीला माता यस्य सः=सुशीलामातृकः, बालकः ।

कल्याणी प्रिया यस्य सः=कल्याणीप्रियः ।

दश मुखानि यस्य सः=दशमुखः ।

सुष्ठु मनो यस्य सः=सुमनाः ।

समानं गोत्रं यस्य सः=सगोत्रः ।

समानः वर्णः यस्य सः=सवर्णः ।

सुष्ठु गन्धो यस्य सः=सुगन्धिः ।

सिंहो वाहनं यस्याः सा=सिंहवाहिनी ।

निर्गता करुणा यस्मात् सः=निष्करुणः ।

राजीवं नयनं यस्य सः=राजीवनयनः ।

अनुशीलन

समास कीजिए—

आत्मनः जायते यः; विहायसा गच्छतीति; हंसानां राजा; निर्गतं फलं यस्मात्; सष्ठु जलं यस्य; नास्ति किञ्चन यस्य सः; द्वयोरह्नोः भवः, पञ्चानां अह्नां समाहारः; नास्ति कुतोऽपि भयं यस्य सः; कमलमिव कोमलः, पुरुषो व्याघ्र इव, चतुर्णां पदानां समाहारः; शुभा दृष्टिः; गां पाति; न सिद्धः; विदेशात् आगतः; क्रीडायां पटुः; नारदेन प्रोक्तं; अग्निना दग्धः; आचारेण श्लक्ष्णः; शक्तिमनतिक्रम्य; मद्राणां समृद्धिः; कष्टस्य अत्ययः; गङ्गायाः समीपम् ।

२ निम्नलिखित पदों का विग्रह कीजिए और समासों के नाम भी लिखिए ।

महाबलः, सफलः, नीरोगः, दिगम्बरः, पीताम्बरः, मयूरवाहनः; अनन्तरः; सपत्नीकः; निर्लज्जः; पञ्चपात्रम्; सुमनाः; कुपुत्रः; महानदी; चौरभयम्, सुखापेतः; कर्मकुशलः; पितरौ; हरिहरौ; शरतूणीरम्; शूलपाणिः; निर्दयः; काकबलिः; दानवीरः; द्विजराजः; यूपदारुः; अनुरूपम्; सचक्रम्; सहरि; उपकृष्णम्; गृहगतः; अहिदष्टः; गजराजः; दुष्कर्म ।

३ समास की परिभाषा लिखकर उनके भेदों को उदाहरण सहित समझाइये ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

४ द्वन्द्व और बहुव्रीहि समास के भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

५ कर्मधारय की परिभाषा लिखकर उसके प्रत्येक भेद के दो-दो उदाहरण लिखिए।

६ द्विगु समास विधायक सूत्र की व्याख्या कीजिए।

७ विशालवृक्षः; महापुरुषः; नीलोत्पलम्; प्रियसखः, नरसिंहः और सिंहासनम् में विग्रह दिखलाकर समास नाम लिखिए।

८ कर्मधारय और बहुव्रीहि समास में भेद लिखिए।

९ व्यतिहार बहुव्रीहि को समझाइये।

१० अलुक् समास के पाँच उदाहरण लिखिए।

११ नञ् तत्पुरुष की परिभाषा सोदाहरण समझाइये।

—:०:—

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

षष्ठोऽध्यायः

तद्धित प्रत्यय

जिन प्रत्ययों के योग से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण से अन्य प्रकार की संज्ञाएँ, सार्वनामिक विशेषण अथवा विशेषण बनाये जाते हैं, वे प्रत्यय तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं। तद्धित प्रत्यय प्रातिपदिकों में ही जोड़े जाते हैं, धातुओं में नहीं। यथा—

दितेः अपत्यं पुमान्=दैत्यः—दिति + ण्य।

अदितेः अपत्यं पुमान्=आदित्यः—अदिति + ण्यण्।

कषायेण रक्तम्=काषायम् वस्त्रम्—कषाय + अण्।

तद्धित प्रत्यय लगाते समय निम्निलिखित नियमों को अवगत कर लेना आवश्यक है—

१–'तद्धितेष्वचामादेः'

जिन तद्धित प्रत्ययों में ञ् और ण् की इत्संज्ञा होती है, उन प्रत्ययों को जोड़ते समय आदि स्वर की वृद्धि हो जाती है। वृद्धि में अ के स्थान पर 'आ'; इ-ई के स्थान पर 'ऐ'; उ-ऊ के स्थान पर 'औ' और ऋ के स्थान पर 'आर्' आदेश होता है। यथा–

दिति+ण्य=दिति+य (ण् की इत्संज्ञा और इत्संज्ञक का लोप)=दिति+य—यहाँ द् में इ स्वर है, इ की वृद्धि करने पर 'ऐ' आदेश किया, अतः दैत्यः रूप बना ('ति' में रहने वाले इकार का लोप हुआ है)।

२—क् के इत् होने पर भी आदि स्वर की वृद्धि होती है। यथा—

वर्षा + ठक्=व् + अ + र्षा + ठक्। (ठक् प्रत्यय के क् का लोप किया और 'ठ' के स्थान पर 'इक' आदेश; अतः वृद्धि होने पर 'वार्षिकः' रूप बनता है।

३—स्वर अथवा य से आरम्भ होने वाले प्रत्ययों के पूर्व शब्दों के अन्तिम स्वर में विकार उत्पन्न होता है अर्थात् अ आ इ ई का तो लोप हो जाता है; उ ऊ के स्थान पर गुण (ओ) हो जाता है और औ के स्थान पर सन्धि हो जाती है।

४—नकारान्त शब्दों के आगे व्यञ्जन से प्रारम्भ होने वाले प्रत्यय जोड़ने पर प्रायः 'अन्' भाग का लोप हो जाता है। यथा—

राजन् + वुञ (अक)=राज् + अक=राजकम्।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

५—'ठस्येकः'

प्रत्यय में आए हुए 'ठ' के स्थान पर 'इक' होता है।

६—'युवोरनाकौ'

प्रत्यय के यु, वु के स्थान पर अन और अक हो जाते हैं। यथा—

ल्युट्=यु (अन्); वुञ्=वु (अक)।

७—'आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्'

प्रत्यय के आदि में आये हुए फ, ढ, ख, छ, घ के स्थान पर क्रमशः आयन्, एय, ईन, ईय, इय हो जाते हैं।

फ=आय; ढ=एय; ख=ईन; छ=ईय; घ=इय।

८—प्रत्यय के अन्त में आया हुआ हल् वर्ण इत्संज्ञक होता है और यह केवल वृद्धि या गुण आदि को सूचित करता है।

१ अण्

अपत्य, भाव, देवता, समूह, सम्बन्ध, भव, ईश्वर, रक्त इत्यादि अर्थों में अण् प्रत्यय होता है।

अपत्य-अर्थ

१-'तस्यापत्यम्'

अपत्य अर्थ में अण् होता है। यथा—

वसुदेवस्य अपत्यम्=वासुदेवः, वसुदेव+अण्=वसुदेव+अ=वासुदेवः।
मनोः अपत्यम्=मानवः, मनु+अण्=मनु+अ=मानवः
सुमित्रायाः अपत्यम्=सौमित्रः; सुमित्रा+अण्=सौमित्रः।
दुहितुः अपत्यम्=दौहित्र; दुहितृ+अण्=दौहित्रः।
यदोः अपत्यम्=यादवः; यदु+अण्=यादवः।
बन्धोः अपत्यम्=बान्धवः; बन्धु+अण्=बान्धवः।
कुरोः अपत्यम्=कौरवः; कुरु + अण्=कौरवः।
शिवस्य अपत्यं पुमान्=शैवः; शिव+अण्=शैवः।
पुत्रस्य अपत्यं पुमान्=पौत्रः; पुत्र+अण्=पौत्रः।
वशिष्ठस्य अपत्यं पुमान्=वाशिष्ठः; वशिष्ठ=अण्=वाशिष्ठः।
धृतराष्ट्रस्य अपत्यं पुमान्=धार्तराष्ट्रः; धृतराष्ट्र+अण्=धार्तराष्ट्रः।
भरद्वाजस्य अपत्यं पुमान्=भारद्वाजः; भरद्वाज+अण्=भारद्वाजः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कश्यपस्य अपत्यं पुमान्=काश्यपः; कश्यप+अण्=काश्यपः ।
ब्रह्मणः अपत्यं पुमान्=ब्राह्मणः; ब्रह्मन्+अण्=ब्राह्मणः ।
रघोः अपत्यं पुमान्=राघवः; रघु+अण्=राघवः ।
मधोः अपत्य पुमान्+माधवः; मधु+अण्=माधवः ।
पाण्डोः अपत्यं पुमान्=पाण्डवः; पाण्डु+अण्=पाण्डवः ।
मनुष्यस्य अपत्यं पुमान्=मानुषः; मनुष्य+अण्=मानुषः ।
कन्यायाः अपत्यं पुमान्=कानीनः; कन्या+अण् + कानीनः ।
द्वयोः मात्रोः अपत्यं पुमान्=द्वैमातुरः; द्विमातृ+अण्=द्वैमातुरः ।
षण्णां मातॄणामपत्यं पुमान्=षाण्मातुरः; षट्मातृ+अण्=षाण्मातुरः ।

भाव अर्थ

पृथु, मृदु, पटु, तनु, लघु, गुरु, बहु, साधु, आशु, उरु, बहुल, खण्ड, दण्ड, चण्ड, अकिञ्चन, वृष, क्षुद्र, ऋजु आदि शब्दों से भाव अर्थ में—भाव वाचक संज्ञा बनाने के लिए विकल्प से अण् प्रत्यय होता है । यथा—

लघोः भावः=लाघवम् ; लघु+अण्=लाघवम् ।
मृदोः भावः=मार्दवम् ; मृदु+अण्=मार्दवम् ।
गुरोः भावः=गौरवम् ; गुरु+अण्=गौरवम् ।
सुहृदः भावः=सौहृदम्; सुहृद्+अण्=सौहृदम् ।
यूनः भावः=यौवनम् ; युवन्+अण्=यौवनम् ।

देवतार्थ

'सास्य देवता'

यह इसका देवता है, अर्थ में अण् प्रत्यय होता है । यथा—

शिवः देवता अस्य=शैवः: शिव+अण्=शैवः ।
विष्णुः देवता अस्य=वैष्णवः; विष्णु+अण् वैष्णवः ।
शक्तिः देवता अस्य=शाक्तः; शक्ति + अण्=शाक्तः ।
वायुः देवता अस्य=वायव्यः; वायु+अण्=वायव्यः ।
जिनः देवता अस्य=जैनः; जिन+अण्=जैनः
इन्द्रः देवता अस्य=ऐन्द्रः; इन्द्र + अण्=ऐन्द्रः ।
सरस्वती देवता अस्य=सारस्वतः; सरस्वती+अण्=सारस्वतः ।
पशुपतिः देवता अस्य=पाशुपतः; पशुपति+अण्=पाशुपतः ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

समूह अर्थ

'तस्य समूहः'

समूह अर्थ में अण् प्रत्यय होता है। यथा—

भिक्षूणां समूहः=भैक्षम्; भिक्षु + अण्=भैक्षम्।

शुकानां समूहः=शौकम्; शुक + अण्=शौकम्।

मयूराणां समूहः=मायूरम्; मयूर + अण्=मायूरम्।

बकानां समूहः=बाकम्; बक + अण्=बाकम्।

वृकानां समूहः=वार्कम्; वृक + अण्=वार्कम्।

कपोतानां समूहः=कापोतम्; कपोत + अण्=कापोतम्।

सम्बन्ध अर्थ

देवस्य अयम्=दैवः; देव + अण्=दैवः।

ग्रीष्मस्य अयम् इदम् वा=ग्रैष्मः, ग्रैष्मम्; ग्रीष्म+अण्=ग्रैष्मः, ग्रैष्मम्।

निशायाः अयम् इदं वा=नैशः; नैशम्; निशा+अण्=नैशः, नैशम्।

उपगोरिदम्=औपगवम्; उपगु + अण्=औपगवम्।

सूर्यस्य अयम्=सौरः; सूर्य + अण्=सौरः।

चन्द्रस्य अयम्=चान्द्रः; चन्द्र + अण्=चान्द्रः।

शरीरस्य इदम्=शारीरम्; शरीर + अण्=शारीरम्।

मनसः इदम्=मानसम्; मनस् + अण्=मानसम्।

श्रुतेः इदम्=श्रौतम्; श्रुति+अण्=श्रौतम्।

स्मृतेः इदम्=स्मार्तम्; स्मृति+अण्=स्मार्तम्।

भव अर्थ

शरदि भवः=शारदः; शरद् + अण्=शारदः।

मथुरायां भवः=माथुरः; मथुरा+अण्=माथुरः।

मिथिलायां भवः=मैथिलः; मिथिला+अण्=मैथिलः।

समुद्रे भवः=सामुद्रः; समुद्र+अण्=सामुद्रः।

मगधे भवः=मागधः; मगध+अण्=मागधः।

कान्यकुब्जे भवः=कान्यकुब्जः; कान्यकुब्ज+अण्=कान्यकुब्जः।

ईश्वर (स्वामी) अर्थ

सर्वभूमेः ईश्वरः=सार्वभौमः; सर्वभूमि+अण्=सार्वभौमः।

पृथिव्याः ईश्वरः=पार्थिवः; पृथिवी+अण्=पार्थिवः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

विकार अर्थ

सुवर्णस्य विकारः=सौवर्णः; सुवर्ण+अण्=सौवर्णः ।
पयसः विकारः=पायसः; पयस्+अण्=पायसः ।
तिलस्य विकारः=तैलः; तिल+अण्=तैलः ।
रजतस्य विकारः=राजतः; रजत+अण्=राजतः ।
गुडस्य विकारः=गौडः; गुड+अण्=गौडः ।

प्रोक्तम्—अर्थ

ऋषिणा प्रोक्तम्=आर्षम्; ऋषि+अण्=आर्षम् ।
मनुना प्रोक्तम्=मानवम्; मनु+अण्=मानवम् ।
विष्णुना प्रोक्तम्=वैष्णवम्; विष्णु+अण्=वैष्णवम् ।
पतञ्जलिना प्रोक्तम्=पातञ्जलम्; पतञ्जलि+अण्=पातञ्जलम् ।
कणादेन प्रोक्तम्=काणादम्; कणाद+अण्=काणादम् ।

अधीत—वेद अर्थ

व्याकरणम् अधीते वेत्ति वा=वैयाकरणः; व्याकरण+अण्=वैयाकरणः ।

रक्त अर्थ

कषायेण रक्तम्=काषायम्; कषाय+अण्=काषायम् ।
मञ्जिष्ठया रक्तम्=माञ्जिष्ठम्; मञ्जिष्ठा+अण्=माञ्जिष्ठम् ।
कुसुमेन रक्तम्=कौसुमम्; कुसुम+अण्=कौसुमम् ।

२ इञ्

'अत इञ्'

अपत्य अर्थ का बोध कराने के लिए अकारान्त शब्दों में षष्ठयन्त से 'इञ्' प्रत्यय होता है । यथा—

शूरस्य अपत्यम्=शौरिः = शूर + इञ्=शौरिः ।
दत्तस्य अपत्यम्=दात्तिः; दत्त+ इञ्=दात्तिः ।
दशरथस्य अपत्यं=दाशरथिः; दशरथ+इञ्-दाशरथिः ।
द्रोणस्य अपत्यं=द्रौणिः; द्रोण + इञ्=द्रौणिः ।
अर्जुनस्य अपत्यं=आर्जुनिः; अर्जुन+इञ्=आर्जुनिः
सुमित्रायाः अपत्यं=सौमित्रिः; सुमित्रा+इञ्= सौमित्रिः ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

विकर्णस्य अपत्यं=वैकर्णिः; विकर्ण+इञ्=वैकर्णिः ।
कृष्णस्य अपत्यं=कार्ष्णिः=कृष्ण+इञ् = कार्ष्णिः ।

३ इयसुन्

'द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ'

दो में से एक की अतिशय व्यवस्था में तरप् और ईयसुन् प्रत्यय होते हैं। अभिप्राय यह है कि गुणवाचक विशेषणों में से एक की अपेक्षा दूसरे का उत्कर्ष या अपकर्ष व्यक्त करने के लिए तरप् और ईयसुन् प्रत्यय होते हैं। 'तरप्' में से प् का लोप होने पर 'तर' अवशेष रहता है और अकारान्त बन जाता है। ईयसुन् में से 'उन्' का लोप होने पर 'ईयस्' प्रत्यय अवशिष्ट रहता है और यह सकारान्त हो जाता है। यथा—

अयमनयोरतिशयेन पटुः=पटुतरः; पटु+तरप्=पटुतरः ।
अयमनयोरतिशयेन पटुः=पटीयान्; पटु + ईयसुन्=पटु + ईयस् पटीयस्-पटीयान् ।
विशेषण होने के कारण उक्त प्रत्ययान्त रूप तीनों लिङ्गों में निम्न प्रकार होंगेः—

पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
पटीयान्, पटुतरः	पटीयसी	पटीयः ।
लघीयान्, लघुतरः	लघीयसी	लघीयः ।
प्रियतरः, प्रेयान्	प्रेयसी	प्रेय. ।
दीर्घतरः, द्राघीयान्	द्राघीयसी	द्राघीयः ।
गुरुतरः, गरीयान्	गरीयसी	गरीयः ।

४ इष्ठन्

'अतिशायने तमबिष्ठनौ'

अतिशय—विशिष्ट अर्थ की विवक्षा में तमप् और इष्ठन् प्रत्यय होते हैं। यथा—
अयमेषामतिशयेन पटुः=पटुतमः, पटिष्ठः; पटु + तमप्=पटुतमः; पटु+इष्ठन्=पटिष्ठः ।
अयमेषामतिशयेन लघुः=लघुतमः, लघिष्ठः; लघु+तमप्; लघु+इष्ठन् = लघुतमः; लघिष्ठः ।
अयमेषामतिशयेन गुरुः = गुरुतमः गरिष्ठः, गुरु + तमप्; गुरु + इष्ठन् ।
अयमेषामतिशयेन प्रियः = प्रियतमः; प्रेष्ठः; प्रिय+तमप्; प्रिय+इष्ठन् ।
अयमेषामतिशयेन दीर्घः = दीर्घतमः, द्राघिष्ठः, = दीर्घ+तमप्; दीर्घ+इष्ठन् ।
अयमेषामतिशयेन मृदुः=मृदुतमः, म्रदिष्ठः; मृदु+तमप्; मृदु+इष्ठन् ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अयमेषामतिशयेन दृढः = दृढतमः; द्रढिष्ठः; दृढ+तमप्; दृढ+इष्ठन् ।

अयमेषामतिशयेन कृशः = कृशतमः; क्रशिष्ठः; कृश+तमप्; कृश+इष्ठन् ।

उक्त प्रत्ययों से बने शब्द अकारान्त बन जाते हैं और तीनों लिङ्गों में उनके रूप क्रमशः देव, लता और फल के समान होते हैं। यथा—

पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
लघुतमः	लघुतमा	लघुतमम्
लघिष्ठः	लघिष्ठा	लघिष्ठम्
पटुतमः	पटुतमा	पटुतमम्
पटिष्ठः	पटिष्ठा	पटिष्ठम्
प्रियतमः	प्रियतमा	प्रियतमम्
प्रेष्ठः	प्रेष्ठा	प्रेष्ठम्
दृढतमः	दृढतमा	दृढतमम्
द्रढिष्ठः	द्रढिष्ठा	द्रढिष्ठम्

विशेषण प्रसंग में ईयसुन् और इष्ठन् प्रत्ययों से निष्पन्न शब्दों को दिया जा चुका है, अतः वहाँ से अवगत कर लेना चाहिए।

५ यत्

अपत्य, विकार, हित, भाव और तदर्हति अर्थ में यत् (य) प्रत्यय होता है।

अपत्यार्थ

राज्ञः अपत्यं पुमान्=राजन्यः; राजन्+यत्=राजन्यः (राजपूत)

मनोरपत्यं पुमान्=मनुष्यः; मनु+यत्=मनुष्यः ।

विकारार्थ

गोः विकारः=गव्यम् ; गो+यत्=गव्यम् (दूध, दही, घृत, गोमूत्र और गोबर)।

नौः विकारः=नाव्यम् ; नौ+यत्=नाव्यम् (नाव खेने लायक समान)।

पयसः विकारः=पयस्यम् ; पयस्+यत्=पयस्यम् (दही, मक्खन, खोवा)।

हितार्थ

स्वर्गाय हितम्=स्वर्ग्यम् ; स्वर्ग+यत्=स्वर्ग्यम् (दानादि)।

आयुषे हितम्=आयुष्यम् ; आयुस्+यत्=आयुष्यम् (पौष्टिक पदार्थ)।

यशसे हितम्=यशस्यम्; यशस्+यत् = यशस्यम् (कीर्त्तिकर कार्य)

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

भाव-अर्थ

प्राचि भवम् = प्राच्यम्; प्राच्+यत् = प्राच्यम् ।
दिशि भवम् = दिश्यम्; दिश्+यत् = दिश्यम् ।
अन्ते भवम्=अन्त्यम्; अन्त+यत्=अन्त्यम् ।
आदौ भवम् = आद्यम्; आदि+यत् = आद्यम्; आद्यः ।
मूर्ध्नि भवः = मूर्धन्यः; मूर्धन्+यत् + मूर्धन्यः ।
तालुनि भवः = तालव्यः; तालु+यत् = तालव्यः ।
दिवि भवः = दिव्यः; दिव्+यत् = दिव्यः ।

'तदर्हति'

दण्डम् अर्हति = दण्ड्यः; दण्ड+यत् + दण्ड्यः ।
वधम् अर्हति = वध्यः; हन्+यत् = वध्यः ।
पूजाम् अर्हति = पूज्यः; पूज्+यत् = पूज्यः !
मृत्युम् अर्हति = मर्त्यः; मृत्यु+यत् = मर्त्यः ।

अन्य अर्थ

न्यायात् अनपेतम् = न्याय्यम्; न्याय+यत् = न्याय्यम् ।
धर्मात् अनपेतम् = धर्म्यम्; धर्म+यत् = धर्म्यम् ।
नावा तार्यम् = नाव्यम्; नाव+यत् = नाव्यम् (नाव से पार करने लायक पानी) ।

६ यक्

पत्यन्त और पुरोहित आदि शब्दों से भाव और कर्म में यक् प्रत्यय होता है ।

पत्यन्त—

सेनापतेर्भावः कर्म वा = सैनापत्यम्; सेनापति+यक् = सैनापत्यम् ।
गृहपतेर्भावः कर्म वा = गार्हपत्यम्; गृहपति+यक् = गार्हपत्यम् ।
प्रजापतेर्भावः कर्म वा = प्राजापत्यम्; प्रजापति+यक्=प्राजापत्यम् ।

पुरोहितादि—

पुरोहितस्य भावः कर्म वा = पौरोहित्यम्; पुरोहित+यक् = पौरोहित्यम् ।
राज्ञः भावः कर्म वा = राज्यम्; राज+यक् = राज्यम् ।
बालस्य भावः कर्म वा=बाल्यम्; बाल+यक्=बाल्यम् ।
मन्दस्य भावः कर्म वा=मान्द्यम्; मन्द+यक्=मान्द्यम् ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

धार्मिकस्य भावः कर्म वा=धार्मिक्यम् ; धार्मिक+यक्=धार्मिक्यम् ।
सारथेः भावः कर्म वा=सारथ्यम् ; सारथि+यक्=सारथ्यम् ।
आस्तिकस्य भावः कर्म वा=आस्तिक्यम् ; आस्तिक+यक्=आस्तिक्यम् ।
नास्तिकस्य भावः कर्म वा=नास्तिक्यम् ; नास्तिक+यक्=नास्तिक्यम् ।

७ च्वि

'कृभ्वस्तियोगेऽभूततद्भावे च्विः'

कृ, भू और अस् धातुओं के योग में अभूततद्भाव—जो वस्तु नहीं है, उसके होने के अर्थ में शब्द के उत्तर 'च्वि' प्रत्यय होता है। इस प्रत्यय का सर्वापहारी लोप हो जाता है। 'च्वि' प्रत्यय होने पर शब्द के अन्तःस्थित ह्रस्व का दीर्घ हो जाता है। यदि शब्द के अन्त में 'अ' रहे तो 'अ' का ई हो जाता है और अन्त में 'ऋ' के रहने पर 'री' हो जाता है। यथा—

अलघुं लघुङ्करोतीति=लघूकरोति ।   अलघुर्लघुर्भवतीति=लघूभवति ।
अशुक्लं शुक्लङ्करोतीति = शुक्लीकरोति । अशुद्धं शुद्धङ्करोतीति = शुद्धीकरोति ।
अपटुं पटुङ्करोतीति = पटूकरोति । अस्पष्टं स्पष्टङ्करोतीति = स्पष्टीकरोति ।
अकेन्द्रं केन्द्रङ्करोतीति = केन्द्रीकरोति । अश्रोतारं श्रोतारङ्करोतीति = श्रोत्रीकरोति ।

८-९ त्व और तल

'तस्य भावस्त्वतलौ'

भाव अर्थ में त्व, तल् (ता) और ष्यञ् (य) प्रत्यय होते हैं। त्व और ष्यञ् प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग और तल् प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं। यथा—

ईश्वरस्य भावः=ईश्वरत्वम्—ईश्वर+त्व; ईश्वरता—ईश्वर+तल्; ऐश्वर्यम्—ईश्वर+ष्यञ्
चपलस्य भावः=चपलत्वम्—चपल+त्व; चपलता—चपल+तल् ; चापल्यम्—चपल+ष्यञ् ।
दूतस्य भावः= दूतत्वम्-दूत+त्व; दूतता—दूत+तल्; दौत्यम्-दूत+ष्यञ् ।
प्रवीणस्य भावः=प्रवीणत्वम्—प्रवीण+त्व; प्रवीणता—प्रवीण+तल्; प्रावीण्यम्—प्रवीण+ष्यञ् ।
न्यूनस्य भावः = न्यूनत्वम्—न्यून+त्व; न्यूनता—न्यून+तल्; न्यौन्यम्—न्यून+ष्यञ् ।
कुमारस्य भावः=कुमारत्वम्—कुमार+त्व; कुमारता—कुमार+तल्; कौमार्यम्—कुमार+ष्यञ् ।
मूर्खस्य भावः=मूर्खत्वम्+मूर्ख+त्व; मूर्खता—मूर्ख+तल् ; मौर्ख्यम्—मूर्ख+ष्यञ् ।
मित्रस्य भावः=मित्रत्वम्—मित्र+त्व; मित्रता—मित्र+तल्; मैत्र्यम्—मित्र+ष्यञ् ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शूरस्य भावः=शूरत्वम्–शूर+त्व; शूरता–शूर+तल्; शौर्यम्–शूर+ष्यञ्।
वीरस्य भावः=वीरत्वम्–वीर+त्व; वीरता–वीर+तल्; वीर्य्यम्–वीर+ष्यञ्।
पण्डितस्य भावः=पण्डितत्वम्; पण्डितता–पण्डित+तल्; पाण्डित्यम्–पण्डित+ष्यञ्।
गुरोः भावः=गुरुत्वम्–गुरु + त्व; गुरुता–गुरु + तल्।
लघोः भावः=लघुत्वम्–लघु + त्व; लघुता—लघु + तल्।
पटोः भावः=पटुत्वम्–पटु+त्व; पटुता–पटु+तल्।

'ग्रामजनबन्धुभ्यस्तल्'

ग्राम, जन और बन्धु शब्दों से समूह अर्थ में तल् (ता) प्रत्यय होता है। यथा—
ग्रामाणां समूहः=ग्रामता; ग्राम+तल् (ता)=ग्रामता।
जनानां समूहः=जनता; जन+तल् (ता)=जनता।
बन्धूनां समूहः=बन्धुता; बन्धु+तल् (ता)=बन्धुता।
गजानां समूहः=गजता; गज+तल् (ता)=गजता।
सहायानां समूहः=सहायता; सहाय+तल् (ता)=सहायता।
निपुणस्य भावः=निपुणता; निपुण+तल् (ता)=निपुणता।
चतुरस्य भावः=चतुरता; चतुर + तल् (ता)=चतुरता।

१० मतुप्

'तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्'

'वह वस्तु इसकी है' और 'वह वस्तु इसमें है' इन अर्थों में मतुप् (मत) प्रत्यय होता है।

बुद्धिः अस्येति=बुद्धिमान्; बुद्धि+मतुप्=बुद्धिमत्=बुद्धिमान्।
धीः अस्येति=धीमान्; धी+मतुप्=धीमान्।
श्रीः अस्य अस्ति=श्रीमान्; श्री+मतुप्=श्रीमान्।
अंशवः अस्य सन्ति=अंशुमान्—अंशु+मतुप्=अंशुमान्।
गावः अस्य सन्ति=गोमान्; गो+मतुप्=गोमान्।
भानुमान् भानु + मतुप्=भानुमान्।
पितृमान्=पितृ + मतुप्=पितृमान्।
अश्रुमान्=अश्रु + मतुप्=अश्रुमान्।

अपवाद

लक्ष्मी+वतुप्=लक्ष्मीवान्।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

विशेष—

इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त, ऊकारान्त तथा ऋकारान्त शब्दों के उत्तर 'मतुप्' (मत्) तथा अकारान्त और आकारान्त शब्दों के उत्तर वतुप् प्रत्यय (वत्—वान्) लगता है।

ज्ञानम् अस्य अस्ति=ज्ञानवान्; ज्ञान + वतुप्=ज्ञानवत्—वान्=ज्ञानवान्।

धनम् अस्य अस्ति=धनवान्; धन + वतुप्=धन + वत्—वान्=धनवान्।

विद्या अस्य अस्ति=विद्यावान्; विद्या + वतुप्=विद्या + वत्—वान्=विद्यावान्।

दया अस्य अस्ति=दयावान्; दया + वतुप्=दयावत्—वान्=दयावान्।

क्षमा अस्य अस्ति=क्षमावान्; क्षमा + वतुप्=क्षमा + वत्—वान्=क्षमावान्।

विद्युत् अस्य अस्ति=विद्युत्वान्; विद्युत् + वतुप्=विद्युत्वान्।

माया अस्य अस्ति=मायावान्; माया + वतुप्=मायावान्।

रूपम् अस्य अस्ति=रूपवान्; रूप + वतुप्=रूपवान्।

करुणा अस्य अस्ति=करुणावान्=करुणा + वतुप्=करुणावान्।

प्रतिभा अस्य अस्ति=प्रतिभावान्—प्रतिभा + वतुप्=प्रतिभावान्।

स्त्रीलिङ्ग में—

करुणा अस्याः अस्ति=करुणावती—करुणा + वतुप्=करुणावत् + ङीप्=करुणावती।

धनवती—धन + वतुप् + ङीप्=धनवती।

बलवती=बल + वतुप् + ङीप्=बलवती।

रूपवती=रूप + वतुप् + ङीप्=रूपवती।

ज्ञानवती=ज्ञान + वतुप् + ङीप्=ज्ञानवती।

दयावती=दया + वतुप् + ङीप्=दयावती।

विद्यावती=विद्या + वतुप् + ङीप्=विद्यावती।

११ छ

अपत्य, सम्बन्ध और प्रोक्त अर्थों में संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के बाद छ प्रत्यय जोड़ा जाता है। 'छ' के स्थान पर 'ईय' आदेश होता है। यथा—

अपत्य अर्थ में

स्वसुः अपत्यं पुमान्=स्वस्रीयः; स्वसृ+छ=स्वसृ+ईय=स्वस्रीयः।

भ्रातुः अपत्यं पुमान्=भ्रात्रीयः; भ्रातृ+छ=भ्रात्रीयः (भतीजा)

सम्बन्ध अर्थ

भवतः अयम्=भवदीयः–भवत्+छ (ईय)=भवदीयः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अस्माकम् अयम्=अस्मदीयः–अस्मद्+छ (ईय)=अस्मदीयः ।

युष्माकम् अयम्=युष्मदीयः–युष्मद्+छ (ईय)=युष्मदीयः ।

तस्य अयम्=तदीयः–तद्+छ (ईय)=तदीयः ।

तीनों लिङ्गों की रूपावली—

पुंलिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
अस्मदीयः	अस्मदीया	अस्मदीयम्
मदीयः	मदीया	मदीयम्
त्वदीयः	त्वदीया	त्वदीयम्
यदीयः	यदीया	यदीयम्

भवतः अयम्=भवदीयः–भवत्+छ (ईय)=भवदीयः

भवतः इदम्=भवदीयम्–भवत्+छ (ईय) भवदीयम् ।

भवतः इयम्=भवदीया;–भवत्+छ (ईय्)+टाप=भवदीया । तस्य अयम्=तदीयः तस्य इदम्=तदीयम् ; तस्य इयम्=तदीया–तत्+छ ।

भारतस्य अयम्=भारतीयः, भारतस्य इदम्=भारतीयम् ; भारतस्य इयम्=भारतीया–भारत+छ (ईय) ।

प्रोक्त अर्थ

पाणिनिना प्रोक्तम्=पाणिनीयम्, पाणिनि+छ (ईय)=पाणिनीयम् ।

वाल्मीकिना प्रोक्तम्=वाल्मीकीयम्–वाल्मीकि+छ (ईय)=वाल्मीकीयम् ।

नारदेन प्रोक्तम्=नारदीयम्–नारद + छ (ईय) ।

मनुना प्रोक्तम्=मानवीयम्–मनु+छ (ईय) ।

१२ मयट्

विकार अर्थ में मयट् प्रत्यय जोड़ा जाता है । यथा—

मृदो मृत्तिकायाः वा विकारः=मृण्मयः–मृत्तिका+मयट् ।

अश्मनो विकारः=अश्ममयम्–अश्मन्+मयट् ।

बालुकायाः विकारः=बालुकामयः–बालुका+मयट् ।

स्वर्णस्य विकारोऽवयवो वा=स्वर्णमयः—स्वर्ण+मयट् ।

रौप्यस्य विकारोऽवयवो वा=रौप्यमयः—रूप+मयट् ।

हिरण्यस्य विकारोऽवयवो वा=हिरण्मयः—हिरण्य+मयट् ।

स्त्रीलिङ्ग में—

मृण्मयी, बालुकामयी, रौप्यमयी, हिरण्मयी ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रचुरता अर्थ

मङ्गलस्य प्रचुरता=मङ्गलमयः—मङ्गल=मयट्। मङ्गलमयी, मङ्गलमयम्—विशेष्य के अनुरूप रूप बनेंगे।

धूमस्य प्रचुरता=धूममयः—धूम+मयट्।

जलस्य प्रचुरता=जलमयः—जल+मयट्।

जलमयी, जलमयम्, धूममयी, धूममयम् आदि विशेष्य के अनुरूप होंगे।

अवयव अर्थ में

काष्ठम् अवयवः यस्य=काष्ठमयः; काष्ठम् अवयवः यस्याः=काष्ठमयी—काष्ठ+मयट्।

प्रस्तरम् अवयवः यस्य=प्रस्तरमयः—प्रस्तर+मयट्।

शिला अवयवः यस्य=शिलामयः—शिला+मयट्।

सूत्रमयम्—सूत्र+मयट्।

व्याप्ति अर्थ

ब्रह्मणा व्याप्तम्=ब्रह्ममयम्—ब्रह्म+मयट्।

ईश्वरेण व्याप्तम्=ईश्वरमयम्—ईश्वर+मयट्।

वाचां स्वरूपम्=वाङ्मयम्—वाक्+मयट्।

चित् स्वरूपम् = चिन्मयम्—चित्+मयट्।

आनन्दस्य स्वरूपम्=आनन्दमयम्—आनन्द+मयट्।

१३ वति

'तेन तुल्यं क्रिया चेत् वतिः'

सादृश्य वाचक शब्दों के बाद वति (वत्) प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा—

समुद्र इव=समुद्रवत्—समुद्र+वति (वत्)।

नदी इव=नदीवत्—नदी+वति (वत्)।

पुत्रेण तुल्यम्=पुत्रवत्—पुत्र+वति (वत्)।

मूर्खेण तुल्यम् = मूर्खवत्—मूर्ख+वति (वत्)।

पित्रा तुल्यम् = पितृवत्—पितृ+वति (वत्)।

गुरुणा तुल्यम् = गुरुवत्—गुरु+वति (वत्)।

हिमम् इव शीतलम् = हिमवत्—हिम+वति (वत्)

गृहम् इव=गृहवत्—गृह+वति (वत्)

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

१४ इमनिच् (इमन्)

'पृथ्वादिभ्यः इमनिच्'

भाव अर्थ में पृथु आदि शब्दों से त्व, तल (ता) तथा इमनिच् (इमन्) प्रत्यय होते हैं। यथा—

पृथोः भावः=प्रथिमा–पृथु+इमनिच् (इमन्)।
लघोः भावः=लघिमा–लघु+इमनिच् (इमन्)।
पीतस्य भावः = पीतिमा–पीत+इमनिच् (इमन्)।
गुरोः भावः=गरिमा–गुरु+इमनिच् (इमन्)
रक्तस्य भावः=रक्तिमा–रक्त+इमनिच् (इमन्)।
शुक्लस्य भावः=शुक्लिमा–शुक्ल+इमनिच् (इमन्)।
उष्णस्य भावः=उष्णिमा–उष्ण+इमनिच् (इमन्)।
अणोः भावः=अणिमा–अणु+इमनिच् (इमन्)।
दीर्घस्य भावः=द्राघिमा–दीर्घ+इमनिच् (इमन्)।
महतः भावः=महिमा–महत्+इमनिच् (इमन्)।
प्रियस्य भावः=प्रेमा–प्रिय+इमनिच् (इमन्)।
नीलस्य भावः=नीलिमा–नील+इमनिच् (इमन्)।
तनोर्भावः= तनिमा–तनु+इमनिच् (इमन्)।
बहोर्भावः=भूमा–बहु+इमनिच् (इमन्)।
ह्रस्वस्य भावः=ह्रसिमा–ह्रस्व+इमनिच् (इमन्)।

१५ मात्रच्

'प्रमाणपरिमाणाभ्यां संख्यायाश्चापि संशये मात्रज्वक्तव्यः'

कृशस्य भावः=क्रशिमा—कृश+इमनिच् (इमन्)।

मात्रच् प्रत्यय लगाकर प्रमाण, परिमाण और संख्या का संशय हटाकर निश्चय स्थापित किया जाता है। यथा—

शमः प्रमाणम्=शममात्रम्–शम+मात्रच् (मात्र)
सेरः प्रमाणम्=सेरमात्रम्–सेर+मात्रच् (मात्र)
पञ्च प्रमाणम्=पञ्चमात्रम्–पञ्च+मात्रच् (मात्र)
हस्तः प्रमाणमस्य=हस्तमात्रम्–हस्त+मात्रच् (मात्र)
जानु प्रमाणमस्य=जानुमात्रम्–जानु+मात्रच् (मात्र)
उरुः प्रमाणमस्य=उरुमात्रम्–उरु+मात्रच् (मात्र)

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वितस्तिः प्रमाणमस्य=वितस्तिमात्रम्–वितस्ति+मात्रच् (मात्र)
तालः प्रमाणमस्य=तालमात्रम्–ताल+मात्रच् (मात्र)
गजः प्रमाणमस्य–गजमात्रम्–गज+मात्रच् (मात्र)
पुरुषः प्रमाणमस्य=पुरुषमात्रम्–पुरुष+मात्रच् ।

१६ तीय

'द्वेस्तीयः'

'पूरण' अर्थ में द्वि और त्रि शब्द से तीय प्रत्यय होता है । यथा—
द्वयोः पूरणः=द्वितीयः—द्वि+तीय ।
त्रयाणां पूरणः=तृतीयः–त्रि+तीय ।

१७ इनि (इन्)

एकाधिक स्वर विशिष्ट अवर्णान्त शब्दों से परे इन् प्रत्यय होता है । इसके रूप 'गुणिन्' के समान होते हैं । स्त्रीलिङ्ग में 'इ' प्रत्यय जोड़कर गुणिनी रूप बनता है और नदी शब्द के समान रूप चलते हैं ।

धनम् अस्य अस्ति=धनी–धन+इनि (इन्)=धनिन्–धनी ।
बलमस्य अस्ति=बली–बल+इनि (इन्)=बलिन्–बली ।
ज्ञानमस्य अस्ति=ज्ञानी–ज्ञान+इनि (इन्) ज्ञानिन्–ज्ञानी ।
साहसमस्य अस्ति=साहसी—साहस+इनि (इन्) साहसिन्—साहसी ।
माया अस्य अस्ति=मायी—माया+इनि (इन्) मायिन्—मायी ।
विवेकमस्य अस्ति=विवेकी—विवेक+इनि (इन्) विवेकिन्—विवेकी ।
सुखमस्य अस्ति=सुखी—सुख+इनि (इन्) सुखिन्—सुखी ।
दुःखमस्य अस्ति=दुःखी—दुःख+इनि (इन्) दुःखिन्—दुःखी ।
प्रणयमस्य अस्ति=प्रणयी—प्रणय+इनि (इन्) प्रणयिन्—प्रणयी ।
विद्या अर्थमस्य अस्ति=विद्यार्थी—विद्यार्थ+इनि (इन्) विद्यार्थिन्—विद्यार्थी ।
धनम् अर्थमस्य अस्ति=धनार्थी—धनार्थ+इनि (इन्) धनार्थिन—धनार्थी ।

१८ तसिल्

'पञ्चम्यास्तसिल् वा'

पञ्चमी विभक्ति के स्थान में विकल्प से तसिल् (तस्) प्रत्यय होता है । यथा—
कस्मात्=कुतः—किम्+तसिल् (तस्) ।
नगरात्=नगरतः—नगर+तसिल् (तस्)=नगरतस्=नगरतः ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

ग्रामात्=ग्रामतः—ग्राम+तसिल् (तस्)=ग्रामतस्=ग्रामतः ।
भवनात्=भवनतः—भवन+तसिल् (तस्) ।
ग्रीष्मात्=ग्रीष्मतः—ग्रीष्म+तसिल् (तस) ।
उभयस्मात्=उभयतः—उभय+तसिल् (तस्) ।
सर्वस्मात्=सर्वतः—सर्व+तसिल् (तस्) ।
एकस्मात्=एकतः—एक+तसिल् (तस्) ।
अन्यस्मात्=अन्यतः—अन्य+तसिल् (तस्) ।
पूर्वस्मात्=पूर्वतः—पूर्व+तसिल् (तस्) ।
परस्मात्=परतः—पर+तसिल् (तस्) ।
उत्तरस्मात्=उत्तरतः—उत्तर+तसिल् (तस्) ।

'सप्तम्यास्तसिल्'

सप्तमी विभक्ति के स्थान में विकल्प से तसिल् (तस्) प्रत्यय होता है । यथा—

पृष्ठे=पृष्ठतः—पृष्ठ+तसिल् (तस्)=पृष्ठतः ।
मध्ये=मध्यतः—मध्य+तसिल् (तस्) ।
पार्श्वयोः=पार्श्वतः—पार्श्व+तसिल् (तस्) ।
सर्वस्मिन्=सर्वतः—सर्व+तसिल् (तस्) ।
उत्तरस्मिन्=उत्तरतः—उत्तर+तसिल् (तस्) ।
पूर्वस्मिन्=पूर्वतः—पूर्व+तसिल् (तस्) ।
अग्रे=अग्रतः—अग्र+तसिल् (तस्) ।
आदौ=आदितः—आदि+तसिल् (तस्) ।

'पर्यभिभ्याञ्च'

परि और अभि उपसर्ग से भी तसिल् (तस्) प्रत्यय होता है । यथा—

परितः—परि+तसिल् (तस्) ।
अभितः—अभि+तसिल् (तस्) ।
यस्मात्=यतः—यद्+तसिल् (तस्) ।
एतस्मात्=अतः—एतद्+तसिल् (तस्) ।
तस्मात्=ततः—तद्+तसिल् (तस्) ।
कस्मात्=कुतः—किम्+तसिल् (तस्) ।
अस्मात्=अतः—इदम् + तसिल् (तस्) ।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

१९ त्रल्

सर्व, अन्य, तद्, किम् और बहु आदि शब्दों के उत्तर सप्तमी विभक्ति के अर्थ में 'त्रल्' प्रत्यय होता है। यथा—

सर्वस्मिन् स्थाने=सर्वत्र—सर्व+त्रल् (त्र)।
अन्यस्मिन् स्थाने=अन्यत्र—अन्य+त्रल् (त्र)।
यस्मिन् स्थाने=यत्र—यद्+त्रल् (त्र)।
तस्मिन् स्थाने=तत्र—तद्+त्रल् (त्र)।
कस्मिन् स्थाने=कुत्र—किम्+त्रल् (त्र)।
बहुषु स्थानेषु=बहुत्र—बहु+त्रल् (त्र)।

२० दा

'एकसर्वनाम्नोः काले दा'

कालबोध के लिए सर्व, एक, अन्य, किम्, यद्, तद् आदि सर्वनाम शब्दों से 'दा' प्रत्यय होता है। यथा—

सर्वस्मिन् काले=सर्वदा—सर्व+दा।
एकस्मिन् काले=एकदा—एक+दा।
अन्यस्मिन् काले=अन्यदा- अन्य+दा।
कस्मिन् काले=कदा–किम्+दा।
यस्मिन् काले=यदा–यद्+दा।
तस्मिन् काले=तदा–तद्+दा।

२१ धाच् (धा)

'संख्यायाः विधार्थे धाच्'

